राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 02 सितम्बर 2025
वर्ष 06, अंक 326, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

शहीद वीर वीरा पासी चौक बदहाल,बाउंड्री वॉल टूटकर बिखर गई.....03

15 लाख कीमत के गांजा समेत पांच को किया गिरफ्तार....12

## सुप्रीम कोर्ट का बिहार एसआईआर पर बड़ा आदेश

**● 1 सितंबर के बाद भी वोटर लिस्ट में सुधार पर रोक नहीं।**

**प्रयागराज से ब्यूरो प्रयागराज।** बिहार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले में भारत के चुनाव आयोग ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि मसौदा मतदाता सूची के संबंध में दावे/आपत्तियां 1 सितंबर की समय-सीमा के बाद भी दायर की जा सकती हैं। नामांकन की अंतिम तिथि से पहले दायर किए गए ऐसे सभी दावों/आपत्तियों पर विचार किया जाएगा। इस दलील पर गौर करते हुए न्यायालय ने 1 सितंबर की समय-सीमा बढ़ाने का कोई आदेश नहीं दिया। जिन लोगों के नाम लिस्ट में नहीं है उनकी मदद के लिए वॉलंटियर्स नियुक्त होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों और हटाए गए मतदाताओं को दावे दायर करने में मदद के लिए पैरा लीगल वॉलंटियर्स नियुक्त किए हैं. सुप्रीम कोर्ट ने बिहार विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वह व्यक्तियों, दलों को दावे और आपत्तियां दर्ज करने में मदद करने के लिए पैरा लीगल वॉलेंटियर्स की नियुक्ति करे।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ राजद सांसद मनोज कुमार झा और बिहार के विधायक अख्तरुल ईमान सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा दायर आवेदनों पर विचार कर रहा था, जिनमें 1 सितंबर की समय सीमा बढ़ाने की मांग की गई। पिछले सप्ताह इस मामले को तत्काल सुनवाई के लिए भेजा गया, जब न्यायालय को बताया गया कि उसके पिछले आदेश से तीन सप्ताह पहले 80,000 दावे दायर किए गए। उसके बाद के सप्ताह में 95,000 दावे दायर किए गए।

पीठ ने चुनाव आयोग की दलील दर्ज की कि दावे/आपत्तियां समय-सीमा (1 सितंबर) के बाद भी प्रस्तुत की जा सकती हैं। सूची को अंतिम रूप दिए जाने के बाद उन पर विचार किया जाएगा। चुनाव आयोग ने कहा कि यह प्रक्रिया नामांकन की अंतिम तिथि तक जारी रहेगी और सभी प्रविष्टियाँ/छूट अंतिम सूची में शामिल कर ली जाएंगी, जिसे न्यायालय ने दर्ज कर लिया।

न्यायालय ने टिप्पणी की-÷समय विस्तार के संबंध में चुनाव आयोग द्वारा प्रस्तुत नोट में कहा गया कि 1 सितंबर के बाद दावे/आपत्ति या सुधार दाखिल करने पर रोक नहीं है। यह कहा गया कि दावे/आपत्ति/सुधार समय सीमा के बाद यानी 1 सितंबर के बाद भी प्रस्तुत किए जा सकते हैं। सूची को अंतिम रूप दिए जाने के बाद उन पर विचार किया जाएगा। यह प्रक्रिया नामांकन की अंतिम तिथि तक जारी रहेगी और सभी प्रविष्टियाँ/छूट अंतिम सूची में शामिल कर ली जाएंगी। इस दृष्टिकोण के आलोक में दावे/आपत्ति/सुधार दाखिल करने का काम जारी रखा जाए। इस बीच राजनीतिक दल/याचिकाकर्ता नोट के जवाब में अपने हलफनामे प्रस्तुत कर सकते हैं।"

न्यायालय ने बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष से अनुरोध किया कि वे कल (मंगलवार) दोपहर से पहले सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को अर्ध-विधिक स्वयंसेवकों को उनके नाम और मोबाइल नंबर सहित नियुक्त/अधिसूचित करने के निर्देश जारी करें, जो व्यक्तिगत मतदाताओं और राजनीतिक दलों को दावे, आपत्तियां या सुधार ऑनलाइन प्रस्तुत करने में सहायता करेंगे। इसके बाद प्रत्येक अर्ध-विधिक स्वयंसेवक संबंधित जिला जज को एक गोपनीय रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। न्यायालय ने आदेश दिया कि अर्ध-विधिक स्वयंसेवकों से एकत्रित की गई यह जानकारी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के स्तर पर एकत्रित की जा सकती है।



सुनवाई के दौरान, चुनाव आयोग की ओर से सीनियर एडवोकेट राकेश द्विवेदी ने दलील दी कि राजनीतिक दल मसौदा सूची से मतदाताओं के नाम हटाने की मांग कर रहे हैं, न कि उन्हें शामिल करने का दावा, जिसे उन्होंने "बहुत अजीब" बताया। राजद द्वारा समय-सीमा बढ़ाने की मांग के आवेदन के संबंध में द्विवेदी ने कहा कि उनकी एकमात्र शिकायत यह है कि उनके द्वारा दायर की गई आपत्तियां उनके नामों में नहीं दिखाई गईं। उन्होंने बताया कि 7.24 करोड़ मतदाताओं में से 99.5% ने अपने फॉर्म दाखिल कर दिए। 22 अगस्त को न्यायालय के आदेश के बाद ड्राफ्ट से बाहर किए गए 65 लाख मतदाताओं में से केवल 33,326 (व्यक्तिगत) और 25 दावे (पार्टियों के माध्यम से) ही शामिल किए जाने के लिए प्रस्तुत किए गए। उन्होंने आगे बताया कि 1,34,738 आपत्तियां बाहर किए जाने के लिए दायर की गईं।

वकील प्रशांत भूषण ने दलील दी कि चुनाव आयोग के अधिकारी अपने ही नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। एडवोकेट निज़ाम पाशा ने दावा किया कि बीएलओ फॉर्म स्वीकार करने से इनकार कर रहे हैं। राजद की ओर से सीनियर एडवोकेट शोएब आलम ने कहा कि न्यायालय द्वारा 22 अगस्त तक अपने आदेश के अनुसार आधार के उपयोग की अनुमति देने के बाद समय-सीमा से केवल नौ दिन पहले ही रह गए हैं। न्यायालय राजद सांसद मनोज कुमार झा और बिहार के विधायक अख्तरुल ईमान सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा दायर आवेदनों पर विचार कर रहा था, जिनमें 1 सितंबर की समय सीमा बढ़ाने की मांग की गई। पिछले सप्ताह इस मामले को तत्काल सुनवाई के लिए भेजा गया, जब न्यायालय को बताया गया कि उसके पिछले आदेश से तीन सप्ताह पहले 80,000 दावे दायर किए गए। उसके बाद के सप्ताह में 95,000 दावे दायर किए गए।

अपने पिछले आदेश में न्यायालय ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह लगभग 65 लाख बहिष्कृत मतदाताओं को अपने आधार कार्ड के साथ ऑनलाइन माध्यम से शामिल होने के लिए आवेदन जमा करने की अनुमति दे। मामले को 8 सितंबर के लिए स्थगित करते हुए न्यायालय ने उक्त अवसर पर पक्षकारों को मौखिक रूप से आश्वासन दिया कि समय सीमा बढ़ाने के अनुरोध पर बाद में विचार किया जा सकता है। इससे पहले, 14 अगस्त को न्यायालय ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट के साथ-साथ जिला निर्वाचन अधिकारियों की वेबसाइटों पर बहिष्कृत 65 लाख मतदाताओं के नाम, उनके बहिष्करण के कारणों सहित, प्रकाशित करे। यह जानकारी EPIC-खोज योग्य प्रारूप में प्रदर्शित की जानी थी।

## अमेरिकी कोर्ट का बड़ा फैसला, ट्रंप के अधिकांश टैरिफ को बताया अवैध

**● राष्ट्रपति बोले- ये फैसला तबाह करने वाला।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मनमाने तरीके से दुनिया के विभिन्न देशों पर भारी-भरकम टैरिफ थोप दिया है, जिनमें भारत भी शामिल है। अब अमेरिका की एक संघीय अदालत ने ट्रंप की राह में रोड़े अटका दिए हैं। यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स ने शुक्रवार को अपने फैसले में कहा कि ट्रंप ने देशों पर टैरिफ लगाने के लिए अपनी शक्तियों का सीमा से आगे बढ़कर इस्तेमाल किया। संघीय अदालत ने 7-4 के फैसले से ट्रंप के टैरिफ को गलत बताया और उस पर रोक लगाने का आदेश दिया। हालांकि ये आदेश तुरंत लागू नहीं होगा और अदालत ने ट्रंप प्रशासन को अक्तूबर तक सुप्रीम कोर्ट में अपील का समय दिया है, तब तक टैरिफ लागू रहेगा।

अमेरिका में संघीय अपील अदालतों में से एक ने फैसला सुनाया कि ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए अधिकांश टैरिफ कानूनों के अनुरूप नहीं हैं. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार (स्थानीय समय) को पुष्टि की कि देशों पर लगाए गए सभी टैरिफ प्रभावी रहेंगे. साथ ही हाल ही में एक अत्यधिक पक्षपातपूर्ण अपील न्यायालय के फैसले को गलत बताया।

ट्रंप ने कहा,'सभी टैरिफ अभी भी लागू हैं! आज एक बेहद पक्षपातपूर्ण अपील अदालत ने गलती से कहा कि हमारे टैरिफ हटा दिए जाने चाहिए, लेकिन वे जानते हैं कि अंत में जीत अमेरिका की ही होगी। अगर ये टैरिफ कभी हटा दिए गए तो यह देश के लिए पूरी तरह से विनाशकारी होगा.



यह हमें आर्थिक रूप से कमजोर बना देगा, और हमें मजबूत होना होगा।'

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति की यह टिप्पणी एक संघीय अपील अदालत द्वारा यह फैसला सुनाए जाने के बाद आई है कि अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम किसी राष्ट्रपति को टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं देता है. जैसा कि ट्रंप ने इस वर्ष की शुरुआत में कानून का इस्तेमाल किया था. संघीय सर्किट ने ट्रंप के टैरिफ के खिलाफ निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखते हुए यह बात कही।

सीएनएन के अनुसार न्यायाधीशों ने कहा कि ट्रम्प द्वारा लगाया गया अभूतपूर्व टैरिफ उनकी शक्ति का अतिक्रमण है क्योंकि टैरिफ सहित कर लगाने की क्षमता एक प्रमुख कांग्रेसी शक्ति है जो संविधान विधायी शाखा को प्रदान करता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि उनका देश अब बड़े व्यापार घाटे या अन्य देशों द्वारा लगाए गए अनुचित टैरिफ और गैर-टैरिफ व्यापार बाधाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा. उन्होंने आगे कहा, 'अगर इसे ऐसे ही रहने दिया गया तो यह फैसला सचमुच अमेरिका को तबाह कर देगा.'

व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को राष्ट्रपति के कदमों का बचाव किया. प्रवक्ता कुश देसाई ने कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप ने विदेशी खतरों से हमारी राष्ट्रीय और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए कांग्रेस द्वारा उन्हें दी गई टैरिफ शक्तियों का वैधानिक रूप से प्रयोग किया. राष्ट्रपति द्वारा लगाए गए टैरिफ अभी भी प्रभावी हैं और हम इस मामले में अंतिम जीत की आशा करते हैं।'

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल को अमेरिका के साथ महत्वपूर्ण व्यापार घाटे वाले लगभग साठ देशों या व्यापार समूहों पर नए टैरिफ की एक व्यापक श्रृंखला की घोषणा की. ये लगभग 100 वर्षों में अमेरिका द्वारा की गई सबसे बड़ी टैरिफ वृद्धि थी. उन्होंने इस अवसर को मुक्ति दिवस कहा।

इस बीच अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी जेफरीज की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका द्वारा लगाया गया 50 प्रतिशत का भारी शुल्क मुख्य रूप से भारत-पाकिस्तान विवाद में मध्यस्थता की अनुमति न दिए जाने पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यक्तिगत नाराजगी का परिणाम है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### धूमधाम से हुआ गणेश प्रतिमा का विसर्जन



**चुनार, मीरजापुर।** रविवार को नगर के सर्राफा बाजार में स्थापित भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम से जरगो नदी में किया गया। ढोल नगाड़े पर नाचते भक्त गणपति की जयकारे लगाते हुए विसर्जन करने पहुंचे। इस अवसर पर भगवान डूबल,सुजीत कुमार यादव,अंशु सेठ, राजेश जायसवाल, दीप चंद मोदनवाल, गौरी नाथ दीक्षित, कान्हा जायसवाल,विक्की रस्तोगी, प्रतीक राव वैद्य, कान्हा रस्तोगी, अमन सेठ, महेश सेठ, अंशु अग्रवाल, समर्थ वैद्य, उज्जवल सेठ सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे उपस्थित रहे।

### बिसवां में बरसात से नाले जाम,नगर पालिका की लापरवाही उजागर



**बिसवां** में हल्की बरसात ने ही नगर पालिका की पोल खोल दी है। बरसात के चलते शहर के नाले जाम हो गए हैं, जिससे जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गई। नगर पालिका की ओर से न तो कोई समुचित व्यवस्था की गई और न ही समय-समय पर निरीक्षण किया गया। नतीजा यह रहा कि थोड़ी सी बरसात में ही बिसवां की सड़कों पर पानी भर गया और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस अव्यवस्था का सबसे ज्यादा खामियाजा व्यापारियों और कामकाजी लोगों को उठाना पड़ा, जिन्हें आवागमन में काफी दिक्कतें आई।

## अध्यापक व लैब के अभाव से आया शिक्षा पर संकट

**● राजकीय आश्रम पद्धति बालिका इन्टर कालेज की सैकड़ों छात्रायें लगभग 65 किमी. पैदल चलने का संकल्प लेकर किया कूच**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

रमेश कुमार यादव/ अरुणदेव पाठक

**बलरामपुर।** पचपेड़वा विकास खण्ड अंतर्गत आश्रम पद्धति बालिका इन्टर कालेज विशनपुर विश्राम की लगभग सैकड़ो छात्रायें अध्यापक व लैब न होने से शिक्षा पर संकट को देखते हुये जिलाधिकारी कार्यालय की तरफ पैदल यात्रा प्रारम्भ कर दिया सोमवार दिनांक 01-09-2025 को अध्यापक व लैब की मांग कर रही थारू छात्राओं को अनेक लोगों ने समझाया कि 65 कि0मी0 पैदल यात्रा विना रुके चलने पर शाम हो जायेगा परन्तु साहसी बालिकाएं कुछ भी सुनने को तैयार नही थीं उनका कहना था कि परीक्षा सर पर है और यहाँ अध्यापक व लैब न होने से हमारी पढ़ाई लगभग बन्द पड़ी है साल खराब न हो इसके लिये मजबूर हो कर पद यात्रा करनी ही पड़ी। बीना डी एम से बात किये अब हम वापस नहीं होंगे छात्राओं के 9 किमी. चलने अर्थात नावडीह गांव के पास पहुँचते



पहँचते पचपेड़वा थाने की फोर्स व उनकी सूचना पर एसडीएम राकेश कुमार जैन नावाडीह पहुँच गये। वहीं एसडीएम ने जिला आधिकारी से बात किया विद्यालय की डायरेक्टर प्रियंका वर्मा से बात किया और तत्काल में समस्या दूर करने के आश्वासन पर काफी समझाने बुझाने पर मानी। छात्राओं के साथ एस डी एम ने भी राजकीय आश्रम पद्धति वालिका इंटर कालेज ( सी बी एस ई बोर्ड का हाल चाल जाना। मामले की गम्भीरता को देखते हुए जिलाधिकारी बलरामपुर पवन अग्रवाल ने सूचना विभाग द्वारा जारी किये गये प्रेस नोट में उल्लेख किया की राजकीय आश्रम पद्धति बालिका इन्टर कालेज विशुनपुर विश्राम में शिक्षकों की कमी को संज्ञान लेते हुये मुख्य मंत्री अभ्युदय निश्‍शुल्क कोचिंग योजना के तहत अध्यापको की अस्थाई नियुक्ति कर ली गयी गई है। और स्थाई नियुक्ति के लिए शासन से अनुमति मांगी गयी है।





राजकीय आश्रम पद्धति बालिका इंटर कालेज का कभी सामान चोरी होने तो कभी भोजन खान पान तथा कभी बाहरी व्यक्तिओं के प्रवेश को लेकर विवादों से पुराना नाता रहा है और अब अध्याप व लैब की कमी को लेकर उपजे ब?वाल में अधिकारियों ने सूझ बूझ लेते हुए मामले की शान्त कराया थारु नेता मनोहर लाल थारूने बताया कि अध्यापकों की तैनाती प्रयास नही है, लैब के अभाव में प्रयोगात्मक परीक्षाओ के बाधित होने की प्रबल सम्भावना है और इसकी भी व्यवस्था तत्काल होनी चाहिए।

### साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी के 12,00,000/- रूपये पीड़िता के खाते में वापस कराए गए



**ब्यूरो चीफ इंजीनियर।** क्राइम थाना पर पंजीकृत मु0अ0सं0-34/2024 धारा 319(2)/318(4) भा0न्या0सं0 व 66(सी)/66(डी) आ0ई0टी0 एक्ट में मुकदमा वादिनी से 27,00,000/- रूपये की साइबर ठगी की गयी थी। थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त मुकदमे में कार्यवाही करते हुए बैंक व अन्य ऑनलाइन पेमेन्ट प्लेटफार्म से सम्पर्क करते हुए आनलाइन धोखाधड़ी से निकाले गई 12,00,000/- रूपये होल्ड कर वादी के खाते में आज दिनांक-01.09.2025 को वापस कराया गया। उल्लेखनीय है कि मुकदमा वादिनी से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ऑनलाइन क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर 27,00,000/- रूपये साइबर ठगी कर लिया गया था, जिसके सम्बंध मे साइबर क्राइम थाना प्रयागराज पर मु0अ0सं0-34/2024 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था। खाते में पैसे वापस आने पर आवेदिका द्वारा कार्यालय उपस्थित होकर पुलिस उच्चाधिकारी व साइबर अपराध थाना टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद पत्र दिया गया।

## कहीं समिति बंद, कहीं सचिव नदारद तो कहीं खाद ही नहीं



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलरामपुर।** साधन सहकारी समितियों की लापरवाही से किसान परेशान हैं। कहीं समितियां बंद हैं, कहीं सचिव मौजूद नहीं हैं। कहीं खाद ही उपलब्ध नहीं है। मजबूर होकर किसानों को निजी दुकानों से महंगे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है। जरवा ब्लॉक क्षेत्र के सोनगढ़ा में सहकारी समिति बंद रही। ग्राम प्रधान विश्राम थारू ने समिति के अध्यक्ष, सचिव व अन्य सदस्यों के कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए जिला प्रशासन को पत्र लिखकर अब तक हुए वितरण और चयन प्रक्रिया की जानकारी मांगी है। ललिया थाना क्षेत्र की मथुरा बाजार सहकारी समिति में सचिव की अनुपस्थिति के कारण किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ा। सचिव रामकबीर यादव ने बताया कि वह सिंहपुर में खाद वितरण कर रहे हैं, कल मथुरा में किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाएगी।

हरैया सतघरवा के कोहड़ौरा समिति में खाद उपलब्ध न होने से किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय किसानों विनय कुमार, हृदयराम, राघवेंद्र मणि, अमिरका प्रसाद, राम सुमिरन व केशव राम ने बताया कि उन्हें मजबूरी में चौधरीडीह, मणिपुर, बरदौलिया और हरैया बाजार में प्राइवेट विक्रेताओं से 500 से 600 रुपये प्रति बोरी के हिसाब से यूरिया खरीदनी पड़ती है। किसानों का आरोप है कि कृषि विभाग के अधिकारी सब जानते हुए भी कार्रवाई नहीं करते। जिला कृषि अधिकारी उपेंद्र खरवार ने बताया कि कुछ जगह वितरण में परेशानी हुई है। जल्द ही सुचारु रूप से खाद वितरण कराया जाएगा।

### मांडा में पेड़ पर लटकता मिला युवक का शव!

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज के मांडा थाना क्षेत्र के कोषडा कला गांव में सुबह बस्ती से थोड़ी दूर पेड़ पर लटकता युवक का शव देखे जाने से ग्रामीणों में सनसनी फ़ैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव पीएम भेज मामले की जांच के जुटी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक,मांडा थाना क्षेत्र के कोषडा कला गांव निवासी अवधेश शर्मा (28) पुत्र सोहन लाल शर्मा बीती रात भोजन करके के बाद कमरे में सो गया। सोमवार की सुबह ग्रामीण शौच के लिए बस्ती से करीब 700 मीटर दूरी गए। ग्रामीणों ने पेड़ से लटकता अवधेश का शव देखा तो सनसनी फ़ैल गई। घटनास्थल पर जुटी।

## बारा तहसील में फर्जी हॉस्पिटल और मेडिकल स्टोरों का गोरखधंधा

**● कनक हॉस्पिटल सील होकर भी चालू, मरीजों की जिंदगी से हो रहा खिलवाड़ - प्रशासन की कार्यवाही पर उठे सवाल**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बारा प्रयागराज।** यमुना पार क्षेत्र के बारा तहसील में स्वास्थ्य सेवाओं पर काली साया मंडरा रही है जहां खुलेआम फर्जी मेडिकल स्टोर और फर्जी हॉस्पिटल चल रहे हैं जो मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। अभी कुछ दिन पूर्व प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए कनक हॉस्पिटल को सील कर दिया था लेकिन हैरानी की बात यह है कि आज भी वही हॉस्पिटल चालू है और मरीजों से पैसा वसूल रहा है, अब बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि जब यह हॉस्पिटल सील हुआ तो वह दोबारा किसके इशारे पर चालू हो गया और किसकी शह पर यहां पर यह गोरखधंधा फल-फूल रहा है। इसी अस्पताल के नाम से एक मेडिकल स्टोर भी संचालित हो रहा है जहां बिना लाइसेंस और बिना मानक के दवाइयां बेची जा रही हैं और वहां मरीजों की जिंदगी को खतरे में डालते हुए गलत दवाइयों का इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं बारा तहसील में अभयराज पैथोलॉजी नामक जांच केंद्र भी संचालित हो रहा है जिस पर लगातार सवाल उठ रहे हैं कि वहां बिना मान्यता और बिना उचित उपकरणों के जांच रिपोर्ट बनाई जाती है और गलत रिपोर्ट देकर मरीजों के स्वास्थ्य को गंभीर खतरे में डाला जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सब कार्यवाही प्रशासन की मिलीभगत के बिना संभव ही नहीं है क्योंकि एक बार जब कनक हॉस्पिटल को सील किया गया था तो उसके बाद दोबारा चालू होना सीधे-सीधे अधिकारियों पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। आखिरकार जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी प्रयागराज (CMO), औषधि निरीक्षक, तहसील प्रशासन और पुलिस प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं कि यह सब किसके संरक्षण में चल रहा है। अगर प्रशासन ईमानदारी से कार्रवाई करता तो सील किया गया हॉस्पिटल दोबारा कभी नहीं खुलता, अगर औषधि निरीक्षक और स्वास्थ्य विभाग ईमानदारी से निरीक्षण करते तो फर्जी मेडिकल स्टोर और फर्जी पैथोलॉजी कभी भी चालू नहीं रह सकते थे, लेकिन यहां तो खुलेआम मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ हो रहा है और अधिकारियों की चुप्पी और निष्क्रियता यह साबित कर रही है कि इसमें कहीं न कहीं मिलीभगत है। ग्रामीणों और समाजसेवियों ने इस मामले में जिलाधिकारी







प्रयागराज से मांग की है कि बारा तहसील क्षेत्र में संचालित सभी हॉस्पिटल, मेडिकल स्टोर और पैथोलॉजी की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और जो भी दोषी पाए जाएं उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजा जाए साथ ही उन अधिकारियों और कर्मचारियों की भी जवाबदेही तय की जाए जिनकी लापरवाही या शह के कारण यह सब गोरखधंधा फल-फूल रहा है। यह पूरा मामला स्वास्थ्य माफिया और प्रशासन की मिलीभगत को उजागर करता है और अब समय आ गया है कि बारा तहसील क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने और आम जनता की जिंदगी को बचाने के लिए कठोर कदम उठाए जाएं वरना यहां कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है और इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों और प्रशासन पर होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### 48 लाख से होगा बस स्टेशन परिसर का उच्चीकरण - एमएलसी



**रुद्रपुर, देवरिया।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने रुद्रपुर बस स्टेशन परिसर के उच्चीकरण का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। इसके लिए 48.12 लाख रुपये की लागत से होने वाले कार्य हेतु ई-टेंडर प्रक्रिया जारी कर दी गई है। यह जानकारी विधान परिषद सदस्य डॉ. रतनपाल सिंह ने दी। एमएलसी डॉ. सिंह ने बताया कि परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने और यात्रियों को सुविधाजनक माहौल उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार गम्भीर है। इसी सोच के तहत बस स्टेशन परिसर का कायाकल्प किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्य को चार माह की समयावधि में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ई-टेंडर प्रक्रिया 22 अगस्त से 9 सितम्बर तक चलेगी। इसके बाद तकनीकी और वित्तीय बोली खोलने की प्रक्रिया सम्पन्न होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि बस स्टेशन के उच्चीकरण से यहां का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा और यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

### हेंगहा पहाड़ी नाले का अप्रोच टूटा, आवागमन बाधित



**बलरामपुर- हरैया सतघरवा।** क्षेत्र के चौधरीडीह-सिरसिया मार्ग पर बने हेंगहा पहाड़ी नाला का अप्रोच फिर टूट गया है। इससे लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि हर वर्ष हल्की बारिश में अप्रोच टूट जाता है। ग्रामीण अयोध्या प्रसाद, प्रवेश कुमार, मो. सलीम, राजेंद्र प्रसाद और हरीराम ने बताया कि पीडब्ल्यूडी हर साल इसकी मरम्मत तो कराता है, लेकिन काम टिकाऊ नहीं होता। करीब एक माह पहले अप्रोच को दुरुस्त करने के लिए बोरियों में मिट्टी भरकर डाली गई थी, लेकिन पहली ही बारिश में सारी मेहनत बेकार हो गई। ग्रामीणों ने विभाग से स्थायी समाधान करने की मांग की।

### बस्ती में दरोगा पर रिश्वत और धमकी का आरोप, पीड़ित ने डीआईजी से लगाई न्याय की गुहार



**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज थाने में तैनात दरोगा संदीप यादव पर महेन्द्र चौधरी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। महेन्द्र के अनुसार, दरोगा ने उन्हें बिना कारण थाने बुलाकर मारपीट की और उनकी जेब से दस हजार रुपये छीन लिए। पीड़ित ने बताया कि दरोगा कथित तौर पर लगातार धमकी दे रहे हैं कि वह उसका गांजा या हथियार के मामले में फंसाकर जीवन बर्बाद कर देंगे। पीड़ित ने डीआईजी से मिल रुपये वापस दिलाने और जानमाल की रक्षा की मांग की है।आए दिन दरोगा धमकियों से आजीज आकर उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई अपने जान माल की सुरक्षा के लिए अधिकारियों प्रार्थना पत्र देखकर दरोगा के ऊपर कारवाई करने के लिए मांग उठाई संदीप यादव द्वारा फर्जी मुकदमे की धमकी तथा असल है देख कर चालान करने गांजा तस्करी का आरोप लगाने जैसे संगीत जुर्म में धमकी देकर पैसा मांगते थे थाने बुलाकर मारपीट करना तथा जब से 10000 निकाल कर रख लिया उसके बाद धमकी दिया किसी से बताओगे तो तुम्हें फर्जी मुकदमे में फंसा कर जेल भेज दूंगा जिससे डर के पीड़ित उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर जान माल की गुहार लगाई तथा दरोगा के ऊपर कारवाई करने की मांग उठाई ऐसे दरोगा को कप्तानगंज थाने पर बने रहना ठीक नहीं है।

### प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में खेलेंगे जिले के पांच खिलाड़ी

**बलरामपुर।** खेल निदेशालय की तरफ से राज्य कर्मचारियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इनमें शामिल होने के लिए जिले के पांच कर्मचारियों का चयन हुआ है। जिला खेल अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि मंडलीय ट्रायल में चार खेलों में पांच खिलाड़ियों का चयन किया गया है। शतरंज में रंजीत कुमार व अमित राणा, क्रिकेट में संजय साहू एवं एथलेटिक्स में अवधेश का चयन किया गया है। यह चारों खिलाड़ी जनपद न्यायालय में स्टेनोग्राफर के पद पर तैनात हैं। वहीं महिला वर्ग बैडमिंटन में आस्था सिंह का चयन किया गया है। यह भी जनपद न्यायालय में न्यायिक अधिकारी के पद पर तैनात हैं। अब यह सभी खिलाड़ी देवीपाटन मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

# खबर का असर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

**●अधीक्षक को दिए आवश्यक दिशा निर्देश मरीजों की शिकायत पर जताई नाराजगी कहा नहीं लिखी जाएगी बाहर से कोई दवा अस्पताल में सभी दवाएं और जांच हैं उपलब्ध**

**फील्ड में ड्यूटी वाले डॉक्टर नहीं बैठेंगे अस्पताल में सिर्फ शनिवार को ही ओपीडी (अस्पताल) में देखेंगे मरीज**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार अमेठी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमेठी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार का निरीक्षण किया, बताते चलें स्वतंत्र प्रभात राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र में प्रमुखता से बुखार को लेकर बढ़ रहे मरीजों पर खबर प्रकाशित की गई थी, सीएमओ द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने के दौरान बताया गया कि लगातार कई दिनों से अस्पताल में कर्मियों को लेकर शिकायत मिल रही थी। जिसके संदर्भ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार का निरीक्षण किया गया उन्होंने बताया कि जो भी कमियां पाई गई उसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार के अधीक्षक को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही साथ एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराई जा रही है जो की दवा अस्पताल में उपलब्ध है साथ ही साथ उन्होंने बताया कि वायरल फीवर का समय चल रहा है ऐसे में बुखार के मरीज कुछ ज्यादा आ रहे हैं अस्पताल में सभी प्रकार की दवाइयां उपलब्ध हैं, और जांच उपलब्ध है जो मरीज को निशुल्क दी जा रही है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि किसी भी मरीज को बाहर की दवा ना लिखी जाए, ना ही बाहर से जांच कराई जाए सभी दवाएं और जांच अस्पताल से कराई जाए कुछ लोगों ने बाहर से दवा लिखने और जांच कराने की भी शिकायत की थी जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए अधीक्षक को सख्त निर्देश देकर कहा बाहर से दवाई किसी भी हाल में नहीं लिखी जाएगी, जब अस्पताल में सारी दवाई उपलब्ध है तो बाहर से दवा किसी मरीज को नहीं लिखी जाएगी ,ना ही किसी मरीज को बाहर से जांच के लिए कहा जाएगा जब तक ओपीडी का समय है तब तक सभी मरीजों की जांच भी की जाएगी और जांच रिपोर्ट भी उसी दिन दी जाएगी। किसी मरीज को बहाना बता कर लौटाया नहीं जाएगा। साथ ही साथ कुछ लोगों ने शिकायत की थी कि फील्ड में जिन डॉक्टरों की ड्यूटी है वह भी प्रतिदिन अस्पताल में बैठते हैं जिससे फिल्ड में मरीजों को दिक्कत होती है और अस्पताल में बैठकर बाहर से दवा लिखते हैं, इस पर सीएमओ अमेठी ने कहा कि जिन डॉक्टरों की ड्यूटी फील्ड में है वह अस्पताल में नहीं बैठेंगे सिर्फ शनिवार को अस्पताल में ओपीडी देख सकते हैं अगर दोबारा शिकायत मिली? तो जांच कराते हुए अधीक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें इन दिनों क्षेत्र में वायरल फीवर बुखार के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है जिसको लेकर सीएमओ अमेठी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा उपस्थित मरीजों की समस्याओं को भी गंभीरता से सुनते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक शुकुल बाजार को सख्त निर्देश दिए कहा किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर-** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक डीएम पवन अग्रवाल के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं नियमित टीकाकरण , आशा भुगतान, संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा योजना भुगतान, पीएम सुरक्षित मातृत्व सुरक्षा अभियान, आयुष्मान भारत, आभा आईडी, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की गहन समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ड्यू लिस्ट बनाते हुए शतप्रतिशत नियमित टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए, कोई भी बच्चा टीकाकरण से न छुटे, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था एवं प्रसव से संबंधित एसओपी पर नियमित रूप से चिकित्सक, स्टाफ नर्स एवं एएनएम का नियमित संवेदीकरण कराए जाने के निर्देश दिया।

उन्होंने शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किए जाने, जननी सुरक्षा योजना के तहत निर्धारित समयावधि के भीतर शत प्रतिशत सहायता राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाने, सीएचसी पर सभी चिकित्सीय जांच किए जाना सुनिश्चित किए जाने, विशेष अभियान चलाकर अस्पताल आने वाले मरीजों एवं आशा द्वारा डोर टू डोर जाकर आभा आईडी बनाए जाने, चिकित्सालयों में बेड ऑक्यूपेंसी बढ़ाए जाने का निर्देश दिया। आरबीएसके टीम द्वारा सभी प्राइमरी एवं माध्यमिक विद्यालयों को कवर करते हुए सभी बच्चों का स्वास्थ्य जांच किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सक नियमित एवं समय से अस्पताल में बैठे एवं मरीज को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करें। चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर बेहतर साफ सफाई व्यवस्था, शीतल पेयजल,स्वच्छ शौचालय आदि सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण अभियान के तहत ग्राम पंचायत एवं विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे, सीडीओ में बेहतर तरीके से सभी गतिविधियां आयोजित किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश रस्तोगी, समस्त सीएमएस, जिला पंचायत राज अधिकारी,बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# प्रधानमंत्री की मां को अपशब्द कहे जाने के विरोध में भाजपा की महिला मोर्चा में आक्रोश, कांग्रेस दफ्तर घेरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** प्रधानमंत्री की मां को बिहार में इंडी गठबंधन के मंच से भद्दी गालियां देने के विरोध में सोमवार को भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कांग्रेस कार्यालय घेर कर चूड़ियां भेंट किया। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर नगर पंचायत नगर की अध्यक्ष नीलम सिंह राना के नेतत्व में सैकड़ों महिलाएं मुख्य मार्ग से पैदल नारेबाजी करती हुए शहर के कोटेश्वर पार्क स्थित कांग्रेस भवन में घुस कर राहुल गांधी, अखिलेश यादव और तेजस्वी के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी किया। महिलाओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान और लोकतंत्र में गाली गलौज नहीं चलेगी नहीं चलेगी के गगनभेदी नारों से पूरा कांग्रेस दफ्तर गूंज उठा। उन्होंने कांग्रेस के कार्यालय प्रभारी जय प्रकाश चौबे को दो दर्जन चूड़ियां भेंट कर कहा स्वर्गवासी महिला को गंदी गालियां देने वाले मर्द नहीं हो सकते इसीलिए उन्हें चूड़ियां पहन लेनी चाहिए।

कहा कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री मोदी के विरुद्ध ऐसी अपमानजनक हरकतें बर्दास्त नहीं की जाएगी। भविष्य में ऐसा बर्ताव करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश राज्य पंचायत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राना दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री की मां को सार्वजनिक रूप से गाली देने वालों को जनता करारा जवाब देगी। उन्होंने इसे लोकतंत्र की सबसे घिनौनी हरकत बताते हुए कहा कि मुद्दा विहीन विपक्ष देश के अपमान पर उतारू है। कार्यक्रम में शालिनी मिश्रा, ममता सिंह, प्रवेश देवी, कृष्णावती देवी, मीरा देवी, मीना निषाद, रीता देवी, उर्मिला देवी, मंजू देवी, सुनीता देवी, राधिका, नंदिनी, प्रभावती, गया देवी, विमला, संघ प्रिया देवी, लक्ष्मी, ज्योति, पुष्पा, फूलमती देवी, सरिता, आरती, कौशल्या सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।

# पुलिस की बड़ी सफलता - करोड़ों की संपत्ति का मालिक बना इंद्रेश गैंग का सरगना गिरफ्तार, अपराध जगत को बड़ा झटका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** जनपद बस्ती पुलिस ने उस गिरोह के सरगना इंद्रेश को गिरफ्तार कर लिया है, जो फर्जी तरीके से जमीन खरीद-फरोख्त कर करोड़ों की अवैध संपत्ति खड़ी कर चुका था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इंद्रेश के लिए सैकड़ों लोग काम करते थे और उसका जाल न सिर्फ बस्ती बल्कि आसपास के जनपदों में भी फैला हुआ है।यह गिरफ्तारी पुलिस के लिए न केवल बड़ी सफलता है, बल्कि उन सैकड़ों पीड़ितों के लिए भी राहत का संदेश है, जिनकी मेहनत की कमाई को इस गिरोह ने छल से हड़प लिया था।इस कार्रवाई का नेतृत्व थानाध्यक्ष नगर विश्व मोहन राय ने किया, जिन्होंने पूरी रणनीति और साहसिक कदमों से इंद्रेश को धर दबोचा।अपुष्ट खबरों के अनुसार गिरफ्तारी के दौरान इंद्रेश ने खुद को छुड़ाने के लिए पुलिस को 10 लाख रुपए की रिश्वत देने की पेशकश भी की, लेकिन ईमानदार पुलिस अधिकारियों ने इस लोभ को ठुकराकर कर्तव्य और सत्यनिष्ठा की मिसाल पेश की।पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने इस मामले की जानकारी क्षेत्राधिकारी सदर सतेंद्र भूषण त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी कलवारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी तथा क्षेत्राधिकारी हर्रैया संजय सिंह की मौजूदगी में दी।उन्होंने बताया कि इसके पहले नगर पुलिस ने इसी गैंग के 5 सदस्यों मनोज कुमार,सुशील कुमार,अजय कुमार, बाबूराम तथा उमेश कुमार निवासी बाराबंकी को गिरफ्तार किया जा चुका है तभी से इसके सरगना इंद्रेश की तलाश की जा रही थी।उन्होंने बताया कि जिन आरोपियों को आज गिरफ्तार किया गया है उसमें इंद्रेश कुमार पुत्र रामजीलाल निवासी कौड़ीकोल बुजुर्ग थाना कप्तानगंज बस्ती तथा अरविंद कुमार चौधरी पुत्र स्वर्गीय तिलक राम चौधरी निवासी अक्षतपुर थाना कप्तानगंज बस्ती शामिल है। यह कूट रचित दस्तावेज तैयार करके फर्जी तरीके से जमीनों के खरीदने व बेचने की माहिर हैं पुलिस द्वारा उनकी काफी दिन से तलाश की जा रही थी।

उन्होंने कहा कि गलत तरीके से अर्जित की गई संपत्ति को पुलिस जप्त करवाने के लिए भी न्यायालय से अनुरोध करेगी यह पूरी कहानी केवल अपराध की नहीं, बल्कि उस संघर्ष की भी है जिसमें सत्य अंततः असत्य पर विजय प्राप्त करता है। इंद्रेश और उसके साथियों ने छल-कपट से लोगों की जमीनें हड़पकर साम्राज्य तो खड़ा कर लिया था, लेकिन पुलिस की सजगता और कर्तव्यनिष्ठा ने यह साबित कर दिया कि चाहे अपराध कितना भी मजबूत क्यों न हो, न्याय की शक्ति उसके सामने हमेशा अडिग रहती है।इस गिरफ्तारी से न केवल पीड़ितों को न्याय की आशा जगी है, बल्कि यह भी संदेश गया है कि कानून के हाथ लंबे हैं और असत्य चाहे कितनी भी ऊंची दीवार क्यों न खड़ी कर ले, अंततः सत्य उसे गिरा ही देता है। पुलिस द्वारा आरोपियों के ऊपर विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें जेल भेजा गया।

### कुत्ते के हमले में व्यक्ति हुआ बुरी तरह घायल

**-राया क्षेत्र के गांव भूडासानी की है घटना**

**मथुरा।** राया क्षेत्र के भूडासानी में पालतू कुत्ते ने एक व्यक्ति पर बोला हमला बोल दिया। कुत्ते ने व्यक्ति के जबड़े को बुरी तरह घायल कर दिया। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिले में एक के बाद एक कुत्तों के मामले काटने के सामने आ रहे हैं दो दिन पहले थाना जेत क्षेत्र के इलाके में आवारा कुत्तों ने एक मासूम बच्ची पर हमला बोल दिया जिसका वीडियो वायरल हुआ था और उसकी बालबाल जान बची तो शुक्रवार की सुबह राया के गांव भूडासानी में खेतों पर शौच करने जा रहे हैं बुजुर्ग पर पालतू कुत्ते ने हमला बोल दिया जिसमें बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया आनन-फानन में परिजनों ने जैसे तैसे फालतू कुत्ते से बचाया परंतु तब तक बुजुर्ग का जबड़ा घायल हो गया । घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल लाया गया हुई बातचीत में बताया कि पालतू कुत्ता पहले कई लोगों को जख्मी कर चुका है वही सुबह ताउ खेत पर जा रहे थे तभी कुत्ते ने हमला बोल दिया और बुजुर्ग को घायल कर दिया।

# विश्व हिन्दू महासंघ ने किया धर्मानान्तरण के बड़े मामले का खुलासाः मुकदमा दर्ज

**●रानी पोखरा मोहल्ले में किया गया था ईसाई समुदाय द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन**




स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के रानी पोखरा मोहल्ले में ईसाई समुदाय द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था। सूचना मिलने पर विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह पदाधिकारियो के साथ करूआ बाबा चौराहे पर पहुंचे और वहां से पुरानी बस्ती पुलिस को सूचना दिया। वे पुलिस कर्मियों के साथ रानी पोखरा मोहल्ले में शिवशंकर पुत्र राम प्रसाद के घर पहुंचे तो पता चला कि वहा लोगों को इसाई बनाने का खेल चल रहा था। इसका मुख्य कर्ता धर्ता हरिहर यादव है। पुरानी बस्ती पुलिस लगभग 10 पुरूष और 15 महिलाओं को थाने पर लाकर पूंछताछ शुरू किया।

विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि भोले-भाले लोगों को इसाई बनाने का सुनियोजित खेल चल रहा है। महासंघ इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। कहा कि यदि निष्पक्षता से जांच हो तो बड़े पैमाने पर धर्मानान्तरण मामलों का सच सामने आयेगा। पुरानी बस्ती पुलिस महासंघ के जिला महामंत्री अर्पण श्रीवास्तव के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

धर्मानान्तरण मामले का खुलासा करने वालों में विश्व हिंदू महासंघके अभय प्रताप सिंह, विवेक श्रीवास्तव बिपिन सिंह, राकेश सिंह, सौरभ तिवारी, सौरभ चतुर्वेदी, आशीष उर्फ कल्लू बाबा, अमरदीप पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, शिवम मिश्रा, अभिषेक आर्य, सुंदरम शुक्ला, रवि शुक्ला, अजय दुबे, अंकित सिंह, कुलदीप मिश्रा , प्रतीक मिश्रा, दीपू सिंह, सौरभ विश्वकर्मा, हरि ओम, अंकित सिंह, महादेव, रवि सिंह, सनी सोनकर, धनंजय सिंह, गगन प्रजापति, चंचल कश्यप के साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक लोग शामिल रहे।

# शराब से आई रिश्ते में कटवाहट, कराया समझौता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।** परिवार परामर्श केंद्र की पहल से पति-पत्नी के बीच टूटे रिश्ते जुड़ रहे हैं। महिला थाना सभागार में रविवार को पति-पत्नी के बीच विवादों की सुनवाई करके एक साथ रहने के लिए राजी किया गया। परिवार परामर्श केंद्र में प्राप्त 26 शिकायतों के आधार पर दोनों पक्ष बुलाए गए। इसमें 12 मामलों में दोनों पक्ष सुनवाई में उपस्थित हुए। समझाने-बुझाने के बाद आठ मामले निस्तारित हो गए। रेहरा बाजार के एक गांव में शराब की लत से पति-पत्नी के बीच रिश्ता टूटने के कगार पर पहुंच गया। पत्नी अपने बच्चों को लेकर तीन साल से मायके में रहती थी। मामला परिवार परामर्श केंद्र में पहुंचा तो समझा कर दोनों को राजी किया गया। श्रावस्ती जनपद थाना इकौना के एक गांव में पति की मृत्यु होने से पत्नी की ससुर से अनबन हो गई। महिला के तीन बच्चे हैं। बच्चों के पालन-पोषण के लिए महिला परेशान रहती थी। पत्नी ने परिवार परामर्श की मदद ली। समझाने पर मामला सुलझ गया और ससुर ने पति के हिस्से की जमीन और तीनों बच्चों के नाम से डेढ़ लाख रुपये की एफडी कराने का वायदा किया।

महराजगंज तराई के एक गांव में पति दूसरी शादी करके मुंबई चला गया। पत्नी ने न्यायालय में वाद दायर किया, तो परामर्श केंद्र से निस्तारण कर दिया गया। तुलसीपुर के एक गांव में पत्नी ने न्यायालय जाने के लिए परामर्श केंद्र से अपना मामला वापस ले लिया। ललिया के एक गांव में पति सऊदी में रहता है। परामर्श केंद्र की ओर से उसे बुलाया गया है। गैड़ास बुजुर्ग व देहात के एक-एक मामलों को न्यायालय भेजा गया है। परामर्शदाता तनवीर जहां, देवतादीन दुबे, महिला थाना प्रभारी पूनम यादव, महिला कांस्टेबल मनीषा व ज्योति ने सुनवाई के दौरान पति-पत्नी को आपस में मिल-जुलकर रहने के तौर-तरीके बताए।

**अगली सुनवाई में फिर बुलाए जाएंगे 18 मामलों के दोनों पक्ष**

जिन 18 मामलों में पति-पत्नी के बीच में समझौता नहीं हो सका है, उन्हें भी आगे सुना जाएगा। कुछ मामलों में दूसरे पक्ष से जुड़े लोग नहीं आ सके थे, उन्हें भी बुलाने के लिए संबंधित थानों को सूचना दी गई है। 12 मामलों में दोनों पक्ष आए, जिसमें से आठ का समझौता कराया गया है। 15 दिन में परिवारों की खैरियत भी महिला थाने से जानी जाएगी। विशाल पांडेय, एएसपी

# तीन मौतों ने संचारी व दस्तक अभियान की खोल दी पोल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जिले के दो गांवों में संक्रमण फैलने से तीन लोगों की जान जा चुकी है। बड़ी संख्या में लोग बीमार भी हैं। इन हालात ने जिले में चलाए गए संचारी रोग व दस्तक अभियान की पोल खोल दी है। एक महीने तक स्वास्थ्य विभाग के साथ 12 विभाग की टीमों ने एक साथ मिलकर 793 ग्राम पंचायतों में बीमारियों से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया था। बावजूद इसके जिले में संक्रमण का खतरा कम नहीं हुआ। बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से एक से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया गया था।

**अभियान के तहत गांवों में जागरूकता कार्यक्रम, टीकाकरण**

कैंप, रैली व कीटनाशक दवाओं का छिड़काव सहित कई गतिविधियां कराए जाने का दावा किया गया। एएनएम, आशा व आंगनबाड़ी की टीम ने गांवों में दस्तक देकर बीमार लोगों को ब्योरा भी जुटाया था। वहीं, अब अगस्त के दूसरे पखवाड़े में गांवों में संक्रमण फैलने से संचारी व दस्तक अभियान की पोल खुल गई है। तुलसीपुर क्षेत्र के गौरा माफी में दो व सदर ब्लॉक के धरमपुर उत्तरी गांव में एक की मौत उल्टी-दस्त से हो चुकी है। वहीं इन गांवों में 20 से अधिक लोग अभी भी बीमार बताए जा रहे हैं।

**पंचायती राज विभाग की लापरवाही आई सामने**

गौरामाफी व धरमपुर गांव में साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। दोनों गांवों में नियमित साफ-सफाई व चूने का छिड़काव न होने से संक्रमण फैल गया। ऐसे में पंचायती राज विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही भी सामने आ गई है। गांव के ओम प्रकाश वर्मा, नीलू, फूलमती और सीता ने बताया कि सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। नालियां बजबजा रही हैं। सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी जमा है।

**बीमार लोगों की हो रही निगरानी**

गौरा माफी व धरमपुर में बीमार लोगों की स्वास्थ्य टीम निगरानी कर रही है। गांवों में एक-एक टीम तैनात की गई है। दोनों गांवों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी कराया गया है। - डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी, सीएमओ बलरामपुर।

# जनपद में अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी शशिकांत ने बताया कि प्रथम चरण में जनपद में कुल 131 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जाना है। इनमें से 101 भवनों के निर्माण हेतु भूमि का चिन्हांकन कर प्रस्ताव संबंधित उपजिलाधिकारियों द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है, जबकि 29 ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव आना शेष है।

उन्होंने बताया कि अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण हेतु उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा स्थल चयन की बैठकें की जा चुकी हैं। इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जहां भूमि उपलब्ध हो चुकी है वहां के प्रस्ताव तत्काल जिला पूर्ति अधिकारी को उपलब्ध कराए जाएं। वहीं जहां भूमि चिन्हांकित नहीं हुई है, वहां निर्विवाद भूमि सुनिश्चित कराई जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि भूमि का चयन करते समय यह ध्यान रखा जाए कि वहां तक ट्रक आदि आसानी से पहुंच सकें, जिससे राशन ट्रक के माध्यम से अन्नपूर्णा भवनों तक खाद्यान्न की आपूर्ति सुचारु रूप से हो सके। बैठक में यह भी उल्लेख किया गया कि अब तक सरकारी राशन की दुकानें कोटेदारों के निजी आवास/घरों से संचालित होती थीं, जहां तक ट्रक की पहुंच आसान नहीं होती थी। इससे खाद्यान्न आपूर्ति में बाधा एवं गड़बड़ी की शिकायतें सामने आती थीं। शासन के निर्णय अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण से राशन आपूर्ति सुगम होगी और लाभार्थियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध हो सकेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर सात्विक श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, डीसी मनरेगा शेर बहादुर, जिला पूर्ति अधिकारी शशिकांत सहित सभी खंड विकास अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षक उपस्थित रहे।

# विवाहिता की मौत के मामले में पति समेत तीन पर दहेज हत्या का केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती-** बस्ती जिले केहरैया थाना क्षेत्र अंतर्गत रमया गांव निवासी 26 वर्षीय विवाहिता रिंकी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में हर्रैया पुलिस ने नामजद पति समेत तीन आरोपितों के विरूद्ध दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर तीन आरोपित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

गोंडा जनपद छपिया थाना क्षेत्र खजुरी गांव निवासी सरदार पुत्र लल्लन ने हर्रैया पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी विवाहिता पुत्री रिंकी को शादी के बाद से ही पति समेत परिवार के अन्य लोग दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने साथ मारते पीटते थे। शनिवार को मारपीट कर पति उमेश विश्वकर्मा पुत्र शिवपूजन, ससुर शिवपूजन पुत्र अजोर व सास सूर्यकला पत्नी शिवपूजन निवासी रमया ने हत्या कर दिया। पुलिस ने दिवंगत रिंकी के पिता की तहरीर पर नामजद पति समेत तीन आरोपितों के विरूद्ध दहेज हत्या मुकदमा पंजीकृत करते हुए सोमवार को दोपहर संसारीपुर चौराहे के पास से उमेश विश्वकर्मा पुत्र शिवपूजन , शिवपूजन पुत्र अजोर तथा सूर्य कला पत्नी शिवपूजन को हिरासत में लेकर न्यायालय भेज दिया है। इस संबंध में हर्रैया थाना प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह ने बताया कि विवाहिता के मौत के मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### निगोहां के डीहा गांव में तालाब में डूबने से मजदूर की मौत, परिवार में मचा कोहराम



**निगोहां। लखनऊ,** निगोहां थाना क्षेत्र के डीहा गांव में सोमवार दोपहर एक दुखद हादसा हुआ। गांव के मनरेगा तालाब के पास शौच के लिए गए 30 वर्षीय मजदूर औसान पानी में डूब गए। हादसा होते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें बाहर निकालकर तत्काल उनके परिवारीजनों की मदद से मोहनलालगंज सीएचसी ले गए।

सीएचसी में उनकी हालत नाजुक देखकर डॉक्टरों ने उन्हें ट्रामा के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद परिवारीजन उन्हें पीजीआई हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहाँ डॉक्टरों ने औसान को मृत घोषित कर दिया।मृतक औसान का घर उतरांवा के मजरा डीहा में है। उनकी पत्नी मिथलेसा कुमारी ने बताया कि उनके पति सोमवार दोपहर गांव के बाहर स्थित मनरेगा तालाब में शौच करने गए थे। अचानक तालाब में डूबने की सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुँची और ग्रामीणों की मदद से उन्हें बाहर निकालकर सीएचसी ले गई। मृतक की दो नन्हीं संतानें हैं। बेटी माही (8) और बेटा आर्यान्श (6)। पिता सुदामा औसान का परिवार इस अनहोनी से बुरी तरह टूट गया है और रो-रोकर अपने प्रियजन की मौत का गम सहने में असमर्थ हैं।ग्रामीणों ने इस हादसे को लेकर तालाब के आसपास सुरक्षा उपायों की आवश्यकता बताई है, ताकि भविष्य में ऐसे दुखद हादसों को रोका जा सके।

### पीडीए साइकिल यात्रा पर नगर पहुंचे अंकित यादव का हुआ स्वागत

**यूपी के 75 जिलों का साइकिल यात्रा कर पीडीए का संदेश, अंकित यादव**




**लालगंज (रायबरेली)।** कासगंज जनपद के भोपालगढ़ी गांव निवासी युवक अंकित यादव प्रदेशव्यापी पीडीए साइकिल यात्रा पर निकले हैं। वे उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों का भ्रमण कर रहे हैं। सोमवार को यात्रा के दौरान अंकित यादव नगर पहुंचे। जहां विधानसभा अध्यक्ष जेपी यादव की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने बताया कि वह अब तक 62 जिलों का भ्रमण कर चुके हैं। अंकित यादव ने नगर में रात्रि विश्राम किया। मंगलवार की सुबह वे उन्नाव के लिए रवाना होंगे। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव पवन पटेल, जिला पंचायत सदस्य अंशू यादव, पिंटू यादव, डॉ दिनेश यादव, रणजीत यादव एडवोकेट, दलित सिंह, भोला यादव, घनश्याम यादव, योगेश, मनीष, राहुल, शाश्वत यादव और अजीत, दिनेश पाल,राम मोहन यादव, सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 21वें श्री गणेश महोत्सव में नन्हे-मुन्नों की देशभक्ति प्रतियोगिता



**बिसवां सीतापुर** 21वें श्री गणेश महोत्सव के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में शीतला माता मंदिर परिसर में चौथे दिन गजानन महाराज के दरबार में नन्हे-मुन्ने बच्चों की देशभक्ति प्रतियोगिता संपन्न हुई। कार्यक्रम में बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविताओं, गीतों और नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। उनकी मासूम अदाओं और देशप्रेम से भरे उत्साह ने न केवल निर्णायकों को प्रभावित किया, बल्कि उपस्थित श्रद्धालुओं और भक्तगणों को भी राष्ट्रप्रेम की भावना से सराबोर कर दिया। महोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसे आयोजन बच्चों में देशभक्ति की भावना जाग्रत करने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहायक होते हैं। प्रतियोगिता के अंत में निर्णायकों ने विजेताओं की घोषणा की और सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया।

# शहीद वीर वीरा पासी चौक बदहाल,बाउंड्री वॉल टूटकर बिखर गई

**● टेंडर पूरा, फिर भी उपेक्षित रहा वीर वीरा पासी शहीद स्थल**

**वाहनों की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गया शहीद चौक**



स्वतंत्र प्रभात

संदीप कुमार-फिजा

**लालगंज (रायबरेली)।** नगर पंचायत कार्यालय के ठीक सामने चौक पर बना अमर शहीद वीरा पासी का स्मारक वर्षों से जर्जर हालत में पड़ा है। वाहनों की टक्कर से प्रतिमा स्थल क्षतिग्रस्त हो चुका है। बाउंड्री वॉल टूटकर बिखर गई है। चारो तरफ बाउंड्रीवाल के ऊपर लगी लोहे की बैरिकेटिंग भी गायब हो चुकी है। करीब एक साल पहले युवा नेता धर्मेंद्र सिंह की अगुवाई में स्थानीय लोगों ने इसकी मरम्मत को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद लगभग 20 लाख रुपये की लागत से मरम्मत कार्य प्रस्तावित कर टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई। लेकिन अब तक मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हो सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहीद स्थल की उपेक्षा से उनकी भावनाएं आहत हो रही हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता दीपेंद्र गुप्ता ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। शहीद चौक बदहाल स्थिति में है जिनको लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

## नौ दिवसीय श्रीराम कथा पूर्ण, हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित हुआ भव्य भंडारा





स्वतंत्र प्रभात

**निगोहां।** लखनऊ,निगोहां के उतरावां स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा का सोमवार को भव्य समापन हुआ। कथा के पूर्णाहुति अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया और श्रद्धालुओं ने भंडारे में पुड़ी, सब्जी, चावल व खीर का आनंद लिया। भंडारे में मुख्य रूप से मोहनलालगंज नगर पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. अजय पाण्डेय, सत्यम प्रेस क्लब निगोहां के समस्त पत्रकार और मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष के.पी. सिंह उपस्थित रहे। साथ ही प्रधान संघ के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, विपिन प्रधान, गौतम खेड़ा के पूर्व प्रधान नवनीत सिंह, और भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश स्तर के नेता अनमोल तिवारी सहित क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिकों ने भी भव्य आयोजन में भाग लिया।मंदिर परिसर में जय श्रीराम और भक्ति गीतों की मधुर गूँज सुनाई दी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आस्था और आनंद का अनुभव किया।इस पावन आयोजन के मुख्य आयोजक शैलेन्द्र सिंह चौहान रहे, जबकि संपूर्ण व्यवस्था प्रेस क्लब निगोहां के अध्यक्ष विमल सिंह चौहान द्वारा सफलतापूर्वक संचालित की गई। यह भंडारा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना बल्कि क्षेत्र के विभिन्न समुदायों और प्रतिष्ठित जनों को एक साथ जोड़ने का संदेश भी दिया। भक्ति और श्रद्धा के इस आयोजन ने स्थानीय लोगों के हृदय में भगवान श्रीराम के प्रति विश्वास और आस्था को और गहरा किया।

### दो जगहों पर आकाशीय बिजली गिरने से विद्युत उपकरण जलकर हुए राख



**महराजगंज/ रायबरेली** बीती रात हुई तेज बारिश व बादलों की गड़गड़ाहट के बीच कस्बा सहित क्षेत्र के दो जगहों पर आकाशीय बिजली गिरी जिसमें विद्युत उपकरण सहित अनेक इलेक्ट्रॉनिक सामान खराब हो गए हैं। बताते चलें कि बीती रात लगभग 2ः00 बजे आई तेज बारिश व बादलों की गड़गड़ाहट के बीच कस्बा के मेन तिराहे पर स्थित अनिल कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय हनुमान प्रसाद गुप्ता की छत पर आकाशीय बिजली गिर गई। जिसमें छत का छज्जा टूट कर नीचे गिर गया। तो वहीं घर में लगे पंखे एसी व एमसीबी सहित अनेक उपकरण जलकर खाक हो गए, तो वहीं क्षेत्र के बावन बुजुर्ग बल्ला गांव निवासी मुख्तार अहमद के घर पर गिरी आकाशीय बिजली से घर में लगी एसी व अनेक विद्युत उपकरण जलकर खाक हो गए और दोनों जगहों पर आकाशीय बिजली गिरने से परिवार सहित पूरा गांव पूरी रात दहशत के माहौल में सहमा रहा।

# सीतापुर में विवाहिता का आरोप- रास्ते की रंजिश में दबंगों ने घर में घुसकर किया दुष्कर्म

**● बेटे की गर्दन पर चाकू रख कर जान से मारने की धमकी देते हुए दुष्कर्म करने का आरोप**

**थाने पर नही हुई सुनवाई तो एसपी से लगाई न्याय की गुहार**




स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर (ब्यूरो)** तंबौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी विवाहित महिला ने गांव के ही तीन दबंग किस्म के युवकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि 27 अगस्त की रात वह अपने घर में अकेली बच्चों के संग सो रही थी, तभी गांव के ही निवासी अनुज, कमलेश और कंधई नामक युवक उसके घर में जबरन घुस आए और उसे उठा कर दूसरी तरफ ले जाकर मुह में कपड़ा ठूस के बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया।

गौरतलब हो, प्रार्थनी, जो सीधी-साधी और निर्धन गृहिणी है, का कहना है कि विपक्षीगण तरकश, दबंग और असरदार किस्म के लोग हैं। उनके बीच पहले से एक रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था, जिससे वे रंजिश मानते थे। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते ही उन्होंने वारदात को अंजाम दिया। महिला का आरोप है कि जब उसने शोर मचाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसके छोटे पुत्र के गले पर चाकू रख दिया और जान से मारने की धमकी देकर उसे चुप करा दिया। इसके बाद तीनों युवक भागने लगे, लेकिन महिला ने हिम्मत दिखाते हुए एक आरोपी को पकड़ लिया और तत्काल 112 नंबर पुलिस को बुलाया। हालांकि, आरोपी जंगला तोड़कर मौके से फरार हो गया।

सूचना मिलने पर 112 पुलिस गांव पहुंची और छानबीन की, लेकिन नामजद आरोपी अपने घर पर नहीं मिले। पीड़िता का कहना है कि अगले दिन जब उसने तंबौर थाने में तहरीर दी तो उसकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उलटे, मामले को दबाने और समझौता कराने का प्रयास हुआ।

विवश होकर पीड़िता ने 1 सितम्बर को पुलिस अधीक्षक सीतापुर को शिकायती पत्र सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई है। अब देखना यह होगा कि जिला पुलिस इस गंभीर आरोप पर क्या कदम उठाती है और पीड़िता को न्याय दिला पाती है या नहीं?

## कोतवाली प्रभारी ने प्रशस्ति पत्र देकर होमगार्ड को किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज/रायबरेली** विगत माह की भांति इस माह भी 1 सितम्बर 2025 को लोगों के प्रति अच्छा कार्य व्यवहार अच्छी ड्यूटी एवं साफ सुथरा वर्दी से प्रभावित होकर कोतवाली प्रभारी व पी?सी? इंद्रमणि सिंह द्वारा होमगार्ड तेज कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आपको बता दें कि, प्लाटून कमांडर इंद्रमणि सिंह चौहान ने यह जानकारी देते हुए बताया कि, महीने के 1 तारीख को एक महीने के बेहतर कार्य व्यवहार साफ सुथरा वर्दी तथा समय से ड्यूटी करने के मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव द्वारा हर महीने एक व्यक्ति को सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में आज 1 सितंबर को कोतवाली परिसर महराजगंज में होमगार्ड तेज कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर एसआई दिनेश गोस्वामी, दीवान अजय चौधरी, हिमांशू सचान, धर्मेंद्र पांडेय, ज्ञानेंद्र तिवारी, बी.ओ. राजेश कुमार राय, ए.सी.सी. बुध्दिसेन शर्मा, पी.सी छिटई प्रसाद, होमगार्ड राजेश कुमार सिंह, अवधेश कुमार, राम प्रताप यादव, जगदीश गुप्ता, रामदास यादव, देवी दयाल पांडेय, रमापति, धर्मेंद्र मौर्या, रमेश मिश्रा, मनीराम, शिव शंकर, राम प्रकाश, कमलाकान्त, सन्तोष द्विवेदी, शिवकरन यादव, रामप्रताप यादव, मुकेश कुमार यादव, रामराज यादव ,लाल मोहम्मद , दिनेश कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह,रामकुमार सिंह, रमापति बाजपेई, जगदेव मिश्रा ,राम भुवन सिंह, धर्मदास, सुरेश कुमार यादव, छेदीलाल ,रामकुमार यादव, रामयस मौर्य, ईशा मोहम्मद, माताफेर आदि मौजूद रहे।

### मान्यता प्राप्त विद्यालयों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा आयोजित हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम अपेक्षा से अधिक सफल रहा। सुरियावां में परिषदीय और मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कुल115 विद्यालयों के 537 अध्यापकों,और 5894 विद्यार्थियों ने पंच प्रण की शपथ ली। पंच प्रण में ,विद्यालयों को अनुशासित और हरित बनाने,प्रेरणास्पद बनाने,विद्यालय संसाधन की सुरक्षा,संस्कार युक्त शिक्षा ,समर्पण,अनुशासन, और सेवा भाव जागृत करने की प्रतिज्ञा की गई।देश के लगभग 5 लाख से अधिक विद्यालयों में ये कार्यक्रम एक साथ आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम की सफलता के लिए जनपद स्तर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ भदोही के अध्यक्ष और महामंत्री के नेतृत्व में ,इस कार्यक्रम के लिए प्रतीक मालवीय जी को जिला संयोजक,देवेंद्र कुमार मिश्र,सह जिला संयोजक,ज्योति वर्मा,जिला सह संयोजक बनाए गए।ब्लॉक स्तर पर भी संयोजक और सह संयोजक बनाए गए जिनके नेतृत्व में न्याय पंचायत स्तर कार्यक्रम की सफलता के लिए पूरी ऊर्जा से कार्य किया गया।

### तिरंगे के बगल में पाक झंडा लगाने का आरोप




**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के ईश्वरीगंज मजरे खजूर गांव में एक युवक पर तिरंगे के पास पाकिस्तान का झंडा लगाने का आरोप लगाया गया। गांव निवासी संतोष ने आरोप लगाया कि आरोपी ने तिरंगे से करीब 25 फुट ऊंचा पाकिस्तान का झंडा फहराया। एतराज जताने पर गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायतकर्ता ने पहले फोन के जरिए पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने झंडे को उतरवा दिया। बाद में पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक ने पाकिस्तान का नहीं बल्कि बरावफात को लेकर धार्मिक झंडा लगाया था। शिकायतकर्ता ने भ्रमवश उसे पाक झंडा समझ लिया और पुलिस को सूचना दे दी।

## शराब पीकर परिजनों से कहासुनी के बाद युवक ने फांसी लगाकर किया आत्मदाह

स्वतंत्र प्रभात



**निगोहां। लखनऊ,** निगोहां थाना क्षेत्र के मदनखेड़ा गांव में रविवार की देर शाम एक युवक का शव फांसी पर लटकता मिला। ग्रामीणों से सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिवारीजनों ने शव को नीचे उतार कर एक निजी अस्पताल पहुँचाया, जहाँ पर डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों की माने तो मृतक की 6 दिन पूर्व बच्ची हुई थी जिसकी रविवार को छट्ठी थी इस दौरान शराब पीने को लेकर घर मे कहासुनी हुई तो युवक ने फांसी लगा ली।

इसके बाद स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया हैं।दयालपुर का मजरा मदनखेड़ा गांव में रहने वाले राधेलाल ने बताया कि रविवार देर रात तक उसका बेटा शिवम (24) घर नहीं आया तो वह लोग परिवारीजनों के अन्य लोगों के साथ आस पास खोजना शुरू किया तो गांव के तालाब के पास उसका बेटा शिवम एक पेड़ पर साड़ी के फंदे से लटकता मिला। शिवम की सांसे चल रही थी इस दौरान उसे नीचे उतार कर कनकहा में स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहाँ पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवारीजनों स्थानीय पुलिस को सूचना दी पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवारीजनों ने किसी तरह का कोई आरोप नही लगाया। हालांकि ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीणों की माने तो मृतक की पत्नी सुमन के 6 दिन पूर्व बच्ची हुई थी जिसकी रविवार को छट्ठी थी इस दौरान शिवम के शराब पीने को लेकर घर मे कहासुनी हुई तो उसने फांसी लगा ली।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश द्वारा प्रेस विज्ञप्ति

**● अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा देश भर में पाँच लाख से ज्यादा विद्यालयों में आयोजित हुआ "हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान" संकल्प कार्यक्रम में लाखों शिक्षकों व करोड़ों विद्यार्थियों ने ली पांच संकल्पों की शपथ**

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ,** 1 सितम्बर 2025- अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वाधान में सोमवार को देश के 5 लाख से अधिक विद्यालयों में "हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान" संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लाखों शिक्षकों एवं करोड़ों विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से विद्यालयों की प्रार्थना सभाओं में पांच संकल्पों की शपथ ली।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर संजय मेधावी ने बताया कि देश के सबसे बड़े शिक्षक संगठन अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से सम्बद्ध राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों के सभी बोर्ड्स से मान्यता प्राप्त कक्षा 12 तक के एक लाख से अधिक विद्यालयों में "हमारा विद्यालय- हमारा स्वाभिमान" संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे 1,05,737 विद्यालयों के 3,75,685 शिक्षकों ने एवम् 99,86,924 विद्यार्थियों ने हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान संकल्प की शपथ ली। उन्होंने कहा कि हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान संकल्प शैक्षिक उन्नयन, राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकसित भारत 2047 की दिशा में आधार स्तंभ सिद्ध होगा एवं भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के पथ पर अग्रसर करेगा तथा पुरातन गुरु शिष्य परम्परा को पुनर्स्थापित करेगा।

प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने बताया कि यह संकल्प कार्यक्रम प्राचीन भारतीय परंपरा में शिक्षा के उद्देश्य का संवाहक एवं संवर्धक बनेगा जिससे चरित्र निर्माण, व्यक्ति निर्माण एवं राष्ट्र के पुनर्निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा एवं विद्यार्थी व शिक्षक मिल जुल कर शैक्षिक उन्नयन एवं राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पांच संकल्पों की शपथ ली जिसमें मिल जुल कर अपने विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित तथा प्रेरणाप्रद बनाने, विद्यालय के संपदा, संसाधन तथा समय को राष्ट्र धन मानते हुए उनका संरक्षण एवं विवेक पूर्वक उपयोग करने, विद्यालय में ऐसा वातावरण बनाने जहां कोई भेदभाव न हो व सभी समभाव से सीखने और सिखाने के पथ पर अग्रसर रहें, शिक्षा को केवल ज्ञान का माध्यम नहीं अपितु चरित्र निर्माण, आत्म विकास और समाज सेवा का साधन




मानकर कार्य करने, विद्यालय को केवल एक संस्था नहीं अपितु संस्कार सेवा और समर्पण का तीर्थ मानते हुए उसका गौरव बढ़ाने हेतु सतत प्रयत्नशील रहने के साथ ही यह दृढ़ संकल्प लिया गया कि "हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ है, हमारी आत्मा का अभिमान है और राष्ट्र निर्माण का आधार है।"

वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार, प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर संजय मेधावी, प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष निर्मला यादव, कोषाध्यक्ष नील मणि शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अनूप शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष शिव शंकर सिंह, प्रदेश मंत्री डॉ संतोष कुमार शुक्ला, प्रदेश मंत्री प्रदीप कुमार तिवारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजेश श्रीवास्तव, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी डॉ दयाशंकर उपाध्याय, लखनऊ मण्डल अध्यक्ष (प्राथमिक संवर्ग) महेश मिश्र आदि ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों, विद्यार्थियों, अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों व प्रबुद्ध जनों को बधाई दी व आभार व्यक्त किया है।

# बारिश का कहर- मुनव्वर अली का आशियाना ढहा, सात बकरियां भी मलबे में दबीं

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज।** रायबरेली रविवार की रात से हो रही मूसलाधार बारिश ने टूक गांव निवासी मुनव्वर अली के जीवन को पूरी तरह बदल दिया। कच्चा मकान अचानक गिर पड़ा, जिससे मुनव्वर के पैर में गंभीर चोट आई और उनका पूरा परिवार बेघर हो गया। मकान ढहने से न सिर्फ उनके सिर से छत छिन गई, बल्कि घर का सारा सामान, अनाज और उनकी सात बकरियां भी मलबे में दब गई। चीख-पुकार सुनकर गांव के लोगों ने किसी तरह मुनव्वर को बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

मुनव्वर की पत्नी ने रोते हुए कहा, ÷हम कहां जाएं? हमारे पास न पैसा है, न घर, न खाने का सामान बचा है।÷ यह बयान उस बेबसी को बयां करता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब लोग प्राकृतिक आपदाओं के समय जूझते हैं।

घटना की जानकारी मिलने पर उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि लेखपाल से रिपोर्ट मांगी गई है और पात्रता के आधार पर आर्थिक सहायता व आवास उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। मामले में खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने दूरभाष पर बताया कि मामले की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुई है घटना दुखद है पीड़ित परिवार को जल्द ही शासन द्वारा मिलने वाला प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराया जाएगा और जो संभव मदद होगी वह की जाएगी।

# विश्वनाथगंज को हराकर जीआईसी प्रतापगढ़ बना जिला स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता का विजेता

स्वतंत्र प्रभात




**प्रतापगढ़।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें कुल 16 टीमों ने प्रतिभाग किया था सभी ही टीमों ने अपने अच्छे खेल कौशल से सभी दर्शकों का मन मोह लिया और प्रतियोगिता में सभी मैचेज काफी टक्कर के हुए ,प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच सराय अनादेव और विश्वनाथगंज के बीच खेला गया बेहद ही कांटे के मुकाबले में विश्वनाथगंज ने मुकाबले को 15/12 13/15 और 8/15 से आपने नाम करके फाइनल में स्थान सुरक्षित किया , दूसरे सेमीफाइनल मैच में जीआईसी प्रतापगढ़ ने स्टेडियम बी को 18/16, 15/9 से अपने नाम करके फाइनल में प्रवेश किया,प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जीआईसी प्रतापगढ़ ने विश्वनाथगंज ने 18/21 21/15 21/9 से अपने नाम किया और अपनी बादशाहत साबित करते हुए प्रतियोगिता का विजेता बनने का गौरव हासिल किया, विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को संयुक्त रूप से मन्ना लाल शुक्ला पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी वॉलीबॉल, बीपी सिंह पूर्व बीडीओ ने संयुक्त रूप से पुरस्कार वितरित किया प्रतियोगिता को सफल था बनाने में निर्णायक के रूप में विनोद यादव,राजेंद्र यादव, आरपी सिंह,पप्पू रमेश,मनीष त्रिपाठी उर्फ मिक्की अखिलेश सिंह,अवनीश यादव,जमील अहमद,पवन कुमार,सुनील कुमार और अखिलेश सिंह रहे ,समापन समारोह का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया, इस मौके पर खेल प्रेमी शकुंतला शुक्ला,पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला, एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव, खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह, कबड्डी प्रशिक्षक जेपी यादव, फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश, कुश्ती प्रशिक्षक अरविंद कुमार, जिला क्रिकेट के आयोजन सचिव दुर्गेश त्रिपाठी, पूर्व वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी हितिक श्रीवास्तव और मनीष त्रिपाठी, जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह और निखिल राणा उपस्थित रहे। अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने प्रतियोगिता को सफल रूप से संचालित करने के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# गरीबी जात नहीं देखती - आरक्षण का आधार केवल आर्थिक स्थिति हो 78 साल बाद भी जातिगत आरक्षण की प्रासंगिकता पर सवाल

भारत आज़ादी के 78 वर्ष पूरे कर चुका है। यह वह समय है जब हमें गंभीरता से आत्मचिंतन करना चाहिए कि संविधान निर्माताओं ने आरक्षण की व्यवस्था क्यों दी थी और आज यह किस दिशा में जा रही है। डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के महान विचारकों ने आरक्षण को एक सामाजिक न्याय और समान अवसर का साधन माना था। उद्देश्य था– सदियों से शोषित, वंचित और हाशिए पर पड़े समाज को मुख्यधारा से जोड़ना, ताकि वे शिक्षा और रोजगार में बराबरी से भाग ले सकें।लेकिन आज सवाल यह है कि क्या आरक्षण अपने मूल उद्देश्य में सफल हुआ है? क्या अब भी वही वर्ग, वही परिवार, और वही लोग बार-बार इसका लाभ उठा रहे हैं, जबकि वास्तविक जरूरतमंद आज भी वंचित हैं?

**गरीबी जात देखकर नहीं आती**

गरीबी न किसी धर्म को देखती है, न किसी जात को। यह हर वर्ग में मौजूद है। आज भी उच्च जातियों के लाखों परिवार बेहद दयनीय स्थिति में जी रहे हैं। दूसरी तरफ, कुछ जातियों के विशेष वर्ग ऐसे भी हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति आरक्षण का लाभ पाकर पहले ही मजबूत हो चुकी है, लेकिन फिर भी वे लगातार इसी व्यवस्था के संरक्षण में फल-फूल रहे हैं।यह स्थिति आरक्षण के मूल उद्देश्य पर सवाल खड़ा करती है। यदि लक्ष्य गरीब और पिछड़े को उठाना था, तो फिर मापदंड जाति क्यों, आर्थिक स्थिति क्यों नहीं?

**शिक्षा पर हो फोकस, नौकरी पर नहीं**

आरक्षण का सबसे बड़ा लाभ शिक्षा क्षेत्र में होना चाहिए। जब गरीब बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, किताबें, छात्रवृत्ति, कोचिंग और तकनीकी साधन मिलेंगे तभी वह अपनी प्रतिभा के बल पर आगे बढ़ सकेगा।लेकिन हकीकत यह है कि आरक्षण का अधिकतम उपयोग सरकारी नौकरियों में किया जा रहा है। इससे योग्यता और प्रतिस्पर्धा पर आघात होता है।यदि आरक्षण शिक्षा तक सीमित हो और नौकरी पूरी तरह से योग्यता के आधार पर दी जाए, तो न केवल व्यवस्था पारदर्शी बनेगी बल्कि समाज का हर वर्ग सक्षम भी होगा।

**एक बार लाभ, तो अगली पीढ़ी बाहर**

आरक्षण को स्थायी सुविधा नहीं बनाया जाना चाहिए। यदि किसी परिवार ने आरक्षण के माध्यम से नौकरी, पद अथवा आर्थिक लाभ पा लिया है और उसकी स्थिति सुधर गई है, तो उस परिवार की अगली पीढ़ी को आरक्षण की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। आरक्षण का लाभ बार-बार एक ही परिवार तक सीमित रहने से वही वर्ग और सशक्त होता है, जबकि असली गरीब और जरूरतमंद पिछड़ जाते हैं।यदि यह प्रावधान लागू हो कि– "एक बार आरक्षण का लाभ, तो अगली पीढ़ी बाहर" –तो आरक्षण का फायदा लगातार नए वंचित परिवारों तक पहुँचेगा। यही सामाजिक न्याय की असली भावना होगी।

**समान अवसर ही सच्चा न्याय**

लोकतंत्र का सार यही है कि हर नागरिक को बराबरी का अवसर मिले। जातिगत आरक्षण से समाज में विभाजन की खाई और गहरी होती है। एक वर्ग को लगता है कि उसे केवल जाति की वजह से अवसर से वंचित किया जा रहा है, जबकि दूसरे वर्ग को बिना योग्यता भी अवसर मिल रहे हैं।इससे असंतोष बढ़ता है और सामाजिक एकता कमजोर होती है।आर्थिक आधार पर आरक्षण ही वह रास्ता है जो गरीब को जाति की परिभाषा से ऊपर उठाकर बराबरी का हक दिला सकता है।

**आज़ादी के 78 साल और अभी भी वही सवाल**

भारत आज स्वतंत्रता के 78 वर्ष पूरे कर चुका है। इतने लंबे समय बाद भी यदि वही समाज, वही जातियाँ और वही परिवार अब भी आरक्षण की बैसाखियों पर खड़े हैं, तो यह आरक्षण की सफलता नहीं बल्कि उसकी असफलता है। संविधान सभा ने आरक्षण को स्थायी व्यवस्था नहीं, बल्कि अस्थायी उपाय के रूप में सोचा था। परंतु आज यह स्थायी राजनीतिक हथियार बन गया है। हर चुनाव में जातिगत आरक्षण को मुद्दा बनाया जाता है और वोट बैंक की राजनीति हावी रहती है।अब यह गंभीर सवाल है कि– "क्या आरक्षण ने वास्तव में समाज को बराबरी पर खड़ा किया है, या केवल कुछ वर्गों और परिवारों को सशक्त बनाने का साधन बन गया है?"

**राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत**

सभी जानते हैं कि जातिगत आरक्षण वोट बैंक की राजनीति का सबसे बड़ा हथियार है। यही कारण है कि आर्थिक आधार पर आरक्षण की चर्चा होते हुए भी यह नीति पूरी तरह लागू नहीं हो पाई। यदि भारत को वास्तव में विकसित राष्ट्र की ओर ले जाना है, तो राजनीतिक दलों को जातिगत सोच से ऊपर उठना होगा। आरक्षण को शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वरोज़गार तक सीमित करके केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक पहुँचाना ही सही दिशा होगी।

**समाधान क्या हो?**

1. आरक्षण का आधार केवल आर्थिक स्थिति बने।
2. आरक्षण शिक्षा और अवसरों तक सीमित हो, नौकरी में नहीं।
3. एक बार लाभ पाने वाले परिवार की अगली पीढ़ी को बाहर किया जाए।
4. गरीब विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संसाधन उपलब्ध कराए जाएँ।
5. राजनीति में आरक्षण का दुरुपयोग बंद हो।

गरीबी जाति-धर्म की मोहताज नहीं। वह हर घर में दस्तक देती है। अब समय है कि आरक्षण की परिभाषा बदली जाए। इसे जातिगत ढाँचे से बाहर निकालकर आर्थिक आधार पर, शिक्षा और अवसरों तक सीमित किया जाए।एक बार लाभ पा चुके परिवार को इसका हकदार न मानकर नए-नए वंचित परिवारों तक आरक्षण पहुँचाया जाए। तभी यह व्यवस्था अपने असली उद्देश्य को पूरा करेगी और भारत वास्तव में सामाजिक समानता की ओर बढ़ेगा। आरक्षण राजनीति का हथियार नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय का साधन बने—यही आज़ादी के 78 वर्षों बाद इस लोकतंत्र की असली आवश्यकता है।

**बृजभूषण तिवारी**

# संपादकीय

## मादक पदार्थो की गिरफ्त में ग्रामीण अंचलो की नवपीढ़ी



आधुनिकता के इस युग मे हम बेशक चांद पर जिंदगी बसरने की ओर है जा रह है किंतु हमारी नवपीढ़ी किस ओर जा रही है इस पर भी गहन चिंतन मनन करना आज सभी वर्ग के लोगो को आवश्यक है। यदि आज चिन्तन मनन नही किया गया नवपीढ़ी के भटकाव पर तो यह हमारे सभ्य समाजो के लिए बहुत ही घातक भरा कदम होगा ! वर्तमान में महानगरो से लेकर दूरस्थ ग्रामीण अंचलो तक मे नवपीढ़ी के किशोर तरुण युवाओं के रहन सहन आचार विचार और व्यवहार में आज जो बदलाव देखने में आया है वह कभी कभी भयावना सा लगने लगता है। आज यह कहते हुए बहुत दुख होता है कि हमारे देश की आधी से ज्यादा नवपीढ़ी के किशोर बालक बालिकाएं नशे की लत का शिकार होते जा रहे है। इस कडवी सच्चाई को हर वर्ग हर धर्म के लोगो को स्वीकारना होगा और कोई यह दावा नही कर सकता कि उसका समाज या वर्ग नशे की लत से कोसो दूर हैं। किशोर तरुण युवाओं का नशे की लत में गिरफत होना न सिर्फ महानगरो या नगरों तक ही आज सीमित नही रह गया है बल्कि मादक पदार्थ दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तककी युवा नवपीढ़ी की नसों को बड़ी तेजी से खोखले करते जा रहे है। इसे इस देश की विडंबना कहे या फिर दुर्भाग्य कहा जाये कि देश व प्रदेश के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में आज भी जहां सामान्य पेट दर्द या बुखार की एक गोली भी मिलना मुश्किल हो जाता हे उन्हीं ग्रामीण अंचलों में मादक पदार्थो की हर वस्तु अफीम गांजा चरस हेरोईन कोकीन और नशे के इंजेक्शन केप्सूल आदि प्रर्तिबन्धित मादक पदार्थ मिलना बड़ा आसान हे जिसके चलते आज यह देश का यह दुर्भाग्य बन गया हे कि आज देश का हर तीसरा युवा नशे का आदि होता जा रहा है ? नवपीढ़ी के युवाओं के मादक पदार्थो के प्रति बढ़ते आकर्षण का मुख्य कारण मोबाइल भी बनता जा रहा है। अमूमन आज देश के घर घर मे छोटे छोटे बच्चों के हाथों में मोबाईल रहता है। अधिकांश शहरी लोग व शिक्षित माता पिता तो चार छह महीने की उम्र से ही शांत रखने के लिए बच्चो को ही हाथों में मोबाईल थमा देते है। आज बच्चो को मोबाइल की लत सी हो गई है जब तक उनके हाथों में मोबाईल नही आ जाये ओर उनकी जिज्ञासाएं शांत नही हो जाये तब तक आप उनके व्यवहार को देखिए कैसे बदला हुआ सा रहता है। मोबाइल के फब्जी जैसे गेम या अश्लील वीडियो चेटिंग बच्चों की कच्ची उम्र में कामुकता बढ़ाने का काम करते है। कच्ची उम्र में बढ़ती कामुकता को शांत करने के लिए नवपीढ़ी के अधिकांश किशोर बालक बालिकाएं मादक पदार्थो की ओर आकर्षित होकर अपना जीवन शुरू होने के पहले ही खत्म कर लेते है।आज देश मे मादक पदार्थो की वहज से अपराधों में बड़ी तेजी आती जा रही है। इन्ही मादक पदार्थो ओर मोबाईल ने आज न केवल महानगरीय या नगरीय बल्कि उन दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में भी जो कभी किसी की भी बेटी को अपनी व अपने गांव की बेटी मानकर उसके मान सम्मान की रक्षा करते थे आज उन ग्रामीण अंचलों में भी मानसिकताएं मादक पदार्थो ओर मोबाइल के चलते इतनी विकृत हो गई है कि उनके अपने ही घर आंगन में छोटी छोटी मासूम बच्चिया बिना पहरे के निर्भीक होकर नही खेल सकती है।मादकता के खोफ के चलते लोहे के पंजरो में कैद होकर सिकुड़ते बचपन की मानसिकता को मोबाईल विकृति कर रहा है। हम सभी को मिलकर मादक पदार्थो व मोबाईल की मादकता से नव पीढ़ी को बचाने का एक ईमानदारी पूर्वक सार्थक कदम उठाना होगा तभी चांद पर जिंदगी जीना सार्थक होगी ?

**अरविन्द रावल**

# भारत की संतुलित विदेश नीति का नया अध्याय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चीन यात्रा को लेकर इन दिनों पूरी दुनिया की निगाहें भारत और चीन के रिश्तों पर टिकी हुई हैं। यह यात्रा महज़ एक बहुपक्षीय सम्मेलन में उपस्थिति भर नहीं है, बल्कि बदलते अंतरराष्ट्रीय हालात में भारत की रणनीतिक दिशा और उसकी स्वतंत्र विदेश नीति का अहम संकेत भी देती है। भारत आज जिस दौर से गुज़र रहा है, उसमें अमेरिका और चीन दोनों ही उसके लिए अवसर और चुनौती बने हुए हैं। ऐसे में मोदी की यह चीन यात्रा न केवल शंघाई सहयोग संगठन के दायरे में सहयोग की संभावना तलाशने की कोशिश है, बल्कि यह अमेरिका को भी एक अप्रत्यक्ष संदेश देती है कि भारत किसी एक ध्रुव पर पूरी तरह आश्रित रहने को तैयार नहीं है। पिछले दिनों अमेरिका ने भारतीय निर्यात पर भारी भरकम टैरिफ़ लगा दिया है। 27 अगस्त से लागू हुए इस फैसले के तहत भारतीय सामान पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ़ जोड़ दिया गया, जिससे कुल दर लगभग पचास प्रतिशत हो गई। इस कदम से भारत के छोटे कारोबारियों, किसानों और निर्यातक उद्योगों पर सीधा दबाव पड़ा है। मोदी ने साफ शब्दों में कहा कि भारत अपने हितों की रक्षा करेगा और किसी दबाव के आगे नहीं झुकेगा। उनका यह बयान घरेलू राजनीति से आगे बढ़कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी संदेश देता है कि भारत अमेरिका का जूनियर पार्टनर नहीं बनेगा। यह वही भारत है जिसने रूस से सस्ते तेल की खरीद अमेरिका की नाराज़गी के बावजूद जारी रखी और अब जब टैरिफ़ युद्ध का सामना कर रहा है, तब भी वह अपनी रणनीतिक स्वायत्तता पर अडिग है। दूसरी ओर चीन के साथ भारत के रिश्ते जटिल और पेचीदा रहे हैं। सीमा विवाद, गलवान की घटना और एशिया में प्रभाव की प्रतिस्पर्धा ने दोनों देशों के बीच गहरा अविश्वास पैदा किया है। इसके बावजूद आर्थिक और क्षेत्रीय सहयोग की ज़रूरत दोनों को एक-दूसरे से बातचीत की तरफ धकेलती रही है। यही कारण है कि मोदी की तियानजिन यात्रा पर चीनी मीडिया ने सकारात्मक टिप्पणी की है। चीन के सरकारी अख़बार 'चाइना डेली' ने इस यात्रा को भारत-चीन संबंधों को नया मोमेंटम देने का प्रयास बताया। अख़बार का कहना है कि अमेरिका की एकतरफा टैरिफ नीतियों के बीच भारत के लिए चीन के साथ सहयोग को प्रतिद्वंद्विता के बजाय साझेदारी के रूप में देखना अधिक व्यावहारिक होगा। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने अमेरिका के फैसले को भारत के लिए बड़ा झटका कहा और मोदी के उस वादे को प्रमुखता से छापा जिसमें उन्होंने छोटे कारोबारियों और किसानों की सुरक्षा की बात कही।चीनी विशेषज्ञों का मानना है कि शिखर सम्मेलन में कनेक्टिविटी, गैर-खेती व्यापार, पर्यावरणीय सहयोग और लोगों के बीच संपर्क जैसे मुद्दों पर सहमति बनने की संभावना है। इन क्षेत्रों में सहयोग से दोनों देशों को लाभ हो सकता है और साथ ही एशिया की स्थिरता में भी योगदान दिया जा सकता है। हांगकांग बेपटिस्ट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता अर्जुन चटर्जी ने लिखा कि अगर भारत और चीन इन विषयों पर साथ आएं तो उनके बीच व्यावहारिक साझेदारी का नया अध्याय शुरू हो सकता है। इस यात्रा का एक और दिलचस्प पहलू है—अमेरिका के लिए अप्रत्यक्ष संदेश। चीन की राष्ट्रवादी वेबसाइट गुआंचा ने लिखा कि भारत चीन से रिश्ते सुधारकर अमेरिका के साथ अपनी सौदेबाज़ी क्षमता बढ़ाना चाहता है। यह बात काफी हद तक सही भी है। भारत जानता है कि अगर वह केवल अमेरिका पर निर्भर रहेगा तो उसकी रणनीतिक स्वतंत्रता खत्म हो जाएगी। इसलिए वह चीन और रूस जैसे साझेदारों से भी अपने रिश्ते सुधारकर संतुलन साधने की कोशिश कर रहा है। यह नीति भारत को लचीलापन देती है और वैश्विक मंच पर उसकी स्थिति को मज़बूत बनाती है। मोदी सरकार की विदेश नीति का मूल तत्व यह है कि भारत किसी एक गुट में पूरी तरह शामिल नहीं होगा। चाहे वह रूस से तेल की खरीद का मामला हो, चीन से संवाद बनाए रखने की पहल हो या अमेरिका के साथ तकनीकी और रक्षा सहयोग को बढ़ाने का सवाल—भारत हर जगह अपने राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखता है। यही नीति भारत को गुटनिरपेक्ष आंदोलन की विरासत से जोड़ती है लेकिन एक आधुनिक और आत्मविश्वासी अंदाज़ में। अब यह केवल गुटनिरपेक्षता नहीं, बल्कि सक्रिय बहु-संरेखण की नीति है। एशिया की राजनीति में भारत की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। शिखर सम्मेलन जैसे मंच पर भारत और चीन आतंकवाद, ऊर्जा सुरक्षा और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी जैसे मुद्दों पर साझा दृष्टिकोण बनाने की दिशा में काम कर सकते हैं। अगर दोनों देश न्यूनतम विश्वास बहाली कर लें तो पूरे एशियाई क्षेत्र में पश्चिमी देशों की पकड़ कमजोर हो सकती है। भारत के लिए यह अवसर है कि वह एक पुल की भूमिका निभाते हुए पूर्व और पश्चिम दोनों ध्रुवों को जोड़ने का काम करे। मोदी की चीन यात्रा को केवल औपचारिक उपस्थिति मानना गलत होगा। यह यात्रा भारत की संतुलित विदेश नीति का ऐलान है। एक तरफ भारत अमेरिका के साथ साझेदारी जारी रखेगा लेकिन दूसरी तरफ चीन के साथ भी व्यावहारिक सहयोग बढ़ाने की कोशिश करेगा। इस तरह भारत न तो पूरी तरह किसी एक ध्रुव की तरफ झुकेगा और न ही किसी दबाव में आएगा। बल्कि, वह अपनी स्वतंत्र कूटनीति के आधार पर दोनों से अधिकतम लाभ उठाने का प्रयास करेगा। अंततः इस यात्रा का संदेश स्पष्ट है। भारत अब केवल एक उभरती अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि एक आत्मविश्वासी शक्ति है जो अपनी शर्तों पर दुनिया से संबंध बनाना चाहती है। अमेरिका को यह समझना होगा कि भारत उसके दबाव में झुकने वाला नहीं है और चीन को यह मानना होगा कि भारत केवल प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि सहयोगी भी हो सकता है। इस संतुलनकारी नीति के जरिये भारत न केवल अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करेगा बल्कि वैश्विक राजनीति में भी एक नई पहचान गढ़ेगा।

मोदी की चीन यात्रा इसी संतुलनकारी नीति का प्रतीक है। यह अमेरिका को अप्रत्यक्ष चेतावनी है कि भारत वैकल्पिक साझेदारियाँ तलाश सकता है और चीन को स्पष्ट संकेत है कि व्यावहारिक सहयोग दोनों के लिए फायदेमंद हो सकता है। कूटनीति की इस बिसात पर भारत ने चाल चल दी है। अब देखना यह होगा कि दुनिया की बाकी ताक़तें इस खेल को किस तरह पढ़ती हैं और आने वाले वर्षों में भारत किस तरह अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को मज़बूती से कायम रखता है।

**महेन्द्र तिवारी**

# महिलाओं को आगे बढ़ाने भगीरथ प्रयास क्यों नही

**बालिकाएं उच्च शिक्षा की हकदार।**

भारत में महिलाओं की मुक्ति तथा सशक्तिकरण का प्रश्न स्वतंत्रता एवं भारत की मुक्ति के साथ अनिवार्य रूप से प्रासंगिक हो गया हैद्य स्वतंत्र काल से जुड़ी हुई महिला सशक्तिकरण की यात्रा आज तक अनवरत जारी हैद्य आज भी महिलाएं सामाजिक राजनीतिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक सभी मोर्चों और सवालों पर पुरुषों के समकक्ष संघर्ष करती नजर आ रही हैद्य आज राष्ट्र निर्माण में नारी अपनी भूमिका से न केवल परिचित है बल्कि उसकी गंभीर जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए भी तत्पर व सक्षम हैद्य वर्तमान में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक हैद्य भारत विकास की दर आज बड़ी से बड़ी वैश्विक शक्ति से टक्कर लेने की जद पर हैद्य विकास की गाथा में देश की आधी आबादी यानी महिलाओं की भूमिका बढ़ती जा रही हैद्य अनेक सामाजिक आर्थिक विसंगतियों के बावजूद आज हर मोर्चे पर महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होती दिखाई दे रही हैद्य यह आत्मविश्वास उन्हें सदियों के संघर्ष के बाद हासिल हुआ है, प्राचीन काल में अपाला तथा गोसा जैसी विदुषी महिलाओं ने अपनी कीर्ति पताका फैलाई थी, भारतीय समाज में उन्हें सम्मान और बराबरी का दर्जा दिया गया है ,परंतु मध्यकाल में भारत अपनी संकुचित एवं संकट दृष्टि का शिकार हो गया महिलाओं को घर की चारदीवारी में कैद होना पड़ा थाद्य इसी के साथ कैद हो गई थी उनकी संपूर्ण योग्यता,ऊर्जा,शक्ति, आकांक्षाएं और व्यक्तित्व विकास की संभावनाएंद्य भारत एवं भारत के बाहर विदेशों में भारतीय मूल की ऐसे सैकड़ों महिलाएं हैं जिन्होंने भारत देश का नाम रोशन किया है उनके नाम की सूची बड़ी लंबी है उनका उल्लेख न करते हुए समग्र रूप से उनका नमन करते हुए यह बताना चाहूंगा कि महिलाएं निरंतर उच्च पदों पर आसीन हो रही है इन सब के साथ सबसे पुराने बजट तथा घर के अर्थशास्त्र को संभालने की भूमिका का भी कुशलतापूर्वक सदियों से प्रबंधन करती आ रही हैद्य इसके साथ ही वे अपनी शैक्षणिक योग्यता में निरंतर सुधार कर रही है जनसंख्या गणना के आंकड़े भी इसकी पुष्टि करते हैं, महिलाएं जहां शिक्षा, प्रशासन,मेडिकल क्षेत्र, इंजीनियरिंग, स्पेस रिसर्च, विज्ञान टेक्नोलॉजी और उद्यानिकी ,एग्रीकल्चर, सेरीकल्चर और तमाम क्षेत्रों में असाधारण रूप से शिक्षा प्राप्त कर प्रगति कर रही और उच्च पदस्थ होकर कार्यों का कुशलता से संपादन कर रही हैंद्य सामाजिक कुरीतियों के विरोध में समाज को आगाह करने और उसका विरोध करने में भी महिलाएं पीछे नहीं है, फिर चाहे वह शनि सिंगनापुर हाजी अली दरगाह या तीन तलाक के मामले में इनकी सजगता ने सामाजिक परिवर्तन लाया है। सरकार भी इनकी इस भूमिका को स्वीकार करते हुए थल जल और वायु सेना में युद्धक की भूमिका मैं इनकी नियुक्ति कर रही है। हम यदि राजनीतिक क्षेत्र की चर्चा करें तो पंचायती स्तरों पर महिला प्रधानों ने गंभीर परिवर्तन के प्रयास किए, किंतु हमें यहां हमेशा स्मरण रखना चाहिए की देश के आर्थिक विकास में अभी भी महिलाओं को वह भागीदारी व सम्मान नहीं मिल पा रहा है जिसके लिए वह पूर्णरूपेण हकदार है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया की श्रम बल भागीदारी में महिलाओं की भागीदारी 25% से भी कम हो गई है। महिलाओं को अनेक सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक एवं मनोवैज्ञानिक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं को समान पदों पर कार्यरत पुरुषों की तुलना में कम वेतन दिया जाता है तथा अधिकांश शीर्ष पदों पर पुरुषों का कब्जा है के अलावा दुनिया की सबसे कम तनखा वाली नौकरियों में 60% महिलाएं ही हैं। महिलाओं द्वारा अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए कार्यस्थल पर कार्य करते हुए देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।इन परिस्थितियों में महिलाओं द्वारा दिए गए सामाजिक आर्थिक विकास के योगदान को पहचानते हुए सरकार ने मातृत्व लाभ अधिनियम 2016 तथा यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के माध्यम से अनुकूल वातावरण तथा महिलाओं को मातृत्व अवकाश देने के कई अच्छे प्रावधान भी उपलब्ध कराए हैं। इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड अपने आंकड़ों से स्पष्ट करता है की किस प्रकार महिलाओं की श्रमबल में अधिक भागीदारी जीडीपी में अप्रत्याशित वृद्धि करता है। पूरा विश्व इस बात से सहमत है की महिलाएं कोमल है पर कमजोर नहीं एवं शक्ति का नाम ही नारी है। हिंदुस्तान के विकास में सही मायने में यदि 50% भागीदारी महिलाओं की हो तो असाधारण क्षमता की धनी महिलाएं इस देश को विश्व के अन्य विकसित देशों में खड़ा कर सकती हैं, जरूरत इनकी शक्ति क्षमता एवं योग्यता को पहचानने की है। 21वीं सदी में विश्व शक्ति रूप भारत के सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक विकास में महिलाओं का सर्वांगीण विकास को आधार बनाकर आर्थिक महाशक्ति के स्वप्न को साकार किया जा सकता है।

**संजीव ठाकुर**

# दैनिक राशिफल




**ज्योतिष सेवा केन्द्र लखनऊ**
**डॉ. कौशलेन्द्र पाण्डेय जी**
**मो.9455715061,8896344970**

१.मेष- आज पूरानी योजना फलीभूत होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। मतभेद समाप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। कार्य में प्रगति होगी। दूसरों से अपेक्षा न करें। समय आपके पक्ष में है।

२.बृष- परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद को बढ़ावा न दें। संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। बुद्धि का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें।

३.मिथुन- स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बुद्धि व ज्ञान की वृद्धि होगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। बड़ों की बात मानें, लाभ होगा। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। वरिष्ठ जन सहयोग करेंगे। जोखिम न लें। आलस्य रहेगा।

४.कर्क- आज पूरा दिन दौड़धूप अधिक होगी। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। घर-बाहर तनाव रहेगा। शांति बनाए रखें। अधिक प्रयास करने से लाभ होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

५.सिंह- विवाद को बढ़ावा न दें। उत्तेजना पर नियंत्रण आवश्यक है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। घर में अशांति रहेगी। कुसंगति से बचें। वस्तुएं संभालकर रखें। कोई बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है, धैर्य रखें।

६.कन्या- आज उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। दूसरों के काम की जवाबदारी न लें। प्रयास भरपूर करें, लाभ होगा। वरिष्ठजनों से मेल-मुलाकात होगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

७.तुला- लाभ के अवसर हाथ आएंगे। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा से लाभ होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम उठाने व जल्दबाजी करने से बचें।

८.वृश्चिक- रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बाहरी-भीतरी मतभेद समाप्त होने से प्रसन्नता रहेगी।

९.धनु- इन दिनों भाई व पार्टनर से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। भाग्य अनुकूल है। समय का लाभ लें। रोजगार में वृद्धि होगी। परिवार में कोई मंगल कार्य हो सकता है। प्रसन्नता रहेगी। अपेक्षित कार्य पूर्ण होंगे।

१०.मकर- आज के दिन में साधनों पर अतिव्यय हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बोलचाल में हल्की मजाक न करें। घर-बाहर तनाव रह सकता है। कार्यकुशलता में कमी रहेगी। कोई बड़ी गलती हो सकती है। अपरिचितों पर विश्वास न करें।

११.कुंभ- तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। प्रतिद्वंद्वी शांत रहेंगे। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। आय के नए स्त्रोत प्राप्त हो सकते हैं। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा।

१२.मीन- आज आपको पूरा मेहनत का फल मिलेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। आय में वृद्धि होगी। कोई बड़ी समस्या का हल मिलेगा। मित्र व संबंधी सहयोग करेंगे। घर के बड़ों की चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। संतान पक्ष तरक्की करेगा।

# दलगत राजनीति से उपर उठकर भारत के विकास में सहयोग करे राजनैतिक पार्टियां

इस भारत का जनमानस समझ रहा है कि राजनीति और प्रशासन के लिए अब पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति ने भी आवाज लगा दी है। अनेक कारण हैं जिसमें सबसे प्रमुख है नेताओं का स्वार्थ की हर सीमा को लांघ जाने के अनेकानेक उदाहरण प्रस्तुत करना। आज भारत के राजनीतिक पटल पर अपना पुश्तैनी अधिकार मानने वाला खेमा सत्ता से बाहर हो गया है। उनमें हताशा ही नहीं है, उन्हें अपना भविष्य भी अंधकारमय दिखाई देता है। देश के 18 राजनीतिक दल चुनाव आयोग से ईवीएम मशीनों को हटाने की मांग करते रहते है। भारत का नागरिक अब अपने अनुभव से उन्हें तथा उनकी करतूतों को पहचान गया है। अब हर नेता परिवारवाद तथा भ्रष्टाचार से दूर हुआ है और होना ही पड़ेगा। जनता ने नरेन्द्र मोदी और आदित्यनाथ योगी को शिखर पर बैठाकर इसे राजनीति के पंडितों के समक्ष उजागर किया है। अब आधुनिक सामंतशाही भी नहीं चलने वाली है। नेताओं की सुरक्षा के नाम पर नागरिकों को लगातार यह दिखाया जाता रहा है कि नेता और अधिकारी उनसे कितने ऊंचे हैं, कि लाल नीली बत्ती वाले कितने श्रेष्ठ हैं! लेकिन मोदी ने लाल पीली बत्ती को हमेशा के लिए बुझा दी है।देश मे सत्ता परिवर्तन के बाद लोगो को सिस्टम पर भरोसा होता दिखाई दे रहा है।इसके पूर्व सरकार की आलोचना की भरमार थी।लोगो को धक्केशाही ने हैरान कर दिया था।आधुनिकीकरण के बढ़ते जज्बे ने सरकार पर पूर्णरूप से भरोसा जताना शुरू कर दिया है।अब नागरिक यह सोच रहे है कि भ्रष्टाचार हावी है,लेकिन जनता के कार्य समय पर हो रहे है।सरकार का सबसे नीचे का कर्मचारी भी अधिकारी होता है। अपनी इस विशिष्ट स्थिति को वह सदा याद रखता है। हर अफसर चाहता है कि 'नागरिक' उसके बड़प्पन को सदा याद रखे। इस सरकारी अहंकार में लगातार बढ़ोत्तरी हुई है। कई बार वीआइपी के लिए रोके गए रास्ते के कारण एम्बुलेंस समय पर अस्पताल नहीं पहुंच सकी और मौतें हुई। जनता अब इस प्रकार के बड़प्पन के प्रदर्शन को सीधे भ्रष्टाचार तथा कदाचरण से जोड़ती है।कांग्रेस का वोटचोरी का आरोप कांग्रेस को भी नही भा रहा है।कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा कि कांग्रेस की ऐसी ही धांधली के कारण 1991 में सिद्धारमैया ग्यारह हजार वोट से चुनाव हार गए थे।उसी परिपाटी पर कांग्रेस फिर से चल रही है।मोदी विदेश यात्रा में मशगूल है।रविवार को शंघाई शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया।भाजपा और चुनाव आयोग ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि कांग्रेस सबूत रहित बेबुनियाद बात नही करे।कांग्रेस जिस मुद्दे को लेकर भुनाने निकली है।उससे राजनीति के गलियारों में क्या फर्क पड़ता है यह तो चुनाव आने के बाद ही पता चलेगा।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### घर से गायब हुई युवती, गुमशुदगी दर्ज

**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती रविवार की दोपहर परिजनों के जानकारी के बगैर घर से कहीं गायब हो गई। जब काफी देर बीते जाने के बाद भी युवती घर नहीं पहुंची तो परिजनों की बेचैनी बढ़ने लगी। परिजनों द्वारा युवती की काफी खोजबीन किया गया लेकिन कहीं कोई सुराग हाथ नहीं लगा। काफी प्रयास के बाद भी जब गायब युवती का पता नहीं चला तो थक-हार कर युवती के पिता ने बेटी की गायब होने की लिखित सूचना स्थानीय पुलिस को दी। वहीं शिकायती पत्र पाकर स्थानीय पुलिस मामले में गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन की कार्यवाही में जुट गई। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय ने बताया कि मामले में गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन की जा रही है।

### दम्पति को कार से कुचलने की कोशिश, आरोप

**घात लगाए बैठे मामा व उनके लड़कों ने किया दम्पति को कार से कुचलने का प्रयास**

**महराजगंज।** नौतनवा थाना क्षेत्र के स्थानीय नौतनवां वार्ड नं 13 महेंद्र नगर निवासी सुनील चौरसिया पुत्र लालू प्रसाद ने नौतनवां पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि बीते शनिवार को अपनी गर्भवती पत्नी नीलम को लेकर दवा करवाने अस्पताल गया था। वहीं दवा करवाकर सुनील अपनी गर्भवती पत्नी नीलम को स्कूटी पर बैठाकर करीब 6 बजे अपने ससुराल नौतनवां थाना क्षेत्र के पुरैनिहा टोला लोहसी जा रहा था। आरोप है कि लोहसी चौराहे पर पहले से घात लगाए बैठे नौतनवां मधुबन नगर वार्ड नं 8 निवासी उसके मामा व मामा के लड़कों ने चलती कार से स्कूटी को पीछे से ठोकर मार दिया। कार के ठोकर से पति-पत्नी दोनों घायल हो गए। आरोप है कि मामा व उनके लड़कों द्वारा जानबूझकर जान से मारने की नीयत से स्कूटी को ठोकर मारा इसके अलावा कार को बैककर कुचलने का भी प्रयास किया गया। पीड़ित सुनील चौरसिया ने नौतनवां पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष पुरषोत्तम राव ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### विकसित भारत परिकल्पना को ले जिलाधिकारी दिव्या मित्तल का हुआ चयन



**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल को केंद्र सरकार की विकसित भारत परिकल्पना स्ट्रेटजी रूम में प्रतिभाग हेतु चुना गया है। वह प्रदेश की एकमात्र जिलाधिकारी हैं जिन्हें यह अवसर मिला है। 4 सितंबर को नई दिल्ली स्थित नीति आयोग में होने वाले सम्मेलन में वह अपने अनुभव साझा करेंगी। इससे पहले दिसंबर 2024 में भी उन्हें राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन में आमंत्रित किया गया था। आईआईटी दिल्ली एवं आईआईएम बेंगलुरु से शिक्षित दिव्या मित्तल प्रशासनिक नवाचारों और महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य व पेयजल जैसे क्षेत्रों में अपने कार्यों से युवाओं की प्रेरणास्त्रोत बनी हैं।

### संपत्ति संबंधी अपराधियों का सत्यापन, सुधार हेतु दिलाई गई शपथ

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस ने 31 अगस्त को विशेष अभियान चलाकर चोरी, लूट, वाहन चोरी, नकबजनी जैसे संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त अपराधियों का थाना स्तर पर सत्यापन किया और कड़ी निगरानी हेतु परेड कराई।इस दौरान उनके आपराधिक इतिहास की समीक्षा की गई तथा वर्तमान गतिविधियों का रिकॉर्ड अपडेट किया गया। पुलिस अधिकारियों ने अपराधियों को सामाजिक मुख्यधारा से जुड़ने की प्रेरणा दी और भविष्य में किसी भी आपराधिक गतिविधि से दूर रहने की शपथ दिलाई।पुलिस अधिकारियों ने चेताया कि यदि दोबारा अपराध में संलिप्त पाए गए तो कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। एसपी विक्रान्त वीर ने कहा कि देवरिया में अपराध और अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। सुधार और कड़ी कार्रवाई दोनों दृष्टिकोण अपनाकर समाज में विश्वास और सुरक्षा की भावना सुदृढ़ की जा रही है। देवरिया पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी आपराधिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय पर कार्रवाई हो सके।

# एसपी से सिपाही ने लगाया सिपाही पत्नी से सुरक्षा की गुहार

**● महिला सिपाही संग प्रेमी सिपाही का हाई वोल्टेज ड्रामा से डरा सिपाही पति**

**6 फरवरी 2023 को एक दूजे के बने, 31 अगस्त 2025 को पत्नी की करस्तानी देख डर गया सिपाही**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कुशीनगर।** जनपद के कसया थाने में तैनात एक महिला कांस्टेबल को उसके पति ने प्रेमी सिपाही संग रंगे हाथों पकड़ लिया, फिर हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू हो गया, पहले तो पति ने कमरे का दरवाजा खुलवाया लेकिन जब दरवाजा खुलने के बाद दोनों प्रेमी और प्रेमिका ने सिपाही पति को जान से मारने की धमकी देने लगा, उसके बाद पति ने 112 नंबर पर काल करके पुलिस बुला लिया। पुलिस के आने के बाद भी महिला कांस्टेबल कमरे का फाटक नहीं खोल रही थी, बड़ी बमुश्किल से जबरन उसने कमरे का दरवाजा खोला, दरवाजा खोलने के बाद वह अपने प्रेमी सिपाही को बाहर नहीं निकाल रही थी, दोनों पति और पत्नी के बीच काफी गरमा गरम बहस भी हुई। उसके बाद 112 नंबर की पुलिस अपने साथ उसे थाने ले गई, पीड़ित पति ने कसया थाने में अपनी पत्नी और उसके प्रेमी सिपाही के खिलाफ तहरीर दे दी है।पुलिस ने इस मामले में कैमरे के सामने कुछ भी बोलने से मना कर दिया है, लेकिन घटना से जुड़ा पूरा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

कुशीनगर जनपद के पुलिस लाइन में तैनात आरक्षी मिथिलेश यादव की शादी वर्ष 2023 में जनपद बलिया निवासी महिला कांस्टेबल सिंपी की शादी धूमधाम से हुई थी, शादी के बाद सब कुछ ठीक ही चल रहा था, सिंपी की तैनाती वर्तमान में कसया थाने में है। इसी दौरान कसया थाने में ही तैनात सिपाही विश्वनाथ राय से सिंपी से अवैध संबंध हो गए, सिंपी और विश्वनाथ दोनों घंटों फोन पर लंबी लंबी बातें करते थे, इसका शक मिथिलेश यादव को हो गया था। आज सुबह उसे शक हुआ तो वह कसया स्थित अपनी पत्नी के कमरे पर मिलने पहुंचा, कमरे पर पहुंचा तो सिंपी और विश्वनाथ कमरे में थे, यह स्थिति देखकर मिथिलेश आग बबूला हो गया। पहले तो वह खुद कमरे का दरवाजा खुलवाना चाहा लेकिन अंदर से दोनों ने दरवाजा नहीं खोला और मिथिलेश को धमकी देने लगे, उसके बाद मिथिलेश ने 112 नंबर डॉयल करके पुलिस बुला लिया। जब 112 नंबर की पीआरबी गाड़ी पहुंचीं उसके बाद हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू हुआ। बड़ी मुश्किल से जबरदस्ती कमरे का फाटक खुलवाया गया, उसके बाद महिला सिपाही सिंपी और उसके पति सिपाही मिथिलेश यादव के बीच काफी गरमा गरम बहस भी हुई। मौके पर पहुंची 112 नंबर की पुलिस ने






कमरे को खुलवा कर कमरे के अंदर बंद सिपाही विश्वनाथ राय को बाहर निकाला और अपनी गाड़ी में बैठकर थाने ले गई। इस दौरान पूरे मामले का वीडियो भी बना और वह वॉयरल हो गया।

कुशीनगर जनपद के पुलिस लाइन में तैनात आरक्षी मिथिलेश यादव ने कसया थानाध्यक्ष को दिए शिकायती पत्र में लिखा है कि हम प्रार्थी आरक्षी मिथिलेश यादव पुत्र पृथ्वीपाल यादव साकिन- विशुनपुरा पोस्ट चैनपुर गुलौरा थाना- उभाँव जिला- बलिया (उ0प्र0) का स्थायी निवासी हूं। वर्तमान समय में आरक्षी पद पर रिर्जव पुलिस लाईन कुशीनगर में कार्यरत हूं। मेरी शादी 06 फरवरी 2023 को सिम्पी यादव पुत्री रामचन्द्र यादव साकिन- सुल्तानपुर पोस्ट- बछ्ईपुर थाना- नगरा जिला- बलिया (उ0प्र0) के साथ हुई थी तथा शादी के चार दिन बाद विदाई हुई तथा नौ दिनो तक मेरे साथ मेरे घर पर रही। मेरी पत्नी सिम्पी यादव भी पुलिस विभाग में महिला आरक्षी के पद पर थाना- कसया में कार्यरत है। कुछ दिनो से आरक्षी विश्वनाथ राय से फोन पर बातें करती थी, 31 अगस्त 2025 को समय करीब 08:20 बजे सुबह मै अपने पत्नी सिम्पी यादव के आवास कसया पर गया तो देखा कि दोनो लोग अर्धनग्न अवस्था में कमरे थे, विरोध करने पर दोनो लोग जान से मारने की धमकी देने लगे। हम प्रार्थी बाहर निकलकर दरवाजा बाहर से बन्द करके डायल यू0पी0 112 पर सूचना दिये है तो मौके पर पी0आर0पी0 5793 गाडी आयी है और दोनो लोगो को लेकर थाना कसया पर गयी है। हम प्रार्थी की पत्नी का अवैध सम्बन्ध आरक्षी विश्वनाथ राय से लगभग दो वर्षो से है अब हम प्रार्थी अपने पत्नी के साथ नही रहना चाहता हूँ क्योकि मुझे डर है कि अब वह मेरे साथ रहेगी तो मेरी हत्या कर या करवा सकती है। उक्त दोनो लोगो के खिलाफ कानूनी एवं विभागीय कार्यवाही करते हुये हम प्रार्थी की जान की रक्षा करना आवश्यक है। पत्र में जिक्र है कि हमारी पत्नी महिला आरक्षी व उसके प्रेमी आरक्षी पी0एन0ओ0 नं0- 212620023 सिम्पी यादव मो0नं0- 9198019280 पी0एन0ओ0नं0- 192622875 विश्वनाथ राय मो0 नं0- 6205853815 के खिलाफ कानूनी एवं विभागीय कार्यवाही करते हुये हम प्रार्थी की जान की सुरक्षा किये जाने की कृपा की जायें।

# पीएसी जवान अभिषेक दूबे की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत, गांव में पसरा मातम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** बेलीपार थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह करीब 10 बजे हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। इस हादसे में गोरखपुर के खिरकिटा दूबे गांव निवासी और 30वीं वाहिनी पीएसी गोंडा में तैनात जवान अभिषेक दूबे की असमय मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, अभिषेक इन दिनों ड्यूटी पर गोरखपुर आए हुए थे और छुट्टी में अपने पैतृक गांव खिरकिटा दूबे पहुंचे थे। रविवार को किसी जरूरी काम से घर से निकले थे कि रास्ते में हादसे का शिकार हो गए। गंभीर हालत में उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

जवान की मौत की खबर जैसे ही गांव और परिवार तक पहुंची, कोहराम मच गया। बूढ़े माता-पिता, छोटे-छोटे भाई-बहनों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि अभिषेक बेहद मिलनसार और सौम्य स्वभाव के थे। उनकी असमय मौत ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है।थाना प्रभारी बेलीपार ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि हादसे की जांच की जा रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सरकार और प्रशासन को इस मौत को भी शहादत के समान मानते हुए परिवार को हर संभव मदद और सम्मान प्रदान करना चाहिए। उनका कहना है कि चाहे सीमा पर हो या समाज के बीच–जवान हमेशा राष्ट्र और जनता की सेवा में तत्पर रहते हैं। इधर, गांव में अभिषेक की अंतिम यात्रा की तैयारी शुरू हो गई है। अंतिम विदाई में भारी जनसमूह उमड़ने की संभावना है। जवान की विदाई के साथ गांव और परिजनों की आंखें नम होंगी, लेकिन उनकी यादें हमेशा अमर रहेंगी।

### घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग दण्डनीय

**देवरिया।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि सब्सिडी युक्त 14.2 किग्रा घरेलू गैस सिलिंडर का उपयोग केवल घरेलू कार्यों के लिए अनुमन्य है। इसका व्यावसायिक उपयोग दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है। होटल, रेस्टोरेंट, ठेला व खोमचा संचालकों से अपील की गई है कि वे केवल 19 किग्रा वाणिज्यिक गैस सिलिंडर का ही प्रयोग करें और सभी आवश्यक अभिलेख अपने प्रतिष्ठान पर उपलब्ध रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि घरेलू गैस के दुरुपयोग की रोकथाम हेतु समय-समय पर जांच व छापेमारी की जाएगी। दोषी पाए जाने पर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# समाजवादी लोहिया वाहिनी के कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** समाजवादी लोहिया वाहिनी के कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक रामपुर कारखाना विधानसभा के ग्राम धनौती कला में आयोजित हुई। बैठक में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सलोवा के जिलाध्यक्ष दिव्यांश श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार चरम पर पहुँच गया है। सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। प्रदेश का पढ़ा-लिखा नौजवान बेरोजगारी के कारण आत्महत्या तक करने को मजबूर है। सभी विभागों में भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ रहा है और अधिकारी-कर्मचारी बेलगाम हो गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसान खाद की कमी से परेशान हैं, उनकी समस्याओं पर ध्यान देने वाला कोई नहीं है। कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि पुलिस का इक़बाल समाप्त हो चुका है और अपराधी खुलेआम वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। गरीबों को न्याय मिलना मुश्किल हो गया है। आगे कहा कि पीडीए के कार्यकर्ता 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार को सत्ता से हटाकर अन्यायी शासन का अंत करेंगे और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लेंगे। बैठक में अजय यादव, नवनाथ यादव, आलिम अंसारी, सुनील श्रीवास्तव, रमेश राजभर, अशोक चौहान, जयराम, अनिल, शानू, ऋषि गोड़, जमाल, सूरज कुशवाहा, किशन मद्देशिया समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण लेकर लौटे ब्लाक प्रमुख का हुआ भव्य स्वागत

**●आईआईटी कानपुर से प्रशिक्षण लेकर लौटे प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला**

**भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पाण्डेय के नेतृत्व में प्रमुख संघ ने किया जोरदार स्वागत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज।** आईआईटी कानपुर से नेतृत्व, प्रबंधन प्रशिक्षण लेकर लौटे पनियरा प्रमुख व प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर रविवार की शाम प्रमुख संघ ने जोरदार स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित स्वागत समारोह में जिलाध्यक्ष संजय पाण्डेय ने कहा कि निश्चित तौर पर प्रशिक्षण में मिली जानकारी से जिले के विकास को नई गति मिलेगी। प्रशिक्षण से विकास के मुद्दे पर निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। प्रशिक्षण में मिली जानकारी को साझा करते हुए प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला ने कहा कि प्रशिक्षण में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज के पदाधिकारियों के बीच प्रबंधकीय कौशल सुनिश्चित करना ही उक्त प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज के बीच कौशल विकास करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं, जिसमें महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास कार्यक्रम, विकेन्द्रीकरण, मानव संसाधन विकास, नेतृत्व और गुणवत्ता सम्बंधी विषय प्रमुख है। अंत में स्वागत समारोह में उपस्थित सभी ब्लाक प्रमुखों के प्रति संघ के जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला ने आभार व्यक्त किया। स्वागत समारोह में विशेष तौर पर ब्लॉक प्रमुख नौतनवां राकेश कुमार मद्धेशिया, परतावल ब्लाक प्रमुख आनंद शंकर वर्मा, ओमप्रकाश जायसवाल, रामहरख गुप्ता, विवेक गुप्ता, उदयराज यादव, राजेश यादव, ठाकुर प्रसाद रौनियार, बलराम दुबे समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गोला थाना क्षेत्र में बढ़ती चोरियों से दहशत, अगस्त में छह बड़ी वारदातों का पुलिस नहीं कर सकी पर्दाफाश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोलाबाजार, गोरखपुर–** गोला थाना क्षेत्र में अगस्त माह के दौरान लगातार हुई चोरी की घटनाओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पूरे महीने में छह बड़ी चोरियां हुई, लेकिन एक भी मामले का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी। चोरी की इस बाढ़ ने आमजन के बीच दहशत फैला दी है और पुलिस तंत्र पूरी तरह विफल नजर आ रहा है। पुलिस कप्तान ने हालात बिगड़ते देख तत्कालीन कोतवाल अंजुल चतुर्वेदी को लाइन हाजिर कर नए कोतवाल राहुल शुक्ला को जिम्मेदारी सौंपी है। लेकिन महीने के अंतिम दिन तक भी चोरों का आतंक जारी रहा और उन्होंने जानीपुर स्थित इलेक्ट्रॉनिक की दुकान को निशाना बना पुलिस को सीधी चुनौती दे डाली।

**लगातार वारदातों ने तोड़ा भरोसा**

6 अगस्त को भरोंह गांव में सीआरपीएफ जवान के घर से 52 हजार नकद और जेवर चोरी हुए। 15 अगस्त को रामपुर बघौरा गांव में बसई सैनी के घर नकब काटकर जेवरात चोरी हो गए। इसके बाद 17 अगस्त को कोहरा गांव की किराना दुकान में सेंधमारी हुई। लेकिन पुलिस हर बार सिर्फ मुकदमा दर्ज करने तक ही सीमित रही। 19 अगस्त की रात चोरों ने सहदोडांड गांव के प्रधान के घर में धावा बोलकर लाखों के जेवर और करीब दस लाख नकदी पार कर दी। सीसीटीवी में चार संदिग्ध कैद हुए, लेकिन पुलिस अब तक सुराग नहीं जुटा सकी। उसी रात बगल के दुबौली गांव में सर्वेश राय के घर से भी लाखों की चोरी हो गई। ताजा घटना 30/31 अगस्त की रात जानीपुर में सामने आई, जहां मौर्या इलेक्ट्रॉनिक एंड इलेक्ट्रिकल से चोर 14 हजार रुपये का सामान समेट ले गए।

**एसपी–एसएसपी तक पहुंचे मामले**

लगातार चोरियों से परेशान ग्रामीणों की नाराजगी बढ़ती जा रही है। सहदोडांड की वारदात पर खुद एसपी ग्रामीण जितेंद्र कुमार, फोरेंसिक और सर्विलांस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, लेकिन ठोस नतीजे नहीं निकले। स्थिति गंभीर देख एसएसपी राजकरन नैय्यर ने तत्कालीन कोतवाल का तबादला कर राहुल शुक्ला को प्रभार सौंपा।

**जनता में बढ़ता असंतोष**

क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि चोर बेखौफ होकर ताबड़तोड़ घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस के हाथ खाली हैं। अब सवाल यह है कि नए कोतवाल के सामने खड़ी चुनौती का समाधान कब होगा। आखिरकार अगस्त की छह बड़ी वारदातों का खुलासा कब होगा और क्षेत्र में चोरियों पर लगाम कब लगेगी? यही सवाल पुलिस महकमे पर एक यक्ष प्रश्न बनकर खड़ा है।

# शिवमन्दिर में दूध से शिवलिंग का किया गया अभिषेक

**●मान्यता है कि अभिषेक के दौरान यदि शिव लिंग दूध से डूब जाता है तो बरसात होता है तथा शिव लिंग नही डूबता तों बरसात नहीं होती**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महरी घोड़हवा में प्राचीन शिव मंदिर पर ग्रामीणों के सहयोग से प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी सोमवार को शिव लिंग को दूध से अभिषेक कर डुबाया गया तथा सभी श्रद्धालुओ में प्रसाद वितरण किया गया है। परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महरी घोड़हवा में प्राचीन शिव मन्दिर है। प्राचीन शिव मंदिर पर क्षेत्र के महरी, लुठहवा, सेखुआनी, बेलभार, मनिकौरा, तरैनी, परसामलिक, असुरैना, पिपरहिया, घोड़हिया, बिशुनपुरा, सेवतरी, मर्यादपुर, कुकेसर समेत अन्य गांवों के लोगों का आस्था का केंद्र है। ऐसा लोगों का मानना है कि जब क्षेत्र में बरसात नहीं होता है तो गांव के लोगों द्वारा आस-पास के गांवों से दूध इकठ्ठा करके शिव लिंग का अभिषेक कर डूबोया जाता है। मान्यता है कि जब शिव लिंग डूब जाता है तो बरसात होने लगता है। वहीं जब शिव लिंग नही डूबता तों बरसात नहीं होता है। मंदिर परिसर में महिलाओं द्वारा भक्ति गीत व भजन कीर्तन करते हुए भगवान शिव की आराधना में लीन होकर पूजा पाठ करती हैं। शिव मंदिर के अध्यक्ष ग्राम प्रधान अशोक यादव ने बताया कि मंदिर बहुत ही प्राचीन है शिव लिंग का जलाभिषेक श्रावण मास तथा भाद्रपद मास में डूबोया जाता है। यह परम्परा विगत कई वर्षो से मनाई जाती है। इस मौके पर शिव मंदिर के अध्यक्ष ग्राम प्रधान अशोक यादव, पूर्व प्रधान अनिरुद्ध प्रसाद, उमेश यादव, ज्ञानचंद यादव, राधेश्याम, कांशीराम, बेचन यादव, दयानाथ, राम प्रसाद, राघव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# गोरखपुर मूल निवासी की पत्नी गुरुग्राम से रहस्यमय ढंग से लापता, व्याकुल पति ने किया इनाम की घोषणा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर–** जनपद के सिकरीगंज क्षेत्र के बनकटा ग्राम सभा निवासी प्रह्लाद बर्मा की जिंदगी इन दिनों गहरे अंधेरे में डूबी हुई है। उनकी पत्नी गुड्डी देवी बीते 11 अगस्त की सुबह रहस्यमय परिस्थितियों में गुरुग्राम (हरियाणा) से अचानक लापता हो गई। सुबह करीब दस बजे घर से निकलने के बाद से आज तक उनका कोई पता नहीं चल पाया। इस घटना ने न केवल परिवार बल्कि पूरे गांव को भी स्तब्ध कर दिया है। गुड्डी देवी के गायब होने के बाद पति प्रह्लाद बर्मा ने सबसे पहले गुरुग्राम के सेक्टर-9 थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई और मुकदमा पंजीकृत हुआ। इसके बावजूद कई दिन बीत जाने के बाद भी कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया। निराश होकर प्रह्लाद अपनी पत्नी की तलाश में पैतृक गांव बनकटा भी पहुंचे, जहां रिश्तेदारों और परिचितों से हर संभव जानकारी जुटाने की कोशिश की, लेकिन नतीजा सिफर ही रहा।

इस घटना ने प्रह्लाद बर्मा के जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। उनकी गोद में दो मासूम बच्चे लगातार अपनी माँ की याद में तड़पते हैं। बच्चे हर दिन माँ को खोजते हुए रो पड़ते हैं और यह दृश्य पिता के लिए असहनीय हो जाता है। व्यथित प्रह्लाद कहते हैं– "बच्चों का दर्द देखना अब मुश्किल हो गया है। मेरी पत्नी की सुरक्षित वापसी ही हमारे जीवन को संभाल सकती है।" अपनी पत्नी को खोज निकालने की उम्मीद में प्रह्लाद बर्मा ने अब जनता से मदद की अपील की है। उन्होंने घोषणा की है कि यदि कोई भी व्यक्ति उनकी पत्नी गुड्डी देवी का सुराग बताता है या उन्हें सुरक्षित बरामद करने में मदद करता है, तो उसे पचास हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। यह इनाम महिला की बरामदगी के बाद स्थानीय प्रशासन की मौजूदगी में ससम्मान प्रदान किया जाएगा।

परिजन और रिश्तेदार लगातार खोजबीन में जुटे हुए हैं, वहीं गांव के लोग भी हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिला रहे हैं। परिजनों ने गुहार लगाई है कि यदि किसी के पास गुड्डी देवी के संबंध में कोई भी जानकारी हो, तो तुरंत मोबाइल नंबर 7428078428, 7428783106, 7052752088 पर सूचित करें। गुड्डी देवी की सुरक्षित वापसी न केवल परिवार को राहत देगी, बल्कि उन मासूम बच्चों की जिंदगी को भी फिर से संवार देगी जो हर दिन दरवाजे पर खड़े होकर अपनी माँ के लौटने का इंतजार करते हैं। वही मासूम बच्चे अपने माँ के वियोग में भटक रहा है । और मीडिया के सामने अपनी बैठा बता मा के वियोग में बिलख पड़े । बच्चो ने बताया घर से मम्मी गोरखपुर आने की बात कह कर निकली फिर वापस नही आई , इस हाल में अकेला बेसहारा छोड़ मझधार म जीवन लाने वाली मा के वियोग में बच्चो जीवन अंधेरे में हो गया ।

# खजनी तहसील परिसर में आइए तो पानी की बोतल साथ लाइए, वरना रह जाएंगे प्यास

**●खजनी तहसील मे आरो पलांट खराब एक बुद पानी के लिए तरस जाते है बाद कारी सुखसागर राम तिवारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी–** गोरखपुर तहसील के मुकदमों, खतौनी की नकल लेने, भूमि का बैनामा कराने वाले लोगों सहित तहसील में आने वालों की संख्या छह हजार से अधिक होती है। बावजूद इसके तहसील परिसर में कहीं पर भी प्रशासन की तरफ से पीने के पानी का इंतजाम नही किया गया है खजनी तहसील में आइए तो पानी की बोतल साथ लाइए। वरना प्यास लगने पर इधर-उधर भटकना पड़ेगा। तहसील के वाहर दुकान से पानी की बोतल खरीदनी पड़ेगी। क्योंकि तहसील परिसर में पीने के पानी का कोई इंतजाम नहीं है। निबंधन से लेकर तहसील कार्यालय तक वादकारी और अधिवक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ती है तहसील में विभिन्न कामों के लिए रोजाना लोग पहुंचते हैं। यहां मुकदमों के निस्तारण और भूमि का बैनामा सहित अन्य कामों के लिए बड़ी संख्या में लोग आते हैं। लोगों की सुविधा के लिए एक हजार से अधिवक्ता विधि व्यवसाय करते हैं, जबकि हर अधिवक्ता के तख्ते पर एक मुंशी (सहायक) होता है।

**तहसील में मिलती है तारीख पर तारीख– यहां आसान नहीं फरमाइस, पहले पूरी कीजिए फरमाइश**

किसी भूमि के बैनामे के लिए कम से कम चार लोगों की आवश्यकता पड़ती है। इनमें क्रेता और विक्रेता के अलावा दो गवाह शामिल होते हैं। तहसील के मुकदमों, खतौनी की नकल लेने, भूमि का बैनामा कराने वाले लोगों सहित तहसील में आने वालों की संख्या चार हजार से अधिक होती है। बावजूद इसके तहसील परिसर में कहीं पर भी प्रशासन की तरफ से पीने के पानी का इंतजाम नहीं किया गया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि उपजीलाअधिकारी, तहसीलदार के होने पर यहां की व्यवस्था ठीक नहीं है । अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में प्याऊ लगवाने की मांग की है।

**परिसर में नहीं शौचालय की व्यवस्था**

तहसील परिसर में अधिवक्ताओं के बैठने वाली जगह पर शौचालय की व्यवस्था नहीं है ऐसे मे तहसील के पीछे एक गाँव सभा के तरफ से बने सुलभ शौचालय मे गन्दगी का अम्बार लगा है तहसील परिसर में आने वाली महिलाओं और बच्चों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। तहसील परिसर में टॉयलेट, पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। इसका लाभ वादकारियों को मिलेगा। दूर जाने से काफी समय गुजर जाता है। इससे वादकारियों का काम प्रभावित होता है।

विजय सागर राम त्रिपाठी ने कहा कि पूरे परिसर में कहीं पर भी ठंडे पानी की व्यवस्था नहीं है। आरो पलांट खराब है, कल मै पानी लेने गया तो उसमे पानी नहीं मिला करंट का झटका मिला यहां पर जो भी वादकारी आते हैं। उनको बोतल बंद पानी खरीदना पड़ता है। उप जिलाधिकारी खजनी यदि 3 महीने में एक बार अपने परिसर का निरीक्षण कर लेते तो बादकारियो को काफी सहूलियत हो जाती । उपजिला अधिकारी खजनी से संबंध में वार्ता करने का प्रयास किया गया फोन नहीं उठा जिससे उनका पक्ष नहीं जाना जा सका।

## संक्षिप्त खबरें

### संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में बीबीएसवीएम के बच्चों ने कायम किया दबदबा

**चित्रकूट:** जिला मुख्यालय के बेडीपुलिया स्थित बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज के छात्रों ने महोबा के राठ रोड स्थित शिशु शिक्षा निकेतन में आयोजित संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में आयोजित विभिन्न दौड़ श्रेणियों में तीन धावक छात्र विनीत सिंह यादव, धनराज यादव एवं शुभम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रांत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। सोमवार को विद्यालय में आयोजित प्रार्थना सभा में विजेता छात्रों को विद्यालय के घोष एवं वेश प्रमुख आचार्य शिव सागर यादव ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राघवेन्द्र पाण्डेय, विद्यालय के अध्यक्ष कमलाकांत उपाध्याय, प्रबंधक श्याम सुंदर मिश्रा, कोषाध्यक्ष जगदीश अग्रहरि, मीडिया प्रभारी विश्वास पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### मोहम्मदी ब्लाक की ग्राम पंचायत कैमहरा में इंटरलॉकिंग में पीला ईट का किया जा रहा है उपयोग



उसकी निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है

**(मोहम्मदी खीरी)पसगवां।** तहसील मोहम्मदी की ग्राम पंचायत कैमहर में एक इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है कार्य जिसमें ठेकेदार के द्वारा ही घटाया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है जिसमें चंद दिनों में सड़क टूटने का शिकार होने लगाती हैं और ठेकेदार के द्वारा खुद अपना पैसा निकाल कर रफू चक्कर हो जाएगा जिसमें मोहम्मदी ब्लाक की ग्राम पंचायत कैहमरा ब्लाक मोहम्मदी मनरेगा के तहत हो रहा कार्य। जिसमें उप जिला अधिकारी को दिया गया प्रार्थना पत्र तहरीर के आधार पर बताया पर सही तरीके से नहीं किया जा रहा कार्य ठेकेदार के द्वारा जो कार्य एजिंग लगाई जा रही है उसमें पीला ईट का भी किया जा रहा है उपयोग किया जा रहा है। कार्य घटाया प्रकार का कार्य किया जा रहा है जिसमें नाली निर्माण हो रहा है उसमें पीला ईट का भी सेवन किया जा रहा है और सड़क बनाई जा रही है जिसमें पीला ईट का भी उपयोग किया जा रहा है को जिसमें ग्रामीण के द्वारा आरोप लगाया गया है की जो इंटरलॉकिंग का कार्य हो रहा है। जिसमें पीला ईट और घटिया प्रकार का मसाला का भी उपयोग किया जा रहा है जिसमें ग्रामीण के द्वारा जांच और कार्यवाही की मांग की गई है।

### भीरा पुलिस द्वारा नकबजनी की घटना में संलिप्त 02 नफर अभियुक्त को चोरी किये गये दो जोडी पायल, दो जोडी



### बिछुआ के साथ किया गया गिरफ्तार

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** पुलिस अधीक्षक जनपद लखीमपुर खीरी एवं अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक भीरा के नेतृत्व में जनपद खीरी मे अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत नकबजनी की घटना मे संलिप्त 02 नफर आरोपी ब्रजेश कुमार पुत्र विशनू उम्र करीब 32 वर्ष व रमेश पासी पुत्र स्वामी दयाल उम्र करीब 50 वर्ष निवासीगण ग्राम पिपरिया झाऊ थाना भीरा जनपद खीरी को थाना भीरा जनपद खीरी से सम्बन्धित चोरी किये गये दो जोडी पायल, दो जोडी बिछुआ के साथ अलीगंज रोड वहद ग्राम पिपरिया झाऊ से गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध गिरफ्तारी/बरामदगी फर्द के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा 317(2) क्न्हस् की बढोत्तरी कर अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु लखीमपुर खीरी भेजा गया।गिरफ्तार किये गए आरोपियों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 श्री ब्रजेश कुमार सिह,हे0का0 अनुज कुमार यादव, का0 अंकित कुमार,का0 मोहित कुमार थाना भीरा जनपद खीरी मौजूद रहे।

## देवहा नदी मैं नानक सागर बांध छोड़ा गया पानी तट पर बसे ग्रामीणों को उत्पन्न हुआ संकट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**बरेली**/लगातार हो रही झमाझम बारिश से देवहा नदी के तट पर बसे ग्रामीणों को संकट उत्पन्न हो गया है सूत्रों के अनुसार नानक सागर बांध से 40000 क्यूसिक पानी छोड़े जाने की सूचना प्राप्त हो रही है जिसके तहत इस नदी के किनारे बसे ग्रामीणों को सैलाब का कहर झेलना पड़ेगा विकासखंड भद्पुरा के अंतर्गत बाहर जागीर अब्दला बडेपुरा अमीर नगर जारपा मोहनपुर सिलरा पेहना ढलिया लालौहर गुजरानपुर अनेकों ग्रामों में नदी का पानी अपना कहर बरपायगा।इधर बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा अमीर नगर में की गई पिचिंग के चलते किया गया कार्य भी कारगर दिखाई नहीं दिया पिचिंग के पास से ही नदी कटान कर रही है जिसको लेकर ग्रामीण फिर चिंतित हैं नदी का पानी बढ़ने के बाद नदी अपना रास्ता कहीं फिर ना बदला ले इसके लिए ग्रामीणों की चिंताएं फिर बढ़नी शुरू हो गई है नदी में पानी छोड़े जाने की जानकारी एसडीम नवाबगंज उदित पवार से की गई तो उन्होंने कहा अभी तक इसकी सूचना प्राप्त नहीं हुई है वह इसकी जानकारी करके बताऊंगा।

## भव्य भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ श्री राधाष्टमी महोत्सव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** नगर के इस्कॉन मन्दिर द्वारा रविवार को श्री राधाष्टमी महोत्सव का आयोजन बड़े ही भव्य और भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्ति, उत्साह और उमंग का अद्भुत संगम देखने को मिला।प्रातःकालीन सत्र की शुरुआत श्लोक गायन प्रतियोगिता से हुई, जिसमें बच्चों ने मधुर स्वर से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। इसके बाद निबंध प्रतियोगिता और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें प्राथमिक से लेकर सीनियर वर्ग तक के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन कर खूब सराहना बटोरी।सायंकालीन कार्यक्रम में हरिनाम संकीर्तन, आरती एवं कथा के साथ श्री श्री राधा माधव का दिव्य अभिषेक सम्पन्न हुआ। झूलन यात्रा ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक रस में सराबोर कर दिया। वहीं रोचक खेल और 108 भोग अर्पण व पुष्पांजलि ने पूरे आयोजन को और भी विशेष बना दिया।कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और सभी ने भक्तिभाव से महाप्रसाद का आनंद लिया। इस्कॉन लखीमपुर की पूरी टीम ने निष्ठा और परिश्रम से आयोजन को सफल बनाया।मंदिर संचालक सुनील मुकुंद प्रभु ने कहा कि श्री राधाष्टमी महोत्सव केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि भक्ति, प्रेम और सेवा का अद्वितीय संदेश है। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं और समाज को भक्ति-पथ से जोड़ना और श्री श्री राधा माधव की कृपा सभी तक पहुँचाना है।समस्त जानकारी इस्कॉन के मीडिया प्रभारी नूतन मिश्रा व सह मीडिया प्रभारी, कन्टेंट एडिटर स्पर्श सिन्हा ने दी।

## डीएम ने वर्चुअल बैठक में अफसरों को दी सख्त हिदायत

### ●तीन दिन में निस्तारित हों जन्म प्रमाणपत्र पेंडेंसी, शासन की प्राथमिकताओं पर तुरंत अमल करें अधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सोमवार को एनआईसी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हाल से जनपद के सभी एसडीएम, बीडीओ और नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर शासन की प्राथमिकताओं पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह व डीपीआरओ विशाल सिंह मौजूद रहे।

**आईजीआरएस प्रकरणों की मॉनिटरिंग खुद करें अधिकारी-डीएम**

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने दो टूक कहा कि आईजीआरएस एवं विभिन्न माध्यमों से प्राप्त प्रकरणों की व्यक्तिगत मॉनिटरिंग अधिकारी स्वयं करें। अधीनस्थों की रिपोर्ट को बिना देखे पोर्टल पर अपलोड न किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि इससे आख्या में न केवल गुणवत्ता आएगी, बल्कि जिम्मेदारी भी स्पष्ट होगी। तहसीलवार जन्म प्रमाणपत्र की लंबित फाइलों पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने साफ कहा कि 15 दिन से अधिक की पेंडेंसी किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है। तीन दिन में लंबित प्रमाणपत्र जारी करने होंगे, इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाए। गो आश्रयों की व्यवस्थाएं दुरुस्त करें, सड़कों पर विचरते गोवंश को तत्काल करें सुरक्षित डीएम ने स्पष्ट कहा कि गोवंश संरक्षण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आश्रयों में चारा-पानी, शेड और चिकित्सीय सुविधा दुरुस्त की जाए। सड़कों से हटाकर गोवंश को पहुंचाएं आश्रय डीएम ने कहा कि सड़कों पर विचरते गोवंश न केवल यातायात में बाधा डालते हैं बल्कि दुर्घटनाओं का कारण भी बनते हैं। इसलिए विशेष अभियान चलाकर सभी आवारा गोवंश को सुरक्षित आश्रयों तक पहुंचाया जाए।

**बीडीओ रोज फील्ड में उतरें, डीएम करेंगी क्रॉस चेक**

डीएम ने नगर निकायों को चेताया कि बरसात के मद्देनजर जलभराव वाले क्षेत्रों में तुरंत पंपिंग कर पानी निकाला जाए। बीडीओ को आदेशित किया कि वे प्रतिदिन जनता दर्शन के बाद फील्ड में निकलें और गांव-गांव विजिट करें।

डीएम ने कहा कि इसकी क्रॉस चेकिंग वह स्वयं करेंगी। सीडीओ अभिषेक कुमार ने निर्देशित किया कि आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में नियत तिथि का इंतजार न किया जाए। सीएम संदर्भ, आईजीआरएस और जनता दर्शन से प्राप्त शिकायतों का क्विक डिस्पोजल सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता से संवाद अवश्य करें और समाधान की जानकारी दें। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने नगर निकायों को हिदायत दी कि जन सुविधाओं को प्राथमिकता से बेहतर बनाया जाए। बरसात को देखते हुए कचरा निस्तारण, जलभराव और गंदगी की नियमित पड़ताल कर सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।

## भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने पुलिस मौजूदगी मे की जमकर तोडफोड

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



कांग्रेस कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने की तोड़फोड़.

**लखीमपुर,खीरी** दिनांक 1 सितंबर को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर सुनियोजित तरीके से भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन के बहाने कांग्रेस भवन में घुसकर पुलिस की मौजूदगी में जमकर तोड़ फोड़ की दर्जनों कुर्सियां मेज तोड़ डाली महापुरुषों के लगे फोटो भी तोड़ फोड़ डाले यहां तक कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की फोटो को फाड़ा और पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम जी की फोटो को तहस नहस कर दिया दलितों के शुभचिंतक पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम जी की फोटो को बुरी तरह से फोड़ा और तो और जनपद लखीमपुर खीरी के जनक पूर्व स्वतंत्रता आंदोलन के क्रांतिकारी योद्धा पूर्व विधायक पंडित बंशीधर मिश्रा जी की भी फोटो को क्षतिग्रस्त किया महिलाएं आलू टमाटर लेकर भी आई थी पूरे कार्यालय को तहस-नहस किया पुलिस मूक दर्शक बनी खड़ी रही । उक्त घटना की खबर मिलते हैं जनपद के कांग्रेसियों का जमवाड़ा कांग्रेस भवन पर लगने लगा। भारी संख्या में कांग्रेस जन एकत्रित हुए तदोपरांत अध्यक्ष प्रहलाद पटेल एवं पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा के नेतृत्व में कार्यालय से मार्च करते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर पहुंचकर कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया द्य उक्त प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जिले में नई परंपरा डाल रही है जो लोकतंत्र के लिए हितकर नहीं होगी द्य कलेक्ट्रेट के ठीक पास पुलिस की मौजूदगी में कानून की धनिया उड़ती रही लेकिन सट्टा की चरण वंदना है ली पुलिस सिर्फ मूल दर्शक बनी रही जो की बेहद शर्मनाक है और निंदनीय भी है द्य कांग्रेस भवन पर हुआ यह कायराना हमले इस बात का सबूत है कि योगी सरकार के संरक्षण में भाजपा कार्यकर्ताओं को गुंडे और अराजकता की खुली छूट मिली हुई है द्य जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस व राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराई हुई है इनकी पोल पट्टी राहुल जी ने खोल दी है द्य वोट चोरी कर सत्ता में बैठे लोग ये भूल रहे हैं कि ज्यादा दिन तक ये सब नहीं चलने वाला है द्य जनता तैयार है तुमको सबक सिखाने के लिए ।

कार्यालय में जिस तरीके से बीजेपी में हमला किया है बहन नंदिनी है इससे यह पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी जनता के दिलों में राज कर रही है राहुल गांधी जी आज गरीब किसान युवाओं व्यापारियों महिलाओं की आवाज बनकर मुद्दे उठा रहे हैं द्य यह आवाज दबाने का काम किया जा रहा है कांग्रेस इससे घबराने वाली नहीं द्य साथ ही पटेल ने यह भी बताया कि मेज की रैक में 50000 भी रखे थे जिसको उपद्रियो ने उठा लिया द्य शर्मनाक तो यह है कि घटना के उपरांत सदर विधायक योगेश वर्मा पुनः कुछ महिलाओं को लेकर आते हैं रोड पर खड़े होकर उपस्थित कार्यकताओं को अनाप शनाप बोलने लगे कहा कि कांग्रेस कार्यालय को फूंक दूंगा द्य हम सब कांग्रेस जन् पुलिस प्रशासन से यही चाहते हैं कि उपद्रियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाए नहीं तो कांग्रेस जन जिले में व्यापक स्तर पर धरना प्रदर्शन चक्का जाम करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेवारी शासन व प्रशासन की होगी द्य उक्त जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति में दी द्य उक्त प्रदर्शन में प्रमुख रूप से उपस्थित मोहन चंद्र उप्रेती, मोनिस अली नकवी, रियाज अहमद, रामकुमार वर्मा अनु मिश्रा प्रेम वर्मा इकबाल खान जावेद अली एडवोकेट शिव सहाय सिंह गौतम वरुण चौधरी रामपाल शाक्य अब्दुल रहीम आफताब हुसैन अमित गुप्ता मतीन शाह दीपक बाजपेई रामकुमार मिश्र तरुण शालू रामजीवन राज मंजू मिश्रा अजीत जैन राजेंद्र गुप्ता आदि सैकड़ो कांग्रेसी उपस्थित रहे ।

## कांग्रेस पार्टी के जिम्मेदार नेता द्वारा प्रधानमंत्री की मां पर अभद्र टिप्पणी करने पर उवाल

### ● विरुद्ध प्रदर्शन किया पुतला फूका कार्यवाही की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**बरेली**/साहू राठौर समाज के प्रदेश अध्यक्ष विजय साहू के नेतृत्व में समाज के लोगों ने आज विरोध प्रदर्शन कर पुतला फूका राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी के द्वारा भेजा ज्ञात रहे कांग्रेस के सांसद एवं नेता राहुल गांधी द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि स्वर्गीय मां पर अभद्र टिप्पणी किए जाने का विरोध। साहू राठौर समाज द्वारा डटकर किया गया इस विरोध प्रदर्शन में समाज के लोगों ने पुतला बनाकर फूंक दिया साथ ही देश के राष्ट्रपति के संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को देखकर कांग्रेस नेता के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गई और कहा गया यदि इस अभद्र टिप्पणी पर कार्यवाही नहीं की गई तो लोग जगह-जगह धरना प्रदर्शन पर उतारू होंगे । इतना ही नहीं महिलाओं ने भी अभद्र टिप्पणी का जोरदार विरोध करते हुए रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया इधर राठौर साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार साहू के नेतृत्व में इसकी घोर निंदा की गई और कांग्रेसी नेता का पुतला फूंका गया इस कार्यक्रम में प्रमुख शोध विभाग पिछड़ा वर्ग शिवमंगल साहू पार्षद चंद्रपाल राठौर संतोष साहू के साथ ही मीडिया प्रभारी सूरज राठौड़ समाज के जिला अध्यक्ष कृष्णा साहू महानगर अध्यक्ष भीम सिंह राठौड़ जिला उपाध्यक्ष धीरज साहू कैलाश साहू समेत सैकड़ो लोग सम्मिलित हुए । कांग्रेस नेता के इस अभद्र टिप्पणी से महिला जगत में भी आक्रोश व्याप्त है जिसके तहत बरेली में महिलाओं ने भी कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रगट किया कहा यह अभद्र टिप्पणी नारी जाति का अपमान है हर मां बहन का अपमान है इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## विराट नारी उत्कर्ष समारोह के लिए हुआ महिला सम्मेलन

### ● निघासन ब्लॉक के बम्हनपुर में गायत्री परिवार का आयोजन महिलाओं के हुए पंजीकरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**निघासन खीरी।** शान्तिकुंज हरिद्वार की गुरुमाता वन्दनीया माता भगवती देवी शर्मा जी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में गायत्री परिवार द्वारा 06 नवंबर 2025 से लखीमपुर-खीरी में आयोजित हो रहे विराट नारी उत्कर्ष समारोह के संदर्भ में रविवार को निघासन ब्लॉक के बम्हनपुर स्थित गायत्री शक्तिपीठ के समक्ष रामाधीन इण्टर कॉलेज प्रांगण में नारी उत्कर्ष महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जगदीश प्रसाद आचार्य, रवींद्र राठौर, वंदना देवी, राम प्यारी राठौर द्वारा शांतिकुंज से पूजित होकर आई नारी उत्कर्ष संकल्प मशाल और देवपूजन के साथ हुआ। महिला मंडल की सुगंधा शुक्ला ने नारियों के गौरवशाली इतिहास से महिलाओं के प्रेरित किया। जिला समन्वयक रामखेलावन निषाद ने महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया 6 से 10 नवंबर की (परिवर्तित) तिथियों में आयोजित विराट नारी उत्कर्ष समारोह में जिले व प्रदेश की 1 हजार पूर्व पंजीकृत महिलाओं को देव परिवार निर्माण के लिए आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त प्रत्येक महिला कार्यकर्ता जन्म शताब्दी वर्ष 2026 में न्यूनतम 24 घरों को देव परिवार बनाएगी। इसी विराट लक्ष्य को लेकर गायत्री परिवार द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में महिला सम्मेलन आयोजित करके महिलाओं के पंजीकरण किए जा रहे हैं। युवा प्रकोष्ठ के अनुराग मौर्य ने सभी को नारी उत्कर्ष समारोह की नारी गौरव मंगल यात्रा और समारोह संपूर्ण स्वरूप के बारे में बताया। कार्यक्रम संयोजक देशराज राठौर ने संचालन टोली और क्षेत्र से पहुंचे सभी परिजनों का आभार व्यक्त किया।

इससे पूर्व गायत्री शक्तिपीठ निघासन में 251 कुंडीय गायत्री गायत्री महायज्ञ की गोष्ठी में भी परिजन शामिल हुए। इस दौरान महिला मंडल की सुमन वर्मा, पार्वती भार्गव, मधु तिवारी, परबीता सिंह, दीपा वर्मा, केके तिवारी, शिरोमणि शुक्ला, विवेकानंद, अजय वर्मा, यज्ञदेव वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा, श्रीराम राठौर, अमर सिंह यादव, राम कुमार गुप्ता, हरि किशोर मौर्या, राम बहादुर विश्वकर्मा, सुभाष दास, अशोक मौर्य, प्रताप आदि मौजूद रहे।

## डीएम से डिग्री कॉलेज की जमीन को वापस कराने की करेंगे मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिंगाही खीरी।** ग्राम पंचायत सिंगहा कला में करीब साढ़े आठ एकड़ जमीन पर आज तक शुरू नही हुआ डिग्री कालेज का निर्माण जबकि न्यायालय ने 2012 में पंडित दीन दयाल उपाध्याय क्रेन ग्रोवर्स महाविद्यालय समिति को डिग्री कॉलेज बनाने के लिए आदेश दिया था। आदेश के बाद भी यह तराई का इलाका बच्चों के उच्च शिक्षा से आज भी वंचित है, जिसको लेकर महाविद्यालय के निर्माण के लिए ग्राम सिंगहा खुर्द के प्राथमिक विद्यालय में सरजू सहकारी मिल लिमिटेड के पूर्व उपाध्यक्ष गुरजीत सिंह बब्बू की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित व सैकड़ों ग्रामीणों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें ग्यारह सदस्यी प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिलकर डिग्री कॉलेज की प्रस्तावित जमीन को ग्राम पंचायत को वापस कराने की मांग करेंगे। बताते चले कि ग्राम पंचायत सिंगहा कला में सन 1980 ई.में सरजू सहकारी चीनी मिल लिमिटेड के उपाध्यक्ष स्व.प्रीतम सिंह दुग्गा की अध्यक्षता में सरजू किसान महाविद्यालय के निर्माण का प्रस्ताव पास हुआ था और ग्राम पंचायत में करीब साढ़े आठ एकड़ जमीन महाविद्यालय समिति को प्रस्तावित की थी और सरजू महाविद्यालय के नाम से बेलरायां चीनी मिल में किसानों से डिग्री कालेज के निर्माण के लिए दस पैसे की किसानों से प्रति कुंतल के हिसाब से की गई, कटौती से करोणों रुपया एकत्रित हुआ था तत्कालीन जिलाधिकारी विजय शंकर पांडेय ने शिलान्यास की तिथि घोषित कर पत्थर भी लग गया था लेकिन उनका स्थानांतरण होने के बाद शिलान्यास नही हो सका।

पंडित दीन दयाल उपाध्यक्ष क्रेन गोवर्ष महाविद्यालय के नाम दूसरी समिति बनाकर तत्कालीन प्रधान दुर्गा प्रसाद से प्रस्ताव कर लिया और मामला न्यायालय में विचाराधीन हो गया और डिग्री कॉलेज का निर्माण अधर में लटक गया। सरजू किसान महाविद्यालय के उपाध्यक्ष के स्वर्गवास के बाद दोनों समितियां सन 2011 में समझौता होकर डिग्री कॉलेज बनाने का एकपक्षीय आदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय क्रेन गोवर्स महाविद्यालय के नाम हो गया। लेकिन किसानों से कटौती किये गये पैसे का खुर्द बुर्द हो जाने के बाद जब धन समिति को नहीं मिला तो पंडित दीनदयाल उपाध्याय क्रेन गोवर्स महाविद्यालय समिति ने डिग्री कॉलेज निर्माण से अपने हांथ खड़े कर दिए। लेकिन कागजो में 2012 से अब तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय क्रेन गोवर्ष महाविद्यालय के नाम से विद्यालय चल रहा है, जब विद्यालय चलने को लेकर ग्रामीणों को पता चला तो उन्होंने कॉलेज निर्माण के लिए सोमवार को बैठक कर आगे की रणनीति बनाई है और शुक्रवार को जिलाधिकारी से मिलकर भूमि वापस ग्राम पंचायत को दिलाने की मांग करेंगे। पंडित दीन दयाल उपाध्याय क्रेन गोवर्ष महाविद्यालय समिति के सदस्य सुनील बत्रा ने बताया जो धन किसानों से कटौती किया गया था वो धन समिति को न देकर चीनी मिल ने अपने मुताबिक धन का बन्दर बाट कर दिया समिति को पैसा न मिलने से डिग्री कालेज का निर्माण नही हो सका। बैठक में प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित, राम कैलाश सोनी, यशोदानंदन मिश्रा, संकटा प्रसाद मौर्य, दिनेश गुप्ता, ज्ञान प्रकाश शुक्ला सहित सैकड़ों ग्रामीण बैठक में मौजूद रहे।

## चौखड़िया मार्ग पर स्थित स्कूल जाने वाले बच्चों की जिंदगी में खतरा ही खतरा

### ●क्षतिग्रस्त सड़क और दूषित जलभराव से अभिभावक परेशान, प्रशासन मौन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मैगलगंज खीरी।** कस्बे से गया चौखड़िया मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है। आधा दर्जन से अधिक विद्यालयों को जोड़ने वाला यह मार्ग जगह-जगह गड्ढों और बारिश के दूषित पानी से लबालब है। इस मार्ग से होकर रोजाना सैकड़ों छात्र-छात्राएं अपने विद्यालय जाते हैं, मगर उन्हें हर दिन जोखिम उठाना पड़ता है।मार्ग पर स्थित मदरसा, संविलयन विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर, एस.एस.डी. पब्लिक स्कूल और श्रीपाल सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तक पहुँचने में बच्चों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अक्सर बच्चे सड़क के गड्ढों में गिरकर चोटिल भी हो जाते हैं।बरसात के दिनों में हालात और बिगड़ जाते हैं। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से घरों का गंदा पानी सीधे सड़क पर बहता है। सड़क पर हर समय गंदगी और कीचड़ पसरा रहता है।इस मार्ग से रोजाना गुजरने वाले अभिभावक बेहद चिंतित हैं। उनका कहना है कि बच्चों को मजबूरी में खतरे से गुजरकर स्कूल जाना पड़ रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क की मरम्मत और जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# संक्षिप्त खबरें

## हमारी प्राचीन शिक्षा प्रणाली गौरवशाली, इस पर गर्व करने की जरूरत- यशवंत सिंह।

### शिक्षा का उद्देश्य सर्वागीण विकास देवेंद्र कुमार मिश्र।



**सुरियावा** हमारी प्राचीन शिक्षा प्रणाली गौरवशाली रही है,हमें इस पर गर्व करने की आवश्यकता है,और एन सी ई आर टी की नवीन पाठ्य पुस्तकों में इससे संबंधित सभी बिंदुओं से विद्यार्थियों को अवगत कराने की आवश्यकता है।यह विचार खंड शिक्षा अधिकारी सुरियावां श्रीमान यशवंत सिंह ने ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण के चौथे बैच के समापन सत्र पर व्यक्त किए। दिवस के अंतिम सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सुरियावां के महामंत्री देवेंद्र कुमार मिश्र ने प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास पर बल दिया। प्रशिक्षण में ए आर पी मनोज प्रभाकर सिंह ने भाषा में ब्लेंडिंग,मार्ग दर्शन पठन और प्रवाह पूर्ण पठन की।अवधारणा पर विचार व्यक्त किया भैरवानंद यादव ने जी आर आर,और फोर ब्लॉक्स पर चर्चा की। भोला नाथ सरोज ने कक्षा 4 और 5 के उपचारात्मक शिक्षण के चरणों पर चर्चा की। भास्करानंद मिश्र ने,नवीन पाठ्य पुस्तक संतूर और आई के एस पर विचार साझा किए।प्रशिक्षण में 90 विद्यालयों के शिक्षक शामिल रहे।

## राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास बालक एवं बालिका हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

**भदोही** जिला समाज कल्याण अधिकारी मीना श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद भदोही में राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास (बालक) पटेल नगर ज्ञानपुर एवं राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास (बालिका) के0एन0पी0जी0 परिसर ज्ञानपुर, भदोही में संचालित है। छात्रावास की क्षमता 48-48 छात्र/छात्राओ की है। उक्त छात्रावासों में 70 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं 30 प्रतिशत पिछड़ी जाति एवं सामान्य जाति के जनपद के विद्यालयो में अध्ययनरत छात्र आवासीत किये जायेंगे। छात्रावासो में आवासीत छात्र/छात्राओ को दिनांक 30 मई, 2026 तक ही आवासीत किया जायेगा। छात्रावास में वे ही छात्र/छात्राये आवासीत होगें, जिनकी दूरी विद्यालय में 25 किमी में अधिक हो। जनपद के विद्यालयो में अध्ययनरत उक्त वर्ग के छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है, कि प्रवेश हेतु निदेशालय, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा आनलाइन पोर्टल https://upswdhms.in विकसित किया गया है। उक्त पोर्टल पर इच्छुक छात्र/छात्रायें स्वयं आनलाईन आवेदन कर सकते है। आनलाइन आवेदन किये जाने के पश्चात् आवेदन पत्र में सम्बन्धित समस्त अभिलेख दिनांक 30 सितंबर 2025 तक सम्बन्धित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास बालक बालिका, ज्ञानपुर में जमा करना अनिवार्य है।

## कानपुर देहात के 42 एरी रेशम कीटपालको के द्वितीय बैच का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का हुआ प्रारम्भ



**मीरजापुर।** लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल राजकीय रेशम प्रशिक्षण संस्थान बरकछा मीरजापुर में जनपद कानपुर नगर एवं कानपुर देहात के 42 एरी रेशम कीटपालको के द्वितीय बैच का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का प्रारम्भ हुआ। जिसके मुख्यातिथि श्री गजेन्द्र सिंह ब्लाक प्रमुख राजगढ़ थे। सर्व प्रथम नागेन्द्र राम सहायक निदेशक रेशम द्वारा उनको माला एवं शाल भेंटकर स्वागत किया। राम द्वारा विभाग के कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा कृषकों से ध्यानपूर्वक प्रशिक्षण लेने की अपील की है। निसार अहमद प्रशिक्षण प्रभारी द्वारा केंद्रीय रेशम बोर्ड के वरिष्ठ तकनीकी का मल्यार्पण कर स्वागत किया गया। ब्लाक प्रमुख श्री सिंह द्वारा विश्व में हो रहे रेशम उत्पादन की चर्चा कृषकों से की गई। रेशम के क्षेत्र में जुड़ने से आत्मनिर्भर बनकर आय अर्जित की जा सकती हैं। अन्य प्रदेश की भांति उत्तर प्रदेश में रेशम को बढ़ावा दिया जाना है। जिससे प्रदेश भारत में अपना स्थान बना सके। कार्यक्रम में केंद्रीय रेशम बोर्ड आर ई सी फतेहपुर के वरिष्ठ तकनीकी सहायक, अर्चना सिंह, सहायक रेशम विकास अधिकारी,श्रीकृष्णा यादव प्रदर्शक, श्री मोहम्मद शाहिद अनुरक्षक, अवधेश कुमार, अतुल कुमार यादव आदि उपस्थिति रहे।

# अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल पर्यवेक्षण में थाना औराई पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबीरी सूचना पर पुलिस मुठभेड़ में वांछित अभियुक्त मुकेश कुमार पुत्र स्वर्गीय संतूराम निवासी ग्राम सहसेपुर (टेढ़वा) थाना औराई जनपद भदोही को ग्राम सहसेपुर रेलवे पटरी के दक्षिण तरफ आरसीसी रोड बहद थाना औराई से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-** थाना औराई क्षेत्र अंतर्गत वादी की बहन जिसकी शादी होने वाली है। आवेदक से द्वेष रखने वाला विपक्षी मुकेश कुमार पुत्र स्व0 संतूराम निवासी ग्राम सहसेपुर (टेढ़वा) थाना औराई जनपद भदोही जो बदमाश प्रवृत्ति का व्यक्ति है। जो कि आवेदक का रिश्तेदार है।आवेदक की बहन की मर्यादा भंग करने की नियत से व शादी में व्यवधान उत्पन्न करने हेतु दिनांक 31.08.2025 को समय प्रातः लगभग 04द्ध30 बजे आवेदक के घर आकर घर में सो रही आवेदक की बहन के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ (बैटरी का पानी) फेंक दिया। तथा आवेदक के परिवार के व्यक्तियों को गाली गुप्ता व जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। स्थानीय पुलिस द्वारा पीड़िता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औराई ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया गया। प्राथमिक उपचार के पश्चात स्थिति सामान्य होने पर चिकित्सकों द्वारा पीड़िता को डिस्चार्ज कर दिया गया। उक्त घटना के संबंध में आवेदक की तहरीर पर थाना औराई पर मु0अ0सं0 372/2025 धारा 118(2) 351(3) 352 बीएनएस बनाम मुकेश कुमार पुत्र संतू राम के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

**गिरफ्तारी/पुलिस मुठभेड़ का विवरणः-** अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल पर्यवेक्षण में थाना औराई पुलिस टीम द्वारा दिनांक 31.08.2025 समय 21-55 बजे थाना औराई क्षेत्र अंतर्गत थाना औराई पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबीरी सूचना पर *पुलिस मुठभेड़* में वादी के बहन के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ (बैटरी का पानी) फेंकने तथा गाली गुप्ता व जान से मारने की धमकी देने पर थाना औराई पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 372/2025 धारा 118(2),351(3),352 बीएनएस का वांछित अभियुक्त मुकेश कुमार पुत्र स्वर्गीय संतूराम निवासी ग्राम सहसेपुर (टेढ़वा) थाना औराई जनपद भदोही उम्र 27 वर्ष को ग्राम सहसेपुर रेलवे पटरी के दक्षिण तरफ आरसीसी रोड बहद थाना औराई से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के कब्जे से एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर तथा एक अदद खोखा कारतूस व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग के दौरान अभियुक्त मुकेश कुमार के बाएं पैर में घुटने के नीचे गोली लगी है। घायल अभियुक्त को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ट्रामा सेंटर औराई भेजा गया है। जहां घायल अभियुक्त की स्थिति सामान्य है। पुलिस उच्चाधिकारीगण के नेतृत्व में फॉरेंसिक




टीम/फील्ड यूनिट द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए थाना औराई पर मुकदमा अपराध संख्या 375/2025 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछः-** पुलिस द्वारा रोके जाने पर पुलिस पार्टी पर फायर करने के सम्बन्ध में पूछताछ किया गया तो बताया कि मैं दिनांक 31.08.2025 को समय करीब 04.30 बजे सुबह ग्राम बारीगांव थाना औराई जनपद भदोही में मेरे रिश्तेदार की लड़की अपने घर में सो रही थी जिसके ऊपर बोतल में ज्वलनशील पदार्थ लेकर उसके शरीर पर ÷पिचकारीनुमा फुहेरा÷ छिड़क दिया हुँ। जिससे वह झुलस गयी है। लड़की के घर वाले थाना औराई जनपद भदोही मेरे विरुद्ध मुकदमा औराई थाना मे लिखवाया गया है। मैं पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिये दिनभर इधर-उधर भागते-फिरते रहा उसी दौरान एक नहर में बहता हुआ पानी दिखाई दिया जो तेजाब का बोतल मेरे पास था उसको उसी बहते हुए नहर की पानी में फेंक दिया। मैं मोटरसाइकिल से माधौंसिह रेलवे स्टेशन जा रहा था जहा पर मोटर साइकिल खडी कर किसी ट्रेन को पकडकर परदेश चला जाता। मैं पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिये सुरक्षार्थ अपने पास लिये हुये तमंचा से आप लोगो पर फायर कर दिया।

# देश मे प्रतिभाओं की कमी नहीं, खुद को समझने की जरूरत- अनिरुद्ध त्रिपाठी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** ओम उच्च शिक्षा संस्थान छतमी मे सोमवार को लैपटॉप वितरण का आयोजन किया गया। जहां पर 300 से अधिक छात्र-छात्राओं को टेबलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वालित किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि का संस्थान के अध्यापकों और छात्र-छात्राओं ने माल्यार्पण करके और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम मे कुल 308 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि सरकार ने छात्र छात्राओं को टेबलेट का वितरण कर रही है जिससे कि वें लोग अपने पढ़ाई के साथ साथ अपने कैरियर को भी मजबूत कर सके। कहा कि लोग पढ़ लिखकर अपने कॉलेज और परिवार का नाम रोशन करें। कहा कि आज बेटे और बेटियां बराबर है अपनी प्रतिभा के हिसाब से अंतरिक्ष मे भी पहुंच रही है। देश मे प्रतिभाओ की कमी नहीं है। मुख्य अतिथि ने कहा कि जिन भाई या बहन को कहीं दिक्कत हो वे सूचित करें छह माह के अंदर उनके समस्या का समाधान हो जायेगा। मुख्य अतिथि ने सरकार की भी सराहना करते कहा कि पहले की सरकार जाति और धर्म देखकर काम करते थे लेकिन वर्तमान सरकार सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर काम कर रही है। कॉलेज के प्रबंधक डॉ अभय कुमार मिश्रा ने बच्चों को अच्छी से पढ़ाई और करियर निर्माण मे बेहतर कार्य करने की बात कहीं और उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर डॉ आनन्द



मिश्रा, जय शंकर दूबे, सुशील कुमार ओझा, सुनील पाण्डेय, राजन सिंह,रजनीश श्रीवास्ताव, शालिनी राय, प्रमोद तिवारी, विपिन दूबे, राजकुमारी, सुप्रिया, डॉ नीरज पाण्डेय,अमित तिवारी,देवेंद्र तिवारी,डॉ सूर्य प्रकाश पाठक और जय प्रकाश पाण्डेय समेत अध्यापक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रत्नाकर पाठक ने किया।

# संगठन सृजन अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** नगर के वार्ड नंबर 24 की बैठक चोरी रोड स्थित मोहल्ला बाजार रुस्तम खां में आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश कोऑर्डिनेटर श्री दयाशंकर पांडेय व जिला अध्यक्ष श्री वसीम अंसारी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष श्री सरफ़राज़ अहमद ने की तथा कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष श्री मुशीर इक़बाल ने किया। कार्यक्रम के संयोजक श्री सनाउल्लाह शाह रहे। कार्यक्रम के दौरान वार्ड नंबर 24 के खुर्शीद आलम को वार्ड अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

मुख्य अतिथि श्री दया शंकर पांडेय ने कहा कि "संगठन की मजबूती ही राजनीतिक संघर्ष की सबसे बड़ी ताक़त है। जब-जब कार्यकर्ता बूथ और वार्ड स्तर पर सक्रिय रहेंगे, तब-तब कांग्रेस का परचम बुलंद होगा। संगठन सृजन अभियान का यही उद्देश्य है कि हर कार्यकर्ता जनता से जुड़े और उनके हक़ की लड़ाई में अग्रसर रहे।"

जिला अध्यक्ष श्री वसीम अंसारी ने कहा कि "वार्ड और बूथ स्तर पर मज़बूत संगठन ही हमारी जीत की कुंजी है। कार्यकर्ताओं को लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याएँ सुननी होंगी और कांग्रेस की नीतियों को घर-घर पहुँचाना होगा। आज खुर्शीद आलम जैसे युवा साथियों की ज़िम्मेदारी तय होना हमारे लिए गर्व की बात है।" इस अवसर पर सुबुकतगीन अंसारी, अकबर अंसारी,



खालिद अंसारी, नाज़िम अली, आसमा बानो, शमशीर अहमद, आज़ाद हुसैन, शिवपूजन मिश्र, संजय पांडेय, सैफ़ बाबू, सुधांशु पाण्डेय, इंजमाम उल हक, सोनू, शाह आलम, इमरान, मोहम्मद फैजान,शोएब आलम फरहान खान सहित ढेर सारी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रही।

# कूटरचित तरीके से फर्जी दस्तावेज बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

थाना औराई अन्तर्गत प्रार्थी द्वारा तहरीर दिया गया कि वह विगत कुछ वर्षो से विभिन्न सरकारी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है इस दौरान आरक्षण श्रेणी के अंतर्गत EWS प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ी। जिसके क्रम में मैने अपने परिचित नीरज यादव एवं जयप्रकाश यादव पुत्रगण विश्वनाथ यादव त्रिलोकपुर से EWS प्रमाण पत्र बनवाने का अनुरोध किया। आवश्यक दस्तावेज लेकर दि0 27.04.2024 को मुझे उपलब्ध कराया। उक्त प्रमाण पत्र के आधार पर मैने SSC CGL एवं SSC CHSL की परीक्षाओं हेतु आवेदन किया और अपनी तैयारी जारी रखी। SSC CHSL के तहत मुझे ED LDC (URश्रेणी) पद हेतु चयनित किया गया। दिनांक 04.04.25 को दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया के दौरान श्वष्ठ विभाग के अधिकारियों ने मुझे सूचित किया कि मेरे द्वारा प्रस्तुत EWS प्रमाण पत्र 2024-25 के लिये वैध है जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 दर्शाया गया है जबकि पात्रता के लिये 2023-24 होना आवश्यक था इसके बाद



दिनांक 07.04.2025 को मैने संबंधित दस्तावेज जयप्रकाश यादव को सौपे और उसी दिन शाम को संशोधित कर मुझे दे दिया और मैने उसे जमा कर दिया लेकिन इतने कम समय में संशोधित कर देने पर मुझे और मेरे घरवालों को संदेह हुआ तो तहसील में जाकर चेक कराया तब पता चला कि उक्त दस्तावेज फर्जी था और जांच कराने पर पता चला की उसने मेरे और परिवार के तीन फर्जी EWS प्रमाण पत्र बनवाये हैं। जिसके संबंध मे एक शिकायती प्रार्थना पत्र मेरे द्वारा दिया गया है।

प्राप्त शिकायत पर तत्समय ही आरोपी के विरुद्ध मु0अ0सं0 261/25 धारा 319 (2),318(4),338,336 (3) 340 (2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई।

अभिमन्यु मांगलिकपुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के नेतृत्व में आज दिनांक 01.09.2025 को औराई पुलिस उ0नि0 सच्चिदानन्द राय मय हमराह का0 अरूण कुमार द्वारा मु0अ0सं0 261/25 धारा 319 (2),318(4),338,336 (3) 340 (2) बीएनएस का 01 नफर वांछित अभियुक्त नीरज यादव पुत्र विश्वनाथ यादव निवासी त्रिलोकपुर थाना औराई जिला भदोही उम्र करीब 42 वर्ष को बुआ जी के ईनारा से गिरफ्तार करनें में सफलता प्राप्त हुई। अभियुक्त को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

# 10+2 की मान्यता अब भारतीय शिक्षा बोर्ड (BSB) से ले सकेंगे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** लोहिया तालाब स्थित डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल में भारतीय शिक्षा बोर्ड (बी0एस0बी0) की बैठक का शुभारंभ , जनपद के जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार एवं बोर्ड के चेयरमैन पूर्व आई0 एस0 अधिकारी डॉ एन0 पी0 सिंह0 ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में विंध्याचल मंडल के सभी तीन जिलों के विद्यालयों के प्रबंधकगण उपस्थित रहे। बोर्ड के चेयरमेन डॉ एनपी0सिंह0 ने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड CBSE के समकक्ष एक राष्ट्रीय बोर्ड है। यह पूर्ण वैधानिक बोर्ड है जिसे भारत सरकार के द्वारा बनाया गया है।

इस बोर्ड में आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय ज्ञान परम्परा का समावेश रहेगा। यह बोर्ड राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मूल उद्देश्यों को आत्मसात् करते हुए ह्ष्टस्न के अनुसार कार्य कर रहा है। यह बोर्ड 10+2 की मान्यता देगा एवं इसके प्रमाण पत्र सीबीएसई के समक्ष होंगे ,एवं इसमें सभी आधुनिक विषय पढ़ाए जाएंगे। इस बोर्ड में कक्षा -6 से ही रोजगार परक शिक्षा दी जा



रही है , 12वीं उत्तीर्ण करने पर विद्यार्थी स्कुल शिक्षा के साथ किसी न किसी कौशल से युक्त होगा। JEE, NEET सहित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेनी की दक्षता विद्यार्थी में होगी। नैतिकता से युक्त विश्वस्तर पर प्रत्येक दिशा में नेतृत्व करने का सामर्थ्य इस बोर्ड के द्वारा विद्यार्थियों में विकसित किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार* ने कहां की आज दुनिया की परिस्थितियों को देखते हुए भारत को अपनी ज्ञान परंपराओं के आधार पर आधारित आधुनिक शिक्षा के साथ जुड़ने की आवश्यकता है , जिससे देश सभी क्षेत्र में नेतृत्व पैदा कर सके। एवं देश का समग्र विकास हो सके। इस अवसर पर ष्ठद्बह्स्- माया राम एवं ङ्कक्र- अनिल वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे , कार्यक्रम का संचालन बृजमोहन ने किया। इस अवसर पर अमरदीप सिंह, योगी ज्वाला सिंह, अश्विनी कुमार पांडेय ने आए हुए अतिथियों को मां विंध्यवासिनी की चुनरी भेंट कर उनका स्वागत किया। राजन वैदिक, अनिल मौर्य, विशाल चौरसिया, दुर्गा दत्त चतुर्वेदी, विनीत कुमार सहित आदि लोग रहे।

# दो दिवसीय शास्त्रीय संगीत एवं सुगम संगीत (ग़ज़ल भजन)प्रतियोगिता का समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ द्वारा आयोजित दो दिवसीय शास्त्रीय संगीत एवं सुगम संगीत (ग़ज़ल भजन)प्रतियोगिता का आयोजन डैफोडिल पब्लिक स्कूल में हुआ। जिसमें विविध विद्यालयों के 81 बच्चों ने प्रतिभाग किया। यह प्रतियोगिता तीन वर्गों में बाल वर्ग, किशोर वर्ग, एवं युवा वर्ग में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन संस्कार भारती काशी प्रांत अध्यक्ष गणेश अवस्थी, पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव, एवं डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल की निदेशिका अपराजिता सिंह जी ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता के आयोजन हेतु संगीत नाटक अकादमी लखनऊ की प्रतिनिधि रेनू श्रीवास्तव ने प्रकाश डाला। निर्णायक के रूप में विविध जनपदों से आए हुए निर्णायकों ने बड़े परिश्रम के साथ निर्णय दिया।

चयनित होने वाले विविध वर्गों के प्रतियोगी छात्र निम्न है। कथक नृत्य में बाल वर्ग में प्रथम स्थान शानवी बरनवाल, द्वितीय स्थान शुभी मिश्रा,तृतीय स्थान ख्याति खरे। शास्त्रीय गायन ख्याल तराना में बाल वर्ग में प्रथम स्थान द्वितीय स्थान स्वस्ति टंडन तृतीय स्थान ऋत्विका सिंह किशोर वर्ग शास्त्रीय



गायनमे प्रथम हरी प्रिया पांडे द्वितीय हंसिका कॉपीशेट्टी तृतीय सुकृति बरनवाल युवा वर्ग में प्रथम द्वितीय तृतीय क्रमशः वागीशा पांडे ,हर्षित पाल, अदिति बनर्जी, ठुमरी दादरा बाल वर्ग में प्रथम ऋत्विका सिंह द्वितीय अकुल, किशोर वर्ग में प्रथम हंसिका, द्वितीय अर्चना आर्या, तृतीय कन्हैया पांडे, युवा वर्ग में प्रथम सागर जायसवाल द्वितीय वागीशा, तृतीय सिमरन, तबला वादन बाल वर्ग में प्रथम स्थान कृष्ण कुमार मोदनवाल,अर्श उपाध्याय, द्वितीय शौर्या कांत तृतीय आदर्श

किशोर वर्ग में प्रथम कन्हैया पाण्डेय, सुगम संगीत गजल प्रतियोगिता के बाल में प्रथम स्वस्ति टंडन द्वितीय अकुल किशोर वर्ग में प्रथम अंकित कुमार द्वितीय अंजलि केशवानी तृतीया नितिन कुमार, सुगम संगीत प्रतियोगिता भजन बाल वर्ग में प्रथम ख्याति खरे द्वितीय स्वस्ति टंडन तृतीय अकुल, किशोर वर्ग में प्रथम यश केशरी द्वितीय हरिप्रिया तृतीय हंसिका

युवा वर्ग में प्रथम वागीशा पांडे द्वितीय सागर जायसवाल तृतीय सिमरन इस अवसर पर के बी डिग्री कॉलेज की प्रोफेसर एवं पंडित छन्नू मिश्रा काशी संगीत न्यास वाराणसी की संयोजिका डॉ नम्रता मिश्रा ने प्रत्येक चयनित प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 500 -500 पुरस्कार देने का घोषणाकिया एवं कुशल आयोजन हेतु 2100 रुपए केंद्र संयोजक शिवराम शर्मा को देने का घोषणा किया।

# अटल चौक के राजा गणेश महोत्सव का भव्य आयोजन, जागरण में झूमे हजारों भक्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर, विंध्याचल।** विंध्याचल के अटल चौक पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गणेश महोत्सव पूजा समिति द्वारा (अटल चौक के राजा) गणेश जी की प्रतिमा स्थापना व महोत्सव का आयोजन पूरे हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया जा रहा है। समिति द्वारा दिनांक 30 अगस्त, शनिवार को भव्य जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगण शामिल हुए और देर रात तक भक्ति गीतों पर झूमते रहे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष श्री सोहनलाल श्रीमाली ने गणेश जी का दर्शन-पूजन कर जागरण कार्यक्रम में सहभागिता की। वहीं, नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा भी गणेश जी के दर्शन हेतु पहुंचे और भक्तिमय कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। जागरण कार्यक्रम बेहद भावपूर्ण रहा। इसमें शंकर-पार्वती, राधा-कृष्ण, महाकाली,




बजरंगबली समेत विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां प्रस्तुत की गईं। साथ ही भजन-कीर्तन की मधुर स्वर लहरियों ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री गणेश महोत्सव पूजा समिति के अध्यक्ष प्रवीण कुमार बरनवाल उर्फ डब्बू जी ने बताया कि वर्ष 2016 से समिति द्वारा अटल चौक पर राजा गणेश जी की प्रतिमा स्थापना की जा रही है, और हर वर्ष यह आयोजन पूरे श्रद्धा व धूमधाम से संपन्न होता है। इस दौरान समिति के सदस्य एवं कार्यकर्ताओं में मुख्य रूप से प्रवीण कुमार बरनवाल (डब्बू जी), रिंकू अग्रहरि, सुमित जायसवाल, आशुतोष मोदनवाल (गुड्डन), शालू मोदनवाल, दलजीत गुप्ता, कृष्णानंद जायसवाल, अनूप जायसवाल, शुभम जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। भक्ति, आस्था और उल्लास का यह आयोजन लगातार क्षेत्रवासियों को आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक एकता से जोड़ रहा है।

# विंध्य कॉरिडोर का विस्तार तारकेश्वर मंदिर से किया जाए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** लोकहित से जुड़े विषयों के सन्दर्भ में स्थानीय पत्रकारों की एक बैठक पीटीआई के संवाददाता संतोष कुमार श्रीवास्तव के आवास पर हुई, जिसमें विविध मांगों को लेकर 2 सितंबर को साढ़े 11 बजे जिलाधिकारी को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। प्रमुख मांगों में विंध्य कॉरिडोर का सीमा-विस्तार किया जाए तथा नगर के तारकेश्वर महादेव मंदिर, बूढ़ेनाथ मंदिर एवं लोहन्दी मंदिर से जिगना क्षेत्र के बदेवरा नाथ तक सीमा निर्धारित करने, रजिस्ट्रार, सोसाइटी फर्म्स एंड चिट फंड का दफ्तर मिर्जापुर में खोले जाने के शासनादेश का पालन करने एवं उक्त कार्यालय को स्थान देने की मांग के साथ हर तीन माह के दौरान जिला प्रशासन द्वारा पत्रकार-वार्ता करने की मांग शामिल है। इससे विकास




कार्यों में गुणवत्ता आदि की जानकारी प्रशासन को प्राप्त होगी।

इसके अतिरिक्त मंडलीय अस्पताल के सभी वार्डों में एयरकंडीशनर जाने की मांग भी शामिल जाए है ताकि गर्मी से मरीज परेशान न हों। बैठक में सलिल पाण्डेय, प्रभात मिश्र, मनोज शुक्ल, शिवशंकर उपाध्याय, अजय शंकर गुप्ता, राकेश दुबे, महेश रावत, राजकुमार उपाध्याय, विश्वजीत दुबे, रोहित गुरु त्रिपाठी, दीपक त्रिपाठी, नितिन अवस्थी, रवींद्र जायसवाल, विकास तिवारी, शिव भोला सिंह, भोलानाथ साहू, घनश्याम ओझा, रामलाल साहनी एवं संतोष गिरि, श्रीश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# शारदीय नवरात्रि के पूर्व तैयारियों का ईओ जी लाल ने किया निरीक्षण

**मीरजापुर।** शारदीय नवरात्रि के पूर्व तैयारियों को लेकर ईओ जी लाल ने विन्ध्याचल पहुंचकर साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।ईओ ने विंध्याचल के सदर बाजार,नयी वीआईपी,पुरानी वीआइपी,मंदिर परिसर,पक्का घाट सहित कई स्थानों का पैदल ही निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने नाली की ढक्कन को हटवाकर नाली की सफाई करवाई।कर्मचारियों को मंदिर परिसर के आस पास विशेष साफ-सफाई रखने एवं जल्द से जल्द कूड़ा उठान का भी निर्देश दिया।ईओ ने बताया है कि शारदीय नवरात्रि मेला में दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ेगी,जिसको देखते हुए पूर्व से ही तैयारिया की जा रही है।आज निरीक्षण कर के सफाई निरीक्षकों,सफाई नायकों एवं सफाई कर्मचारियों को सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया है।मेला से पहले सभी तैयारियों को पूरा कर लिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सोरांव पुलिस टीम द्वारा हत्या के प्रयास के अभियोग से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कब्जे से 02 कारतूस .32 बोर व 01 खोखा कारतूस .32 बोर बरामद।**



**ब्यूरो प्रयागराज।** गंगानगर-जोन के थाना सोरांव पर पंजीकृत मु0अ0सं0-273/25 धारा-109/352/351(2) भा0न्या0सं0 से सम्बंधित वांछित 02 अभियुक्त 1. संदीप कुमार उर्फ राजा पुत्र ज्ञानचन्द यादव निवासी इस्माइलपुर तालुके अब्दालपुर थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज 2. सुरेन्द्र कुमार उर्फ ननके पुत्र राम अधार निवासी जगदीशपुर (दयालपुर) थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सोरांव पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-01.09.2025 को थाना सोरांव क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पदमपुर के पास से 02 कारतूस .32 बोर व 01 खोखा कारतूस .32 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। उल्लेखनीय है कि दिनांक 30.08.2025 को उक्त दोनों अभियुक्त संदीप कुमार उर्फ राजा व सुरेन्द्र कुमार उर्फ ननके उपरोक्त द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर थाना सोरांव क्षेत्रान्तर्गत ग्राम इस्माइलपुर स्थित पान की दुकान पर पहुँचकर मुकदमा वादी से वाद-विवाद करते हुये जान से मारने की नियत से फायर किया गया था, जिसके सम्बंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सोरांव पर मु0अ0सं0-273/25 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

### साइबर फ्रॉड के शिकार पीड़िता के खाते में 62000/- रु0 धनराशि को कराया गया वापस




**भदोही** पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां द्वारा साइबर फ्रॉड के शिकार पीड़िता के खाते में 62000/- रु0 धनराशि को कराया गया वापस। जनपद में हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम हेतु अभिमन्यु मांगलिकपुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां जनपद भदोही व थानाध्यक्ष सुरियावाँ को किसी पीड़ित व्यक्ति के साथ हुए धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के क्रम में आवेदिका पूनम यादव पुत्री सुरेश यादव निवासिनी ग्राम भिखारीरामपुर थाना सुरियावां जनपद भदोही से फ्राडस्टर द्वारा इन्स्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती करके आवेदिका का एडमिशन प्रतिमा नर्सिंग कालेज भदोही में कराने हेतु कुल 62000/- रुपये मो0नं0 9304689254 व 9835390939 पर ट्रान्सफर करवाया गया जिसके सम्बन्ध में आवेदिका द्वारा आनलाइन साइबर कम्पलेन दिनांक 17.08.2025 को किया गया था। साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां जनपद भदोही द्वारा उक्त प्रार्थना पत्र तथा NCRP पोर्टल का अवलोकन कर त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित की कुल 62000/- रुपये की धनराशि को पीड़ित के खाते में वापस कराया गया। पीड़ित द्वारा खाते से गयी धनराशि को वापस पाकर पुलिस अधीक्षक भदोही व साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावाँ जनपद भदोही के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की भूरि- भूरि प्रशंसा की गयी।

**साइबर फ्रॉड के बचने के लिए सावधानिया-**

1.साइबर फ्रॉड होते ही तत्काल 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करें।

2.किसी अन्जान व्यक्ति के कहने पर कोई एप डाउनलोड न करें।

3.वर्क फ्राम होम, शेयर ट्रेडिंग करने से पहले सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर ही उपयोग करें।

4.कृपया किसी अनजान व्यक्ति के द्वारा पैसो की मांग किये जाने पर अच्छे से जाँच ले एवं अपने खाते का बैलेंस चेक कर ले, किसी के बहकावे में न आये।

5.अज्ञात व्यक्ति/अज्ञात मोबाइल नम्बर द्वारा भेजी गयी लिंक को क्लिक न करें।

साइबर हेल्प डेस्क टीम का नाम
1. उ0नि0 रामदर्शन प्रसाद
2. क0आ0 मनीष कुमार रजक
3. म0का0 गरिमा यादव

# यूपी- कन्नौज, सहारनपुर सहित कई मेडिकल कॉलेजों में नीट से हुए दाखिले रद्द

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने कन्नौज, सहारनपुर, अंबेडकर नगर, जालौन के सरकारी मेडिकल कालेजों में नीट 2025 परीक्षा के तहत हुए दाखिलों के शासनादेशों को रद्द कर दिए। कोर्ट ने आरक्षण अधिनियम 2006 के राहत मेडिकल की सीटें नए सिरे से भरने का राज्य सरकार को आदेश दिया है। साथ ही अदालत ने इन मेडिकल कालेजों में प्रवेश के लिए यूपी सरकार के विशेष आरक्षण शासनादेश को भी निरस्त कर दिया। इस मामले में इन मेडिकल कालेजों की सीटें भरने में में, कानूनी निर्धारित सीमा से अधिक आरक्षण देने के शसनादेशों को चुनौती दी गई थी।

न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह अहम फैसला नीट - 2025 की अभ्यर्थी सबरा अहमद की याचिका मंजूर करके दिया। याची ने अंबेडकर नगर, कन्नौज,जालौन और सहारनपुर के सरकारी मेडिकल कालेजों में प्रवेश के लिए आरक्षण की स्वीकृत सीमा का मुद्दा उठाकर चुनौती दी थी। याची का कहना था कि उत्तर प्रदेश सरकार ने अनुसूचित जाति, जनजाति और ओ बी सी अभ्यर्थियों को शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण देने को आरक्षण अधिनियम - 2006 बनाया था। याची का कहना था कि इस अधिनियम के तहत मेडिकल कालेजों में हुए दाखिलों में, अधिनियम में दी गई आरक्षण की निर्धारित सीमा 50 फीसदी का उल्लंघन करके सीटें भरी गई। यानि कि शासनादेश जारी कर 50 फीसदी से अधिक आरक्षण दिया गया, जो कानून की मंशा के खिलाफ था। उधर, राज्य सरकार की ओर से याचिका का विरोध किया गया।

कोर्ट ने कहा कि आरक्षण की सीमा तय करने वाले राज्य सरकार के आदेश साफ तौर पर आरक्षण अधिनियम 2006 के खिलाफ हैं। कहा कि सरकार द्वारा आरक्षण की तय सीमा 50 फीसदी के नियम का बगैर किसी कानूनी प्राधिकार के उल्लंघन नहीं किया जा सकता। ऐसे में इन शसनादेशो को तर्कसंगत नहीं ठराया जासकता है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने आरक्षण सीमा का उल्लंघन करने वाले वर्ष 2010 से 2015 के बीच जारी छह शसनादेशों को रद्द कर दिया। साथ ही राज्य सरकार को निर्देश दिया कि इन चारों मेडिकल कालेजों की सीटें आरक्षण अधिनियम 2006 के अनुसार केंद्र और राज्य सरकार की सीटें भरी जाएं। कोर्ट को यह बताए जाने पर कि सीटें भर गई हैं, अदालत ने चिकित्सा शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि आरक्षण अधिनियम 2006 के तहत इन सीटों को नए सिरे से भरने की करवाई करे।

# महादेवपुरा तो सिर्फ एटम बम था अब हाइड्रोजन बम के लिए तैयार रहें मोदी जी- राहुल गांधी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



पटना में वोटर अधिकार यात्रा के समापन के दौरान अपने संबोधन में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र में एनसीपी, कांग्रेस, शिवसेना से चुनाव चोरी किया गया था। ये 100 प्रतिशत सच है। एक करोड़ नए वोटर लोकसभा चुनाव के बाद वोटर लिस्ट में जोड़े जाते हैं। नए वोटर आके वोट करते हैं। हमारे गठबंधन को जितना लोकसभा में मिला उतना वोट विधानसभा में मिला, लेकिन नए वोट बीजेपी को गया। लोकसभा में हम जीते लेकिन विधानसभा में हारे। क्योंकि चुनाव आयोग और बीजेपी ने मिलकर वोट चोरी की।

राहुल गांधी ने कहा कि हमने साफ दिखाया कि एक विधानसभा में एक लाख से ज्यादा फर्जी वोटर थे। बैंगलोर सेंट्रल में 7 विधानसभा हैं, 6 में हम जीतते हैं , जहां एक लाख फर्जी वोट थे वहा हम साफ हो जाते हैं उसी एसेंबली के कारण बीजेपी जीत जाती है। हमने चुनाव आयोग से लिस्ट मांगी लेकिन हमें लिस्ट नहीं दी गई। हमे ये खुलासे करने में 4 महीने लगा हमने देश के सामने सबूत रखा।

राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी और चुनाव आयोग ने अधिकार की चोरी, शिक्षा की चोरी, युवाओं के भविष्य की चोरी की, राहुल गांधी ने कहा कि ये आपका सबकुछ ले जाएंगे और अडानी और अंबानी को दे देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि जिन शक्तियों ने गांधी जी की हत्या की वही लोग संविधान की हत्या करने की कोशिश कर रही है, हम ऐसा होने नहीं देंगे।

वोटर अधिकार यात्रा पर राहुल गांधी ने कहा कि हमें बहुत अच्छा रिस्पोंस मिला। बीजेपी के लोग बीच में काले झंडे दिखाने लगे। बीजेपी के लोग अच्छी तरह से सुन लीजिए। एटम बॉम से बड़ा हाइड्रोजन बम होता है। बीजेपी के लोगों तैयार हो जाओ हाईड्रोजन बम आ रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि हाईड्रोजन बम आने के बाद मोदी जी चेहरा नहीं दिखा पाएंगे।

# कार्डेट में नीम ऑयल और वायो फर्टिलाइज़र प्लांट का काया कल्प होगा

**● उत्पादन और गुणवत्ता बढ़ाने के संयंत्र को आधुनिकीकरण किया जाएगा। वाल्मीक त्रिपाठी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो चीफ दयाशंकर त्रिपाठी की खास रिपोर्ट।**

कॉर्डेड प्रबंधसमति ट्रस्ट के अध्यक्ष वाल्मीक त्रिपाठी नं कहां है की मोतीलाल फार्मर्स ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट फूलपुर को और आधुनिक बनानेक लिए अनेक इनोवेशन किया जाएगा जिसमें नीम ऑयल प्लांट तथा बायो फर्टिलाइजर प्लांट की गुणवत्ता और उत्पादन बढ़ाने के लिए प्लांट में आधुनिक तकनीक के सयंत्र लगाए जाएंगे जिससे जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा जो पर्यावरण और आदमी के सेहत के लिए लाभदायक होगा।

श्री त्रिपाठी कार्डेट ट्रस्ट की प्रबंधसमति की बैठक में कार्यो की समीक्षा करने के बाद लिए गए निर्णय की जानकारी स्वतंत्र प्रभात के ब्यूरो चीफ दयाशंकर त्रिपाठी से एक विशेष ग्वार्ता के दौरानदी। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष में 68 लाख के घाटे को पूरा करके एक करोड़ 27 लाख का लाभ संस्था को हुआ । उन्होंने अगले वित्त वर्ष में 3 करोड़ का लाभ होने की आशा व्यक्त की।



उन्होंने ट्रस्ट को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए बताया कि बायो फर्टिलाइजर प्लांट की उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए 3 करोड़ की लागत से इसका नवीनीकरण और अच्छे संयंत्र लगाने का प्रस्ताव समिति ने किया है। इसी तरह नीम ऑयल प्लांट की भी गुणवत्ता और क्षमता बढ़ाने के लिए उसके मशीन को आधुनिक तकनीक से लैस मशीन को लगाया जाएगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा की कॉर्डेड ट्रस्ट धन कमाने के लिए नहीं बनाया गया है।लेकिन इससे होने वाले लाभ को जनकल्याण के लिए खर्च किया जाएगा। जिससे किसानों को लाभ होगा। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने पशु आहर प्लांट बंद होने पर चिंता जताया । उन्होंने बताया की बाजार में पशु आहार की डिमांड को देखते हए पुनः इस प्लांट को चलाने के लिए अध्ययन किया जा रहा है जिसमें सब की राय लेकर निर्णय किया जाएगा।

# गुजरात कांग्रेस ने बीजेपी पर 'वोट चोरी' का लगाया आरोप

**● केंद्रीय मंत्री के क्षेत्र में 12.3% फर्जी वोटर मिलने का दावा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** गुजरात कांग्रेस अध्यक्ष अमित चावड़ा ने शनिवार को एक प्रेस कांफ्रेंस कर राज्य में बड़े पैमाने पर वोट चोरी का आरोप लगाया। चावड़ा ने दावा किया एक विधानसभा क्षेत्र के डेटा की प्राथमिक जांच में 12.3% फर्जी मतदाता पाए गए। उन्होंने कहा कि इस आधार पर पूरे राज्य में 62 लाख से ज्यादा मतदाता फर्जी हो सकते हैं। चावड़ा ने बीजेपी पर संदिग्ध, फर्जी और 'डुप्लीकेट' मतदाताओं के जरिये 'वोट चोरी' का आरोप लगाते हुए कहा कि 182 सीटों की सभी मतदाता सूचियों की जांच की जाएगी।

गुजरात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमित चावडा ने पत्रकारों से कहा कि पार्टी ने नवसारी लोकसभा सीट अंतर्गत आने वाली चोर्यासी विधानसभा सीट की मतदाता सूची की जांच शुरू की है, जिसका प्रतिनिधित्व गुजरात बीजेपी अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सी. आर. पाटिल करते हैं और जांच में बड़े पैमाने पर "वोट चोरी" का मामला सामने आया है।

अमित चावड़ा ने कहा, ''मतदाता सूचियां लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव हैं और अगर उसमें गड़बड़ी होती है, तो इसका मतलब है कि लोकतंत्र खतरे में है। हमने पूरे राज्य की मतदाता सूचियों की जांच करने का निर्णय लिया है, जिसकी शुरुआत चोर्यासी विधानसभा क्षेत्र से की गई है। गुजरात में एक ही व्यक्ति कई बार मतदान करता है, जिसकी वजह से पूरा चुनाव परिणाम प्रभावित हो जाता है।''

चावडा ने कहा, ''कांग्रेस ने जनता के वोट चुराने की साजिश रचने वालों को बेनकाब करने का फैसला किया है और 2027 में होने वाले अगले विधानसभा चुनाव तक हम राज्य के हर घर तक पहुंचेंगे।'' उन्होंने कहा कि पार्टी ने चोर्यासी विधानसभा सीट को इसलिए चुना क्योंकि यह सी. आर. पाटिल की लोकसभा सीट के अंतर्गत आती है, जहां से वह रिकॉर्ड मतों से जीतते रहे हैं।

कांग्रेस नेता चावड़ा के अनुसार, चोर्यासी के लगभग छह लाख मतदाताओं में से, पार्टी ने 40 प्रतिशत यानी लगभग 2.40 लाख मतदाताओं की जांच की और पाया कि उनमें से 30 प्रतिशत से अधिक मतदाता या तो 'डुप्लीकेट' थे, फर्जी थे या फिर उनका अस्तित्व ही नहीं था। उनके नाम, उम्र, उपनाम, तस्वीर और मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) ने संदेह पैदा किया।

उन्होंने कहा, ''यह उस विधानसभा क्षेत्र से है जो बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री की लोकसभा सीट के अंतर्गत आता है, जो लगातार रिकॉर्ड अंतर से चुनाव जीतते रहे हैं। हमने बीजेपी के एक बड़े नेता द्वारा की गई चोरी का पर्दाफाश किया है। और यह 100 प्रतिशत प्रमाण के साथ कहा जा सकता है कि वहां लाखों की चोरी हुई है। इसका मतलब है कि यह व्यवस्था पूरे गुजरात में जारी है।'' चावड़ा ने दावा किया कि राज्य में लगभग 62 लाख वोट की चोरी हुई है।

उन्होंने कहा कि चोर्यासी सीट पर पांच अलग-अलग तरीकों से वोट चुराए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतदाता का नाम, उपनाम और फोटो का दोहराव (डुप्लीकेट) था, फिर वर्तनी में भिन्नता या गलती थी। उन्होंने कहा कि तीसरे तरीके में एक ही मतदाता के अलग-अलग मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी कार्ड) हैं और चौथे तरीके में, मतदाता सूची गुजराती के अलावा अन्य भाषाओं में उपलब्ध कराई गई, जबकि पांचवें तरीके में मतदाता सूची में व्यक्ति वही हैं, लेकिन उसके उपनाम में एक-दो अक्षर बदल दिए गए हैं और एक नया मतदाता बना दिया गया है।

उन्होंने कहा, ''हमने जो डेटा इस्तेमाल किया है वह ऑनलाइन है और निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। हम जो सबूत दे रहे हैं वह वेबसाइट पर उपलब्ध है और अगर यह गलत है, तो इसे ठीक करना उनकी जिम्मेदारी है।'' उन्होंने कहा कि वोट चोरी के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देना भारत के निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है।

चावडा ने कहा कि निर्वाचन आयोग एक स्वायत्त निकाय है और उसे निष्पक्ष रहना चाहिए। उन्होंने कहा, ''लेकिन जब उस पर (निर्वाचन आयोग पर) आरोप लगाए जाते हैं, तो उसमें गलतियों को स्वीकार करने का साहस नहीं होता और वह बीजेपी सरकार के दबाव में राहुल गांधी से हलफनामा मांग रहा है।'' बीजेपी ने इस मुद्दे पर चुनाव आयोग से 100 गुना ज़्यादा बोला और हंगामा मचाया। अगर जवाब चुनाव आयोग को देना ही है, तो बीजेपी नेता क्यों डर रहे हैं?"

# राहुल-तेजस्वी की वोटर अधिकार यात्रा में अखिलेश की एंट्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन की 'वोटर अधिकार यात्रा' ने सियासी हलचल तेज कर दी है। 30 अगस्त को इस यात्रा का 14वां दिन है। जब समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने छपरा में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के साथ कदमताल मिलाया। यह यात्रा, जो वोटर लिस्ट में कथित गड़बड़ियों और 'वोट चोरी' के मुद्दे को लेकर शुरू की गई है, अब अपने अंतिम चरण में है। डीएमके प्रमुख और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन तथा सांसद कनिमोझी के बाद अखिलेश यादव इस यात्रा में शामिल होने वाले दूसरे प्रमुख विपक्षी नेता हैं। जल्द ही झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी इस अभियान में शामिल होंगे, जिससे विपक्ष की एकजुटता और मजबूत होगी। इस यात्रा ने एक बात और भी साफ कर दी है कि राहुल अब विपक्ष का नेतृत्व करने वाले नेता बन गए हैं।

30 अगस्त को यात्रा छपरा के एकमा से शुरू हुई और भोजपुर के आरा की ओर बढ़ी। इस दौरान अखिलेश यादव, राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और राजद नेता रोहिणी आचार्य एक खुली जीप में सवार होकर जनता का अभिवादन करते नजर आए। आरा के वीर कुंवर सिंह मैदान में एक जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें इन नेताओं ने जनता को संबोधित किया। अखिलेश यादव ने बीजेपी पर तीखा हमला बोला और कहा, ÷जैसे अवध ने बीजेपी को बाहर किया, वैसे ही अब मगध की जनता भी बीजेपी को बाहर करेगी। चुनाव आयोग अब 'जुगाड़ आयोग' बन गया है।"

अखिलेश यादव की इस यात्रा में शामिल होने को राजद के मुस्लिम-यादव (एम-वाई) समीकरण को 'पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक' (पीडीए) में विस्तार देने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सपा-कांग्रेस गठबंधन ने 43 सीटें जीतकर बीजेपी को करारी शिकस्त दी थी, जिसमें सपा की पीडीए रणनीति की बड़ी भूमिका थी। अब बिहार में भी इस फॉर्मूले को आजमाने की कोशिश हो रही है। सपा प्रवक्ता अनुराग भदौरिया ने कहा, "यह इलाका उत्तर प्रदेश से सटा हुआ है। देवरिया, कुशीनगर, बलिया, गाजीपुर जैसे जिलों से रिश्तेदारियां हैं, इसलिए इस यात्रा का असर यूपी तक दिखेगा।"

इस यात्रा में डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन और कनिमोझी 27 अगस्त को दरभंगा में शामिल हुए थे, जिसने विपक्षी एकजुटता को और बल दिया। तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी भी आ चुके हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया भी इस यात्रा में हिस्सा लेंगे। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन भी जल्द ही इस यात्रा में शामिल होंगे। 1 सितंबर को पटना के गांधी मैदान में एक विशाल रैली के साथ इस यात्रा का समापन होगा, जिसमें इंडिया गठबंधन के कई बड़े नेता शामिल होंगे।

# 01 सितंबर से 30 अक्टूबर तक जनपद में भारतीय नागरिक सुरक्षा-2023 की धारा-163 लागू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही 01 सितंबर 2025/** आगामी त्यौहारों यथा गणेश चतुर्थी,बारावफात, विश्वकर्मा पूजा, दुर्गा पूजा/ दशहर , दीपावली एवं पीईटी 2025 परीक्षा जनपद में आयोजित है। परीक्षा आदि के दृष्टिगत असामाजिक एवं अवांछनीय तत्वों की गतिविधियों एवं उनके क्रिया कलाप से शांति भंग होने की संभावना उत्पन्न हो सकती है। अतः जनपद की सीमा के अंतर्गत लोक प्रशांति एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत शैलेष कुमार जिला मजिस्ट्रेट भदोही भारतीय नागरिक सुरक्षा 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारो का प्रयोग करते हुए निम्न आदेश पारित करता है-

कोई भी व्यक्ति ईट-पत्थर, आग्नेयास्त्र / विस्फोटक पदार्थ, तलवार, भाला, मुजाली, लाठी-डंडा या 05 सेमी. से अधिक फल वाली चाकू/धारदार हथियार अथवा अन्य किसी ऐसे हथियार को लेकर नहीं निकलेगा और नही इसका प्रदर्शन करेगा और न ही एकत्रित करेगा, जिसका उपयोग आक्रमण के लिए किया जा सके। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकरी तथा सिख व गोरखा जाति के व्यक्तियों पर जो प्रथा के अनुसार कृपाण व खुखरी के अधिकारी हैं. पर लागू नहीं होगा।

कोई भी व्यक्ति साम्प्रदायिक विद्वेष पैदा करने वाले भाषण तथा लोक प्रशान्ति को विक्षुब्ध करने वाले उत्तेजक भाषण व नारे आदि नहीं लगायेगा। कोई व्यक्ति गलत अफवाह नहीं फैलायेगा और न ही जनता में इस प्रकार की नोटिस, पर्चे अथवा साहित्य प्रकाशित अथवा वितरित करेगा जिससे कि उत्तेजना फैले और हिंसा का मार्ग प्रशस्त होकर लोक प्रशान्ति विक्षुब्ध हो।

कोई भी व्यक्ति जुलूस अथवा सभा किसी सार्वजनिक स्थान पर अधोहस्ताक्षरी अथवा सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट के पूर्वानुमति के बिना नहीं करेगा/निकालेगा और न ही किसी ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग करेगा। किसी भी सार्वजनिक स्थान अथवा सड़क या गली में पाँच (5) से अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं होंगे। यह आदेश जनपद भदोही के सम्पूर्ण जनपदीय क्षेत्र में दिनांक 01-09-2025 से दिनांक 30-10-2025 तक यदि इसके पूर्व वापस न ले लिया जाय, प्रभावी रहेगा। उक्त प्राविधानों की अवज्ञा भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा-223 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा। चूंकि, स्थिति की गम्भीरता तथा तात्कालिक आवश्यकता को देखते हुए इस आदेश को शीघ्र प्रभावी करना आवश्यक है और समयाभाव के कारण दूसरे पक्ष को सुनवायी का अवसर प्रदान करना सम्भव नहीं है। अतः यह आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जाता है। इस आदेश का प्रचार-प्रसार ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं कलेक्ट्रेट तथा तहसीलों के नोटिस बोर्डो पर चस्पा करके अथवा समाचार पत्रों में प्रकाशन करके किया जायेगा। यह आदेश जिला मजिस्ट्रेट के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से आज दिनांक 01-09-2025 को जारी किया गया। यह आदेश तात्कालिक प्रभाव से लागू होगा।

# युवक के आत्महत्या मामले में पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** यमुनानगर के औद्योगिक थाना क्षेत्र के तेंदुआवन गांव में युवक के आत्महत्या के मामले में पड़ोस में रहने वाले पिता-पुत्र के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह मुकदमा सुसाइड नोट मिलने के बाद भाई की तहरीर पर दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

औद्योगिक क्षेत्र थाना के तेंदुआवन गांव निवासी शिवम पांडेय (30) कई वर्षो से मुंबई में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। 10 दिन पहले वह अपने घर आया था। उसकी जमीन पर पड़ोस के लोगों ने कब्जा कर रखा था। इसका जब उसने विरोध किया तो पड़ोस में रहने वाले उमेश मिश्रा और उसके पुत्र सुधांशु मिश्रा ने उसके ऊपर हमला कर दिया था। यह बात उसको बहुत नागवार लगी। उसने देर रात दरवाजा बंद कर पंखे के चुल्ले से लटक कर जान दे दी। उसे लटकता देख लोगों ने दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतरा और शहर के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर गांव में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर चीर घर भेज दिया। इस मामले में मृतक के भाई शिव पांडेय की तहरीर पर सोमवार को आरोपित उमेश मिश्रा और उनके बेटे सुधांशु मिश्रा के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

मौके से मिले सुसाइड नोट में उसने एसडीएम डीएम और पुलिस अधिकारी से अपने परिवार के लिए न्याय की गुहार लगाई है। उसके पिता विजय पांडेय की कई साल पहले मौत हो गई थी। उसने अपनी मां संध्या



पांडेय को न्याय दिलाने की मांग की है। तीन भाइयों में सबसे बड़े शिवम पांडेय के एक भाई की मौत पहले मौत हो चुकी है। एसओ औद्योगिक क्षेत्र विपिन कुमार पाल का कहना है कि जमीन के बंटवारे को लेकर वह परेशान होकर उसने फंदे पर लटक कर जान दे दी है। उसके भाई की तहरीर पर उमेश मिश्रा और सुधांशु के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पीएमश्री विद्यालयों के छात्रों को पढ़ाएंगे आईआईटी के शिक्षक

**बलरामपुर।** पीएमश्री विद्यालयों के विद्यार्थी आईआईटी कानपुर के शिक्षकों और शोधार्थियों से पढ़ाई का अवसर पाएंगे। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने यह पहल शुरू की है। इसके तहत विशेषज्ञ ऑनलाइन क्लास लेंगे। यह क्लास इंटरैक्टिव (परस्पर संवादात्मक) होगी, जिसमें छात्र सवाल भी पूछ सकेंगे। विद्यार्थियों को गणित, फिजिक्स और केमेस्ट्री जैसे विषयों में आईआईटी के शिक्षक व शोधार्थी पढ़ाएंगे। हर महत्वपूर्ण चैप्टर की वीडियो क्लास तैयार होगी। वीडियो यूट्यूब पर भी अपलोड होंगे, ताकि छात्र कभी भी देख सकें। पाठ्य सामग्री से जुड़े क्यूआर कोड स्कैन करने पर वीडियो और प्रिंट मैटेरियल उपलब्ध होंगे। साइंस किट के जरिए छात्रों को प्रैक्टिकल नॉलेज भी दी जाएगी। यह पहल ऑनलाइन रूरल एजुकेशन इनिशिएटिव (ओरी) का हिस्सा है। आईआईटी के वर्तमान शिक्षकों के साथ शोधार्थी और मास्टर डिग्री के छात्र भी कक्षा लेंगे। अब तक इस प्लेटफार्म से 50 से ज्यादा शिक्षक व शोधार्थी जुड़ चुके हैं। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बलरामपुर जैसे जिलों में इस पहल से ग्रामीण छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिलेगा। आईआईटी विशेषज्ञों से सीधा संवाद करके विद्यार्थी विज्ञान की कठिन अवधारणाओं को आसानी से समझ सकेंगे।




सहायक शिक्षा निदेशक राम सागर पति त्रिपाठी ने बताया कि जिले के एक शिक्षक को आईआईटी कानपुर में प्रशिक्षण भी दिलाया जाएगा, जो इस पहल को नियमित रूप से लागू कर सके। कहा कि पढ़ाई को बेहतर बनाने की पहल बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग कर रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### पोषण केन्द्र की सेविकाएं बच्चों के संग स्नेहपूर्वक करें ड्यूटी तो भविष्य होगा उज्वल- कालीदास मरांडी



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड :-** "बच्चे भारत के भविष्य हैं और इन्हें संवारना हम सबका कर्तव्य है।" यह बातें प्रखंड प्रमुख कालीदास मरांडी ने कही। वे 30 अगस्त को बसंतपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम सोल्ला स्थित एक आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों के संग संवाद किया और उनके साथ बाल-सुलभ संचलता भरे क्षण बिताए। केन्द्र की साफ-सफाई, दीवारों पर अंकित वर्णमाला, राष्ट्रीय पक्षी मयूर की चित्रकारी तथा बच्चों की रंग-बिरंगी पोशाक देखकर वे काफी प्रसन्न दिखे। मीडिया से बातचीत में प्रमुख ने कहा कि "आंगनवाड़ी केन्द्र छोटे-छोटे बच्चों का संस्कार केन्द्र है, जहां नन्हें-मुन्नों का भविष्य गढ़ा जाता है। यदि सेविकाएं पोषण और पढ़ाई के साथ बच्चों के प्रति स्नेहपूर्वक ड्यूटी करेंगी तो निश्चित ही बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा।" इस मौके पर केन्द्र की सेविका साबिबा खातून एवं सहायिका अलिबा खातून उपस्थित रहीं। प्रमुख ने उपायुक्त पाकुड़ की पहल की भी सराहना की।

### नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान -1 सितम्बर से गोंडा में लागू




**गोंडा।** जिला प्रशासन ने दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए "नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान" शुरू करने का निर्णय लिया है। यह अभियान 1 सितम्बर 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक जिलेभर में चलेगा।जिलाधिकारी गोंडा के आदेशानुसार, अब जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालक किसी भी ऐसे दोपहिया वाहन चालक अथवा पीछे बैठी सवारी को बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं देंगे। यह आदेश 1 सितम्बर से प्रभावी होगा और सभी पंप स्वामियों को इस संबंध में निर्देशित कर दिया गया है। अभियान के तहत–सभी पेट्रोल पंपों पर बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाए जाएंगे।यदि कोई चालक या पीछे बैठी सवारी बिना हेलमेट होगी तो उसे ईंधन की आपूर्ति नहीं की जाएगी। यदि किसी पेट्रोल पंप द्वारा नियमों का उल्लंघन कर ईंधन दिया जाता है तो संबंधित पंप के खिलाफ पेट्रोलियम अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का मानना है कि यह कदम दुर्घटनाओं में कमी लाने और जन-जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बेहद जरूरी है।

### पीएम मोदी की माता के लिए अपमानजनक शब्दों के प्रयोग के मुद्दे पर राहुल गांधी मांगे माफी- दिव्या




**चित्रकूट ब्यूरो:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की बिहार की सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र को दी गई गाली के विरोध में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन किया। जिसमें विपक्षी नेताओं को जिम्मेदार ठहराते हुए सार्वजनिक माफी की मांग की गई।प्रदर्शन के दौरान भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी ने कहा कि पीएम मोदी की माता पर अभद्र टिप्पणी करना संपूर्ण भारत के लिए शर्मनाक है। कांग्रेस समर्थकों की गाली नारी समाज का अपमान है। राहुल गांधी को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए, अन्यथा उनके खिलाफविधिक कार्रवाई की मांग की जाएगी। कहा कि यह धरना केवल राजनीतिक विरोध तक सीमित नहीं है, बल्कि नारी सम्मान और सामाजिक शिष्टाचार से जुडा है। जिला मंत्री राजेश्वरी द्विवेदी, राखी चौबे, अर्चना सिंह, विनीता द्विवेदी आदि ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए कांग्रेस नेतृत्व पर मर्यादा भंग करने का आरोप लगाया तथा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यह मुद्दा महिलाओं की गरिमा के अपमान जुडा है। ऐसे में कांग्रेस नेता को माफी मांगनी पडेगी, अन्यथा विधिक कार्यवाही की मांग की जाएगी।

## जल जंगल और जमीन नहीं रहने पर आदिवासी का जीवन खत्म हो जाएगा-केंद्रीय अध्यक्ष सत्य शिक्षानंद मुर्मू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़, झारखंडः-** केन्द्रीय अध्यक्ष सत्य शिक्षानंद मुर्मू के द्वारा संताल परगना बचाओ मोर्चा के साथियों के साथ पाकुड़िया प्रखण्ड केतलवा,बरमसिया,लेदापाड़ा एवं राजदहा में जनजागरण अभियान चलाया इस अभियान के तहत लोगो को बताया गया कि अपने गाँवों में एक जुटता बनाये रखना है सब को मिलकर जल जंगल जमीन अपना हक की रक्षा धर्म मानकर करना है। विधालयों में शिक्षकों की मांग करना है, अस्पतालों में डाक्टर नर्स एवं अन्य कर्मचारियों की मांग करना है, विकास के कार्यो का निगराणी करना है ! सत्य शिक्षानंद मुर्मू ने लोगों को बताया कि जल जंगल जमीन है तो आदिवासी है,जल जंगल जमीन नहीं रहा तो आदिवासी भी खत्म हो जाएगा यहां आदिवासियों की संख्या लगभग 87,00000 है। सदियों से आदिवासियों का शोषण होते आ रहा है। इस क्षेत्र को अधिसूचित क्षेत्र घोषित करने की आवश्यकता है, आदिवासियों एवं मूलवासियों और इस क्षेत्र के दलित गरीब एवं शोषित पीड़ित लोगों को अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए इन्हें रोजगार का अवसर प्रदान करना है तथा इन्हें सम्मान देना चाहिए ये हमेशा से उपेक्षित रहे हैं। गावों में रहने वाले विकास से कोसों दूर हैं।

यहां बाहर से आये हुए सामन्त वादियों का राज चल रहा है हमें एकजुट होकर शोषण के विरुद्ध लड़ाई लड़नी होगी, हमें अब और अन्याय बर्दाश्त नहीं करना है, हमें बहू बेटियों का इज्ज़त बचाना है इसके के लिए हमें शिक्षित होना पड़ेगा,नशा छोड़ना पड़ेगा, और हमें सिंचाई व्यवस्था कर अपने खेतों में सालों भर फसल उगाना होगा, अपने क्षेत्र से पलायन बन्द करना होगा तभी इस क्षेत्र में शांन्ति व्यवस्था कायम हो सकेगा, और इस क्षेत्र का विकास सम्भव हो सकेगा। इस अभियान मे मुख्य रूप से महिला नेत्री जोवान्ना हेंब्रम, संजय कुमार मराण्डी, मंगल सोरेन, सुनिल मोहली, राम सेन,अब्राहम मुर्मू, सुरेन्द्र टुडू, एमानुएल हांसदा, मंगले पहाड़िया, सुप्रियम मुर्मू, फ्रांसिस बेसरा, सामुयेल टुडू एवं आलफोंस सोरेन अभियान मे सम्मिलित थे।

## बरही के रसोइया धमना पंचायत में 250 पेड़ लगाए गए

● मदरसा अजीजिया जेया उल ओलूम के प्रयास से हुआ वृक्षारोपण अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, झारखंडः-** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से रसोइया धमना पंचायत में मदरसा अजीजिया जेया उल ओलूम की ओर से व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। दो दिनों तक चले इस अभियान के तहत 250 पेड़ लगाए गए।कार्यक्रम की अध्यक्षता मदरसा के हेड मोदरीश मास्टर मो. अख्तर ने की, जबकि मदरसा अध्यक्ष मोहम्मद तबरेज अंसारी ने लोगों को पेड़ लगाने और पर्यावरण बचाने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान पंचायत के विभिन्न स्थानों पर 120 महगुणी, 30 गोल्डमोहर, 30 गमहार, 20 अशोक, 20 शीशम, 20 सागवान और 10 आड़ू के पौधे लगाए गए। वृक्षारोपण अभियान में सक्रिय रूप से सहयोग करने वालों में मो. तौकीर रजा, मो. मकसूद आलम, मो. सरफराज, मो. सेराज अहमद, मो. हकीम, मो. मोईन, मो. रेहान रजा, मो. नईम, मो. औवेस रजा, मो. सालमन, मो. इरफान, मो. शाहिद, मो. महमूद, गुलाम मुस्तफा, सकील अहमद, अब्दुल कुदूस, अबू हमजा, मो. आजम, दिलशां रजा, मो. जाबिर, साइमन रजा, मो. साजिद, मो. शाहबाज, फिदाउल अंसारी, आदिल अंसारी, अकील अहमद, मो. मोहिब हुसैन, दिलगश रजा, अहमद रजा, शाहनवाज आलम, मो. हसनैन और दिलशायद रजा शामिल रहे। सभी लोगों ने अपने हाथों से पेड़ लगाए और संकल्प लिया कि इन पौधों की देखभाल कर इन्हें सुरक्षित रखा जाएगा। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे अभियान पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं।

## सरकारी जमीन परधड़ल्ले से चल रहा है अवैध मेडिकल दुकान

●स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी पर उठ रहे हैं सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पटना ,बिहार** लगता है स्वास्थ्य विभाग में गड़बड़ झाला कोई नई बात नहीं है।लगता है यहां लाइसेंस नियम कानून से नहीं बल्कि रूपचंद की खनक से चलता है। ताजा मामला अनुमंडलीय अस्पताल के मुख्य गेट के ठीक सामने सालो से संचालित एक मेडिकल स्टोर मां कमला मेडिकल (संचालक - सर्वेश कुमार) का है जो इन दिनों न सिर्फ विवादों के घेरे में हैबल्कि चर्चा का विषय बना हुआ है।व जिले के स्वास्थ्य विभाग के मनमाने कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है। बताया जा रहा है कि यह मेडिकल स्टोर एनएच 327ई की सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बिना रोकटोक धड़ल्ले से चल रहा है। सबसे ज्यादा हैरानी की बात यह है कि स्थानीय प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) विभाग की जानकारी मेंसबकुछ होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। जबकि वार बार दुकानदार पर दबंगई व मरीजों को बहलाकर दुकान तक लाने का संगीन आरोप लगता रहा है।आरोप है कि दुकान संचालक और उसके गुर्गे अस्पताल के भीतर जाकर मरीजों और उनके परिजनों को बहलाकर दुकान तक लाते हैं। कई बार मरीजों को यह समझाया जाता है कि अस्पताल में उपलब्ध दवा नहीं मिलेगी और उन्हें इसी दुकान से खरीदनी होगी। बेचारे मरीज के परिजन मजबूर होकर बाजार मूल्य से कहीं अधिक दाम परनन ब्रांडेड कम्पनी की दवाइयाँ खरीदने को विवश हो जाते हैं।

**विभागों की कार्यप्रणाली पर उठे रहे यक्ष सवाल**

जिले के स्वास्थ्य विभागों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

1. औषधि निरीक्षक विभाग ने आखिर एनएच की जमीन पर दुकान को लाइसेंस कैसे जारी कर दिया?

2 एनएच विभाग को यह क्यो पता नहीं लगा कि सरकारी जमीन पर अवैध दुकान कैसे चल रही है?

3. लंबे समय से चल रहे कारोवार का खरीद-बिक्री का हिसाब-किताब कहां दर्ज है?

4 .सिविल सर्जन और अस्पताल प्रबंधनआखिर मोन क्यो है ?

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह दुकान वर्षो से अस्पताल के मरीजों को ठगने का अड्डा बनी हुई है। संबंधित विभाग निष्पक्ष जांच करें तो करोड़ों रुपए के हेरफेर का मामला सामने आ सकता है।वहीं कई लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत के बिना यह गोरखधंधा इतने लंबे समय तक चलना संभव ही नहीं है।

**प्रशासन की चुप्पी से गहरा रहा है शक**

लोगों का यह भी मानना है कि विभागीय अधिकारी जानबूझकर कार्रवाई टाल रहे है। अस्पताल के ठीक सामने एनएच की जमीन पर दुकान चलना किसी से छिपा नहीं है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अब तक आंख मूंदे बैठे हैं। यह चुप्पी भ्रष्टाचार और मिलीभगत की ओर सपष्ट इशारा कर रही है।

**कार्रवाई की मांग तेज**

मामला प्रकाश में आने के बाद अब क्षेत्र में प्रशासनिक सक्रियता की मांग उठने लगी है।आम लोगों का कहना है कि औषधि निरीक्षक दुकान की वैधता के गोरखधंधा की जांच कर कार्यबाही करेऔर एनएच अपनी जमीन सेतुरंत अवैध कब्जा हटाए।स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े ऐसे मामलों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए।अब देखना यह है कि प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग कब तक खामोश रहते हैं और कब इस पर सख्त कार्रवाई करते हैं? मामले को लेकर सिविल सर्जन डॉक्टर ललन ठाकुर ने कहा कि ड्रग इंस्पेक्टर को जांच के लिए कहा गया है जांचों उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

## आयुष आपके द्वार अभियान के तहत किया गया निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चित्रकूट ब्यूरो:** बदलते मौसम के मद्देनजर सोमवार को आयुष आपके द्वार अभियान के तहत जनपद के तीर्थ स्थानों में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण कर लोगों को औषधियों का वितरण किया गया। जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ दिलीप सिंह ने बताया कि होम्यो पैथिक व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित करने पर बल देती है। दवा की इस प्रणाली से शरीर में स्वयं को ठीक कर लेने की क्षमता विकसित होती है। वर्तमान समय में दुनिया भर में 20 करोड़ से अधिक लोग होम्योपैथिक दवाओं व उपचारों को अपनाते है। बताया कि शासन के निर्देशानुसार बदलते मौसम के मद्देनजर आयुष आपके द्वार अभियान के तहत सोमवार को रामघाट में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ मुकेश कुमार पाण्डेय, डॉ प्रीती झा, डॉ शैलेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह एवं आदर्श कुमार द्वारा कुल 308 तीर्थयात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधियों का वितरण किया गया। इसी प्रकार श्री महर्षि बाल्मीकि आश्रम लालापुर में भी निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ विपिन कुमार यादव, भैयालाल एवं सुशील कुमार सिंह द्वारा 327 तीर्थयात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए औषधियों का वितरण किया गया। शिविर मे चिकित्सकों ने लोगों संक्रामक बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करते हुए होम्योपैथिक चिकित्सा के लाभ की जानकारी दी।

## पालाजोरी मेराज कांड में मधुपुर के पूर्व नगर उपाध्यक्ष जियाउल हक गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मधुपुर/देवघर/झारखंडः-** देवघर पुलिस ने मधुपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष जियाउल हक उर्फ़ टार्जन को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पालाजोरी मेराज कांड संख्या 33/2025 के तहत की गई। आरोप है कि जियाउल हक ने घटना के दौरान फर्जी वीडियो वायरल कर भीड़ को भड़काने का प्रयास किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। दरअसल, ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस पिटाई से पालाजोरी निवासी मिराज अंसारी की मौत हुई थी। मिराज को साइबर थाना पुलिस ने साइबर अपराध में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार कर सारठ थाना लाया था। वहीं पुलिस कस्टडी में उसकी तबीयत बिगड़ी और बाद में अस्पताल में मौत हो गई। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर पालाजोरी थाना का घेराव किया और हंगामा किया। हालात को काबू में करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। इसी दौरान, पुलिस के अनुसार, जियाउल हक भीड़ को उकसाने और वीडियो वायरल करने में सक्रिय थे, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आगे की कार्रवाई विधि अनुसार की जा रही है।

## साई नर्सिंग होम के तत्वाधान में कुल 70 दानवीरों ने रक्तदान किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंडः-** चंदवा प्रखंड स्थित रांची रोड राज्य मार्ग ह्॥ 75 में स्थित साई नर्सिंग होम परिसर में 01/09/25 सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। यह शिविर सुबह 10ः00 बजे से प्रारंभ हुआ और शाम 04:30 बजे समाप्त हुआ साई नर्सिंग होम के संचालक डॉक्टर रोहित कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में कुल 70 दानवीरों ने अपना रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर में प्रत्येक व्यक्ति को एक-एक हेलमेट और सर्टिफिकेट दिया गया है। इस सर्टिफिकेट के माध्यम से जो भी व्यक्ति रक्तदान किए हैं भविष्य में उन व्यक्तियों को रक्त मिल सकता है। और यह भी बताया कि आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए समय पर रक्त की उपलब्धता को सुनिश्चित कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आगे डॉ रोहित त्रिपाठी ने बताया कि रक्तदान एक महान कार्य है,जिससे कई जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है।

उन्होंने कहा कि रक्तदान से किसी के जीवन में नई उम्मीद जगाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि शिविर में अनुभवी डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की टीम मौजूद थे। रक्तदान शिविर में क्षेत्र के कई पत्रकार बंधुओं, युवाओं, समाज सेवियों, सामाजिक संस्थाओं, स्कूल के शिक्षकों, के साथ-साथ आम लोगों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। आगे बताते चले की साई नर्सिंग होम के संचालक सह डॉक्टर रोहित त्रिपाठी जब से इस नर्सिंग होम का निर्माण हुआ है इस प्रकार का सामाजिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। एवं आम जनों, गरीब- गुरुबो की सेवा में पूरे लगन एवं मेहनत से लगे रहते हैं।

## मन की बात के जरिये महोबा से लाइव जुड़े मोदी लोंगों से किया संवाद

●बुंदेलखंड की जानी हकीकत देश व दुनिया से जुड़ीं जानकारियां कीं बुंदेलों से साझा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**बुंदेलखंड ब्यूरो।** मन की बात कार्याक्रम के तहत महोबा से लाइव जुड़कर प्रधानमंत्री ने अनेक महत्वपूर्ण पहलुओं पर संवाद किया। उन्होंने क्षेत्र में कराये जा रहे विकास की जानकारी ली तथा सरकार के जरिये देश के अंदर क्या सकारात्मक बदलाव आये इसकी जानकरी भी बुंदेलों से साझा की। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल में खासी भीड़ मौजूद थी। रविवार को महोबा मुख्यालय स्थित रामकथा मार्ग में बने एक होटल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्धारा चलाये जा रहे कार्यक्रम मन की बात के 125 वें संस्करण का भव्य लाइव प्रसारण सम्पन्न हुआ। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक के मुख्य आथित्य में आयोजित उक्त कार्यक्रम भीड़ तथा उपयोगिता के मामले में खासा सफल रहा। उपस्थित जन समूह से सीधे संवाद प्रधानमंत्री ने बुंदेलों का दिल जीत लिया। अपने संबोधन में पीएम ने प्राकृतिक आपदाओं, खेल, नौजवानों की उपलब्धियों और डिजिटल पहल प्रतिभा सेतू पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने पहाड़ों पर हुयी बारिश और रेस्क्यू आपरेशन का डिटेल साझा करते हुये एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ टीमों की पीठ थपथपाई। इस अवसर पर उन्होंने जम्मू-कश्मीर में हुये रिकार्ड डे-नाइट मैंचों का भी जिक्र किया। कहा कि खेल देश के विकास और एकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने खेल के प्रति युवाओं को प्रेरित करते हुये बोला कि जो खेलता है वह खिलता है। सिविल सर्विस सेवा परीक्षा में उत्पन्न चुनौतियों और इसमें होनहार युवाओं के लिये सृजित अवसरों का भी उन्होंने जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने प्रतिभा सेतु डिजीटल प्लेटफार्म की जानकारी भी दी। उन्होंने मध्य प्रदेश के शहडोल में आयी फुटबॉल क्रांति का हवाला देते हुये युवाओं में जोश फूंकने का भी प्रयास किया। बताया कि किस तरह जर्मन के कोच ने शहडोल में खेलते फुटबॉल खिलड़ियों को देखा और उसके बाद उनको जर्मनी बुलाकर ट्रेनिंग देने की इच्छा व्यक्त की। रूस में रामायण के चित्र और इटली में महर्षि वाल्मीकी की स्थापित प्रतिमा के बारे में भी उन्होंने जानकारी दी। इस अवसर पर महोबा विधायक राकेश गोस्वामी, चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत, विधान परिषद सदस्य जीतेन्द्र सिंह सेंगर व जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी सहित जिले भर के वरिष्ठ तथा कनिष्ठ भाजपा नेता, भारी संख्या में व्यापारी, महिलायें, युवा और छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम से निकलते लोगों का उत्साह बता रहा था कि मोदी के मन की बात लोगों के दिल में घर कर गयी है।

## रैली निकालकर नेत्रदान के प्रति किया गया जनजागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूट ब्यूरो:** धर्मनगरी स्थित सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय में चल रहे नेत्रदान पखवाडे के तहत सोमवार को कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में जन जागरूकता रैली निकाल लोगो को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया गया। सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय में बीती 25 अगस्त से चल रहे नेत्रदान पखवाड़े के तहत सोमवार को जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह जागरूकता रैली कामदगिरि परिक्रमा मार्ग के द्वितीय मुखारबिंद से होते हुए पूरे परिक्रमा मार्ग में निकाली गई। इस दौरान बिहारी चौक में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान नेत्रदान के प्रति लोगों के अंदर फैली तमाम तरह की भ्रांतियों और अपवाद को दूर करने का काम करते हुए जागरूक किया गया। इस मौके कार्निया विभाग के एचओडी डॉ गौतम सिंह परमार, एचओडी ग्लूकोमा डॉ राकेश शाक्या, एचओडी ऑक्यूलोपलास्टी डॉ नरेंद्र पाटीदार, डॉ अशोक कुमार मीणा, रामकरण त्रिपाठी, हिमांशु अग्रवाल, डीएस तिवारी, राकेश परिहार, अनिल द्विवेदी, बालकिशोर शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने सामूहिक रूप से शिक्षकों व बच्चों को दिलाए पांच संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूट ब्यूरो:** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा आयोजित हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम सोमवार को जनपद के शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से पांच संकल्पों को लेकर मनाया गया। हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के तहत शिक्षक व विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर-प्रदेश के द्वारा दिए गए पांच संकल्पों को लिया। जिसके तहत शिक्षकों व विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय को स्वच्छ रखने, समय व धन को राष्ट्र धन मानते हुए उनका संरक्षण करने, राष्ट्र निर्माण, समाजसेवा, आत्मविकास व शिक्षा के साथ विद्यालय को तीर्थ मानते हुए संरक्षा व सुरक्षा करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही संकल्प लिया कि हमारा विधालय हमारी आत्मा का अभिमान है, इसको उच्चतम मानवीय मूल्यों का केन्द्र बनाये रखने के उद्देश्य को आगे ले जायेगें। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ चित्रकूट के जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश दिनदी व कार्यक्रम के जिला संयोजक ललक कुमार पाण्डेय ने कार्यक्रम की सफलता पर जनपद के परिषदीय, माध्यमिक, राजकीय, सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों व विद्यार्थियों को बधाई दी।

## संक्षिप्त खबरें

### कार की टक्कर से ऑटो सवार दो घायल



**कार चालक फरार, पुलिस ने शुरू की तलाश**
**ग्रामीणों ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल**

**खेतासराय (जौनपुर)।** क्षेत्र के मनेछा स्थित बादशाही पेट्रोल पंप के पास सोमवार को एक सड़क हादसे ने लोगों को हिला कर रख दिया। तेज रफ्तार कार ने खड़ी ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि मूलरूप से आजमगढ़ के निजामाबाद निवासी नौशाद अपने परिवार के साथ ऑटो से अपनी बेटी को उसके घर शाहगंज छोड़कर वापस अपने ससुराल शिवपुर वाराणसी जा रहा था। रास्ते में उक्त स्थान पर ऑटो खड़ा कर पेशाब करने के लिए उतरे थे, तभी पीछे से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सद्दाम (20), निशा बानो (18) घायल हो गए । जबकि नौशाद, उनकी पत्नी जायशा खातून और बेटा सहजान अली ऑटो से बाहर होने के कारण बाल-बाल बच गए। कार चालक घटना के बाद कार सहित मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलो को निजीय अस्पताल पहुंचाया । पुलिस आरोपी कार चालक की तलाश कर रही है।

### राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली प्रदेश में जनपद जौनपुर के तहसील मड़ियाहूं को मिला प्रथम स्थान




**जिलाधिकारी ने मड़ियाहूं उपजिलाधिकारी को दिया बधाई**

**मड़ियाहूं जौनपुर।** राजस्व न्यायालय कम्प्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली प्रदेश मे जनपद जौनपुर के तहसील मड़ियाहूं को अगस्त माह में प्रथम स्थान मिलने पर मड़ियाहूं के तेज तर्रार उपजिलाधिकारी सुनील भारती को जिलाधिकारी ने दिया बधाई ऋष्ष्टस्ू पोर्टल पर माह अगस्त में तहसील स्तरीय न्यायालयों में निर्धारित मानक के सापेक्ष प्रदेश में सर्वाधिक निस्तारण करने में जनपद जौनपुर के उपजिलाधिकारी मडियाहू, उपजिलाधिकारी मछलीशहर तथा उपजिलाधिकारी सदर द्वारा क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया गया है। और इसी के साथ उपजिलाधिकारी मड़ियाहू सुनील भारती ने अपने सभी अधिकारियों कर्मचारियों से अपील किया कि आप लोग इसी तरह पूरी निष्ठा ईमानदारी से कार्य करते रहें ताकि अपना तहसील हमेशा प्रदेश में पहले स्थान पर रहे

### मॉर्निंग वॉक पर निकले प्रधानाध्यापक को बदमाशों ने मारी गोली, चैन भी छीनी



**साल्वेशन हॉस्पिटल के पास हुई वारदात, घायल शिक्षक रेफर**

**जौनपुर।** शहर के साल्वेशन हॉस्पिटल के समीप सोमवार सुबह बदमाशों ने मॉर्निंग वॉक पर निकले प्रधानाध्यापक को गोली मार दी और गले की सोने की चेन लूटकर फरार हो गए। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, घायल की पहचान संतोष यादव (40 वर्ष), निवासी कंधरपुर के रूप में हुई है। वे प्राथमिक विद्यालय उदपुर बक्शा में प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात हैं। परिजनों के मुताबिक संतोष यादव रोज की तरह सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश पहुंचे और गले की सोने की चेन छीनने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने उनके पैर में गोली मार दी और चेन लेकर भाग निकले। गोली चलने की सूचना मिलते ही लाइन बाजार थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बाद में सीओ सिटी देवेश सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। घायल संतोष यादव को पहले जिला अस्पताल लाया गया, जहां हालत गंभीर देख उन्हें वाराणसी रेफर कर दिया गया। घटना के बाद पुलिस ने नाकेबंदी कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## गलत इंजेक्शन से बिगड़ी हालत ऑपरेशन के दौरान युवक की मौत, परिजनों ने लगाया ट्रॉमा सेंटर पर लापरवाही का आरोप

**● परिजनों का आरोप मरीज को मिलने नहीं दिया गया, वाराणसी रेफर करने से पहले ही हो चुकी थी मौत, पुलिस ने जांच का दिया आश्वासन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के कालीचाबाद स्थित अरुणोदय सर्जिकल एंड ट्रॉमा सेंटर में रविवार को ऑपरेशन के दौरान एक युवक की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि इलाज में लापरवाही बरती गई और गलत इंजेक्शन लगाए जाने से मरीज की हालत अचानक बिगड़ गई। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। मृतक की पहचान सनोज सोनकर (निवासी कबीरुद्दीनपुर, थाना गौराबादशाहपुर) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वह पित्त की थैली में पथरी का ऑपरेशन कराने रविवार दोपहर अस्पताल पहुंचे थे। परिजनों का कहना है कि ऑपरेशन की तैयारी के दौरान उन्हें इंजेक्शन लगाया गया, जिसके कुछ ही देर बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई।




परिजनों ने आरोप लगाया कि बार-बार आग्रह के बावजूद मरीज से मिलने नहीं दिया गया। कुछ देर बाद डॉक्टर सीने पर दबाव देते हुए बाहर आए और आनन-फानन में एंबुलेंस से वाराणसी रेफर कर दिया। वहां के एपेक्स हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने मरीज को मृत घोषित कर दिया। मृतक के चचेरे भाई सुरेश सोनकर ने कहा, "हमारे भाई को पथरी का ऑपरेशन कराने लाया गया था, लेकिन गलत इंजेक्शन से उनकी हालत खराब हो गई। जब तक हमें सूचना मिली, तब तक उन्हें जबरन वाराणसी भेजा जा चुका था। वहां डॉक्टरों ने बताया कि उनकी मौत हो चुकी है। हम जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई चाहते हैं।" इसी तरह मृतक के भांजे अजय सोनकर ने कहा, "सुबह 10 बजे से अस्पताल में थे। डॉक्टर ने एक सुई लगाकर उन्हें ऑपरेशन थिएटर में ले लिया। मिलने नहीं दिया गया। बाद में जब बाहर लाए गए तो हालत बेहद गंभीर थी और वाराणसी ले जाते समय उनकी मौत हो चुकी थी।" घटना की जानकारी मिलते ही लाइन बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। अधिकारियों ने परिजनों को आश्वस्त किया कि पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। फिलहाल मृतक के परिजन न्याय की मांग को लेकर अड़े हैं।

## डॉ. रॉबिन सिंह ने दिलाई जीवन रक्षक तकनीक की ट्रेनिंग

**●पुलिस लाइन में 700 रंगरूटों को सीपीआर व ट्रॉमा हैंडलिंग का प्रशिक्षण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जौनपुर।** मानव सेवा को समर्पित मुरली फाउंडेशन जौनपुर द्वारा रविवार को पुलिस लाइन परिसर में जीवन रक्षक तकनीक सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) एवं एक्सीडेंट ट्रॉमा हैंडलिंग की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में लगभग 700 ट्रेनी रंगरूटों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का संचालन कृष्णा हर्ट केयर व ट्रॉमा सेंटर जौनपुर के प्रख्यात अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. रॉबिन सिंह ने किया। उन्होंने डमी के माध्यम से रंगरूटों को सीपीआर का अभ्यास करवाया और बताया कि "यदि समय रहते सीपीआर मिल जाए तो 10 में से 7 लोगों की जान बचाई जा सकती है।" साथ ही उन्होंने दुर्घटना के समय घायलों की मदद करने के तरीके, खून रोकने की प्राथमिक तकनीक और सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की सावधानियों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम निदेशक मनीष चंद्रा ने कहा कि विदेशों में सीपीआर प्रशिक्षण कॉलेज स्तर पर अनिवार्य है और इसकी जानकारी जीवन बचाने में अत्यंत उपयोगी साबित होती है। संस्था अध्यक्ष अमित कुमार पांडेय ने बताया कि फाउंडेशन का प्रयास है अधिक से अधिक लोगों तक प्रशिक्षण पहुंचाकर जागरूकता बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि अगली कार्यशाला निषाद समाज के बीच आयोजित की जाएगी ताकि डूबते हुए लोगों की जान बचाने में मदद की जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसपी नगर आयुष श्रीवास्तव ने की और पुलिस कर्मियों को इस प्रशिक्षण का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. बृजेश कनौजिया, संजय जायसवाल, रविकांत जायसवाल, पंकज सिंह, अतुल जायसवाल, नवीन कुमार मिश्रा, अनिल मौर्य, राजेश किशोर, योगेश साहू, नित्यानंद पांडेय सहित संस्था के कई सदस्य उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन अजय सिंह ने किया।

## अय्यामे अज़ा के आखिरी जुलूस में उमड़े ज़ायरीन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जौनपुर।** अय्यामे अज़ा की आखिरी तारीख को शहर के दो मोहल्लों से जुलूस निकाला गया। अंजुमनों ने नौहाख्वानी और सीनाजनी कर इमाम हुसैन को याद किया। इससे पहले रविवार को रातभर लोगों ने अपने घरों में नौहामातम किया। कई इलाकों के इमाम चौक पर ताजिया भी रखा गया। हर घरों और इमामबाड़ों से यही सदा आ रहीं थी, अलविदा हुसैन मेरे अलविदा हुसैन, सालभर जो जिएगा वो फिर रोएगा। नौहाख्वानी के साथ लोगों ने अश्कों का नजराना पेश किया। सोमवार को शहर के ख्वाजा दोस्त स्थित सैयद गुलाम अब्बास के इमामबाड़े से अलम, तुर्बत और दुलदुल का जुलूस निकाला गया। जुलूस की मजलिस को आजमगढ़ के मौलाना सैयद मोहम्मद मेहंदी मेहंदवी ने खिताब किया। कहा कि इमाम हुसैन ने जुल्म के आगे झुके नहीं बल्कि उससे लड़कर अपनी शहादत पेश कर दी। इसके बाद 11वें इमाम की तुर्बत निकाली इसके साथ अलम और दुलदुल भी निकला। इस दौरान लोगों ने जियारत किया। जुलूस में तकरीर डा. कमर अब्बास ने भी खिताब किया।

जुलूस अपने कदीमी रास्तों से होता हुआ सिपाह में जाकर खत्म हुआ। रास्ते में एक तकरीर जनाब मोहम्मद हसन ने खिताब किया। जुलूस नबी साहब जाकर संपन्न हुआ। इसके बाद सिपाह मोहल्ला स्थित इमामबाड़े से जुलूस निकला। इसमें सोजख्वानी गौहर अली ज़ैदी साहब उनके साथियों ने किया। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना मोहम्मद मेहंदी मेहदवी ने 11वें इमाम की शहादत का दिलसोज मंज़र पेश किया। जुलूस में शबीहे अलम, दुलदुल और अमारियां निकाली गई। इसी दौरान जर्रार हुसैन इममाबाड़े से भी जुलूस निकाला गया। जुलूस अपने कदीमी रास्तों से होता हुआ नबी साहब के इमाम बाड़े में पहुंचा। यहां पर तकरीर करते हुए डा. कमर अब्बास ने कहा कि अय्यामे अजा का आज आखिरी दिन है इमाम पर दिलभर के रो लीजिए।

## कनहर नदी में अवैध बालू खनन पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**विंढमगंज/सोनभद्र।** विंढमगंज वन रेंज के अंतर्गत बहने वाली कनहर नदी से अवैध बालू खनन और परिवहन का गोरखधंधा धड़ल्ले से चल रहा है। इस पर लगाम लगाने के लिए वन विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई की है, जिसके तहत एक बालू से भरे टीपर को जब्त कर ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। क्षेत्र के हीराचक, डुमरडीहा, जोरूखाड़, देवढीं, जांताजुआ, पकरी और फुलवार जैसे गांवों में रात के समय दर्जनों ट्रैक्टरों से बालू निकाली जाती है। इस अवैध बालू को सुरक्षित जगहों पर जमा कर, बाद में बड़े टीपरों से लोड कर ऊंचे दामों पर बेचा जाता है। यह पूरा नेटवर्क वन विभाग और प्रशासन की नाक के नीचे चल रहा था। मुखबिर से मिली पुख्ता जानकारी के बाद, वन रेंजर इमरान खान के नेतृत्व में वनकर्मियों की एक टीम ने सोमवार सुबह कनहर नदी के किनारे स्थित पकरी गांव में छापा मारा। टीम ने देखा कि अशोक यादव नामक एक व्यक्ति अपने टीपर पर अवैध रूप से डंप की गई बालू लोड कर रहा था। वनकर्मियों ने तत्काल टीपर को पकड़ लिया। टीपर को वन रेंज कार्यालय ले जाते समय, ड्राइवर राज किशोर ने बीच सड़क पर बालू गिराकर भागने की कोशिश की, जिससे वनकर्मियों के साथ काफी नोंक-झोंक हुई। इसी दौरान, अवैध खनन में लिप्त कुछ लोग, जिनमें सुनील कुमार दुबे, संजीत कुमार और धीरज यादव शामिल थे, ने अपने साथियों के साथ मोटरसाइकिल से पीछा कर टीपर को छुड़ाने का प्रयास किया। हालांकि, वनकर्मियों की मुस्तैदी के कारण वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके। वनकर्मियों ने आखिरकार टीपर को वन रेंज कार्यालय लाने में सफलता प्राप्त की। टीपर ड्राइवर राज किशोर, पुत्र जटू विश्वकर्मा, निवासी बोंम, के खिलाफ वन अधिनियम की धारा 5/26, 41/42 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। रेंजर इमरान खान ने बताया कि इस पूरे मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है।इस कार्रवाई के दौरान रेंजर इमरान खान के साथ वन दरोगा कन्हैया प्रसाद, विवेक कुमार, राहुल कुमार और पंकज वर्मा भी मौजूद थे। यह कार्रवाई अवैध खनन के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम है और उम्मीद है कि इससे कनहर नदी में चल रहे इस अवैध धंधे पर अंकुश लगेगा।



## शहीद नेता शिव प्रताप सिंह की पुण्यतिथि पर 30 सितंबर को कैंडल मार्च

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रेणुकूट/सोनभद्र** – स्वर्गीय नेता शिव प्रताप सिंह, जिन्हें प्यार से बबलू सिंह भी कहा जाता था, की पुण्यतिथि पर एक विशाल कैंडल मार्च का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन हर साल की तरह इस साल भी उनकी याद और सम्मान में किया जाएगा। यह कैंडल मार्च 30 सितंबर, 2025 को शाम 7 बजे शुरू होगा।आयोजकों ने रेणुकूट, मूर्धवा, खाड़ पाथर, पिपरी और पूरे सोनभद्र के सभी सम्मानित नागरिकों से अपील की है कि वे इस कैंडल मार्च में शामिल होकर अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि दें। यह मार्च सिर्फ एक श्रद्धांजलि नहीं है, बल्कि अपराधियों को जल्द से जल्द फाँसी की सज़ा दिलाने की माँग को भी बुलंद करने का एक जरिया है।इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वर्गीय बबलू सिंह की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करना और उन्हें सम्मानपूर्वक श्रद्धांजलि देना है। आयोजकों ने सभी से अनुरोध किया है कि वे एक-एक कैंडल जलाकर इस मार्च का हिस्सा बनें। इस कैंडल मार्च का नारा है बबलू भईया अमर रहे, जो उनके प्रशंसकों और समर्थकों के दिलों में उनकी स्मृति को हमेशा जीवित रखेगा। यह कैंडल मार्च स्वर्गीय नेता के प्रति लोगों के गहरे सम्मान और अपराधियों के लिए न्याय की माँग को दर्शाता है।



## जौनपुर का जश्ने ईद मिलादुन्नबी 5 सितम्बर को, तैयारियां जोरों पर

**●जिला प्रशासन अलर्ट, चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी पुलिस - एसपी**

**जुलूस में माहौल खराब करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई - डीएम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


जश्ने ईद मिलादुन्नबी की फाइल फोटो

**जौनपुर।** जिले में जश्ने ईद मिलादुन्नबी की तैयारियां जोरों पर हैं। इस वर्ष यह त्योहार 5 सितम्बर दिन शुक्रवार को मनाया जायेगा। मरकजी सीरत कमेटी और जिला प्रशासन ने त्योहार के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि जिला प्रशासन अलर्ट है और चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो, इसके लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। डीएम डॉ. दिनेश कुमार चंद्र ने बताया कि जुलूस के दौरान नजर रखते हुए नगर मजिस्ट्रेट तथा समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट विशेष रूप से यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके अधिकार क्षेत्र में उक्त त्यौहार शान्तिपूर्ण तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो। इसके लिए मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जुलूस में माहौल खराब करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जौनपुर के अतिरिक्त कस्बा खेतासराय, केराकत, खुटहन, मुंगराबादशाहपुर, मछलीशहर, मड़ियाहूँ, बदलापुर, जफराबाद, नेवढ़िया, गौराबादशाहपुर, जलालपुर आदि हिन्दू मुस्लिम आबादी वाले क्षेत्र होने के कारण साम्प्रदायिक रूप से संवेदनशील हैं। अतः इसमें विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता है। इस बार किसी वजह से मरकजी सीरत कमेटी का चुनाव न होने पर सभी सदस्य ने एक बैठक कर आपस में बातचीत के दौरान कहा मजहर आसिफ को लीड करते हुए पूर्व अध्यक्ष समेत सभी लोगों का पद वही रहेगा और कहा हम सब साथ में रहेंगे और जुलूस को कामयाब बनाने में हर संभव मदद करेंगे।

## शहर कांग्रेस में मचा घमासान- इस्तीफ़ों की तैयारी, हाईकमान की चुप्पी सवालों के घेरे में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तामीर हसन शीबू**

**जौनपुर।** शहर कांग्रेस कमेटी में जारी असंतोष अब उबाल पर है। अध्यक्ष आरिफ़ ख़ान के कामकाज को लेकर पार्टी के अंदर गहराता विरोध खुलकर सामने आने लगा है। सूत्रों की मानें तो कुछ पदाधिकारी अपने इस्तीफ़े की सार्वजनिक घोषणा के लिए एक साझा मंच की तैयारी कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस हाईकमान की चुप्पी भी कार्यकर्ताओं के बीच चिंता और असमंजस का कारण बन रही है। शहर कांग्रेस के उपाध्यक्ष, महासचिव और सचिव स्तर के कई पदाधिकारी न केवल इस्तीफ़े की बात कह रहे हैं, बल्कि आरिफ़ ख़ान को हटाने की माँग भी ज़ोर पकड़ने लगी है। एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, "हम सब अब और समझौता नहीं करेंगे। संगठन के लिए हमने वर्षों मेहनत की है, लेकिन जब नेतृत्व संवादहीन हो जाए और कार्यकर्ताओं की बात सुनी न जाए, तो संगठन का नुकसान तय है।"

**इस्तीफ़ों से पहले दिखा एकजुटता का प्रदर्शन**

इस बीच, रविवार को एक प्रमुख कार्यकर्ता के आवास पर बुलाई गई बंद कमरे की बैठक में दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में शहर अध्यक्ष आरिफ़ ख़ान के नेतृत्व पर खुलकर असंतोष जताया गया। सूत्रों के अनुसार, बैठक में प्रस्ताव रखा गया कि यदि पार्टी नेतृत्व एक सप्ताह के भीतर कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता है, तो सामूहिक इस्तीफ़ा दिया जाएगा।



**पूर्व ज़िला उपाध्यक्ष नीरज राय की पोस्ट बनी बवंडर**

पूर्व ज़िला उपाध्यक्ष नीरज राय की फेसबुक पोस्ट ने इस पूरे विवाद को और हवा दे दी है। उन्होंने लिखा, "संगठन की जड़ें खोखली होती जा रही हैं और नेतृत्व का रवैया निराशाजनक है। अगर यही हाल रहा तो हम सिर्फ दीवारों पर पोस्टर चिपकाते रह जाएँगे और ज़मीन पर कोई नहीं मिलेगा।" नीरज राय की इस पोस्ट के स्क्रीनशॉट अब कार्यकर्ताओं के व्हाट्सऐप ग्रुपों में जमकर वायरल हो रहे हैं।

**हाईकमान पर उठ रहे सवाल**

विरोध के स्वर तेज़ होने के बावजूद अब तक कांग्रेस जिला या प्रदेश नेतृत्व की ओर से कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। यह चुप्पी कार्यकर्ताओं के भीतर गहरी बेचैनी पैदा कर रही है। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का मानना है कि अगर नेतृत्व जल्द हस्तक्षेप नहीं करता, तो यह विवाद शहर से निकलकर पूरे ज़िले में पार्टी की छवि को नुकसान पहुँचा सकता है। एक युवा कांग्रेस कार्यकर्ता ने कहा, ÷पार्टी सिर्फ चेहरे से नहीं, जमीनी कार्यकर्ताओं से चलती है। अगर यही उपेक्षा रही, तो आने वाले चुनाव में शहर कांग्रेस की स्थिति और भी दयनीय हो सकती है।÷

**आने वाले दिन निर्णायक**

सूत्रों की मानें तो कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेता अब डैमेज कंट्रोल के लिए बैकचैनल से बातचीत की कोशिश कर रहे हैं। आरिफ़ ख़ान को हटाना होगा या उन्हें टीम के साथ समन्वय बनाकर चलना होगा—यह आने वाले कुछ दिनों में साफ हो जाएगा। फिलहाल शहर कांग्रेस एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। क्या नेतृत्व अंदरूनी असंतोष को खत्म कर पार्टी को एकजुट कर पाएगा या फिर यह विवाद संगठन को और कमजोर कर देगा—यह तो वक्त ही बताएगा।

## गोण्डा में चाय गरम कैफ़े का शुभारम्भ, सपा नेता सूरज सिंह बोले अपना गोण्डा राजधानी से कम नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोंडा।** सपा नेता सूरज सिंह ने सोमवार को सेकेंड वाइफ रेस्टॉरेंट की श्रृंखला में "चाय गरम" कैफे का शुभारम्भ नगर के विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों के समक्ष विधि-विधान से किया।उक्त कार्यक्रम में सूरज सिंह ने कहा कि अपना गोण्डा राजधानी लखनऊ से कम नहीं। उन्होंने कहा कि यह बात हमने इसलिए कहा क्योंकि आज के समय में गोण्डा में अच्छे डॉक्टर्स हैं इलाज हैं वकील हैं अर्कीटेक्ट हैं शॉपिंग सेंटर हैं होटल हैं रेस्टॉरेंट हैं कैफे हैं यदि कुछ नहीं है तो विश्वविद्यालय, सीवर जाम से बचाव, जलभराव से छुटकारा, रोजगार जनेश्वर मिश्र-लोहिया जैसा पार्क, इकाना जैसा स्टेडियम आदि। गोण्डा को अखिलेश यादव पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व मंत्री स्व0 पंडित सिंह ने 2012 से 2017 की समाजवादी सरकार में लखनऊ-जरवल-गोण्डा फोरलेन सहित 5 बड़ी सड़क, लगभग 50 बड़े पुल, 70 हज़ार बच्चों को लैपटॉप, 50 हज़ार महिलाओं को समाजवादी पेंशन, 102 एम्बुलेंस, 108 एम्बुलेंस, डायल 100, इंजीनियरिंग कॉलेज, क़ृषि महाविद्यालय, लोहिया आवास, जनेश्वर मिश्र ग्राम आदि दिया।सूरज सिंह ने उपस्थित लोगों से कहा कि 2027 में सपा सरकार बनने पर इन सभी आवश्यकताओं की सुदृढ़ व्यवस्था कर गोण्डा वालों को और भी गर्व महसूस करने का अवसर देने का सम्पूर्ण प्रयास करूंगा।सूरज सिंह ने देवेंद्र सिंह प्रबंध निदेशक यश इंटरप्राइजेज एवं अध्यक्ष व्यापार सभा सपा-गोण्डा और सम्पूर्ण टीम को शुभकामना दी। रणजीत बबलू, फहीम पप्पू, शिव सम्पत, रनंजय सिंह, यश प्रताप, ऋषिकेश पाठक, जगदीश रैतानी, भूपेंद्र आर्या, बिक्कू सिंह, संजय साहू, लाल चंद गौतम, अंश प्रताप, मेराज अहमद, सचिन सत्येंद्र, एड आनंद शुक्ल, शैलेश मिश्रा, फारुख अली, विकास मोदनवाल, शिवा, आशीष, परवल तिवारी आदि ने उपस्थित होकर शुभकामनादी।

## सोनभद्र यूरिया की कमी से परेशान किसानों ने किया सड़क जाम, प्रशासन ने दिया जल्द आपूर्ति का आश्वासन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोन/सोनभद्र।** सोमवार को कोन विकासखंड के कचनरवा लैम्पस में यूरिया खाद की कमी से जूझ रहे किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में किसान लैम्पस पर जमा हो गए और खाद न मिलने पर हंगामा करने लगे। किसानों ने कोन-विंढमगंज मार्ग को जाम कर दिया, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले कई दिनों से किसान खाद लेने के लिए लैम्पस के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि केंद्र पर भारी अनियमितता बरती जा रही है। कुछ किसानों को 8-10 बोरी यूरिया दी जा रही है, जबकि कईयों को एक बोरी भी नसीब नहीं हो रही है। किसानों का कहना है कि केंद्र के आसपास रहने वाले लोग अपने ही परिवार के कई सदस्यों को लाइन में लगाकर बड़ी मात्रा में यूरिया ले रहे हैं, जिसे वे खुले बाजार में ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। यह कालाबाजारी एक गंभीर जांच का विषय है। किसानों के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा और किसानों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। किसान संतोष, संजय, बसंत, अमरनाथ, जवाहीर, और रीता ने जिलाधिकारी और संबंधित विभाग से पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग की है। किसानों ने कालाबाजारी रोकने के लिए भी कुछ सुझाव दिए हैं। उनका मानना है कि किसानों की उंगली पर अमिट स्याही लगाने, साथ ही खतौनी, आधार कार्ड और परिवार के केवल एक सदस्य को खाद देने के लिए प्रधान द्वारा प्रमाणित कराने से इस समस्या पर अंकुश लगाया जा सकता है। इसके अलावा, स्थानीय बाजारों में विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर कालाबाजारी रोकने की मांग भी की गई है।इस मामले पर जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिले में उर्वरक की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है। उन्होंने जानकारी दी कि प्राइवेट सेक्टर के लिए 1000 मीट्रिक टन और कॉपरेटिव के लिए 800 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की गई है। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि जल्द ही सभी केंद्रों पर यूरिया उपलब्ध हो जाएगी और उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है।यह घटना दिखाती है कि किस तरह यूरिया की कमी और वितरण में अनियमितता से किसान परेशान हैं। प्रशासन के आश्वासन के बाद भी, किसानों में यह डर बना हुआ है कि कहीं यह समस्या फिर न खड़ी हो जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### दुकान से बल्ब चुराने पर भीड़ ने लात घूंसा से पीटा

**सिद्धार्थनगर।** जिले के ढेबरुआ थानाक्षेत्र के तुलसियापुर चौराहे पर चोर को पकड़े जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि 'स्वतंत्र प्रभात' वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। मौजूद भीड़ ने उसे थूक चाटने के लिए कहा। उसके बाद बिना पुलिस को सूचना दिए उसे कुछ संभ्रांत लोगों के समझाने पर छोड़ दिया गया। तुलसियापुर चौराहे पर रविवार को एक मोटर पार्ट्स की दुकान में एक बाइक चालक अपनी बाइक सही करवाने पहुंचा। उसने दुकानदार से पीने के लिए पानी मांगा, दुकानदार ने अंदर रखे पानी के जार से पीने के लिए कहा। उक्त व्यक्ति पानी पीने के बाद दुकान में से एक बल्ब अपनी जेब में रख लिया।जिसे कुछ लोगों ने देख लिया और उसकी तलाशी लिया।बल्ब के मिलने पर कुछ लोगों ने उससे पूछताछ किया और लात घूंसा से पीटा।बाद में चौराहे के कुछ दुकानदार व संभ्रांत लोगों के समझाने पर बिना पुलिस को सूचना दिए उसे छोड़ दिया गया।

### सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु परिसर में बी.ए.-एलएल.बी. पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु को बार काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली से पाँच वर्षीय एकीकृत बी.ए.-एलएल.बी. पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुमति प्राप्त हो गई है। इसके क्रम में विश्वविद्यालय परिसर में दिनांक 1 सितंबर से 15 सितंबर 2025 तक प्रवेश प्रक्रिया निर्धारित की गई है। कुलपति प्रो. कविता शाह ने कहा कि इस पाठ्यक्रम से न केवल जिले और आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बल्कि विशेष रूप से क्षेत्र की बालिकाओं को विधि शिक्षा के क्षेत्र में अपने भविष्य को सँवारने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। अब उन्हें इस प्रोफेशनल कोर्स में अध्ययन के लिए दूर-दराज़ महानगरों में नहीं जाना पड़ेगा। घर बैठे, अपने ही परिक्षेत्र में रहकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलने से अभिभावकों पर आर्थिक एवं संसाधनगत बोझ भी कम होगा। प्रो. शाह ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय का यह प्रयास क्षेत्रीय प्रतिभाओं, विशेष रूप से बालिकाओं, को सशक्त बनाने और उन्हें विधि के क्षेत्र में करियर बनाने की दिशा में प्रेरित करेगा। कुलसचिव दीनानाथ यादव ने प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। सबसे पहले पंजीकरण कर यूआरएल नंबर जनरेट करना होगा, जिसके बाद प्रवेश की शेष प्रक्रिया भी वेबसाइट के माध्यम से ही पूरी होगी। प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। साथ ही, विद्यार्थियों की सुविधा के लिए एक हेल्प डेस्क भी गठित की गई है।

### राशन कार्डधारक ईकेवाईसी उचित दर विक्रेता दुकान से करायें




**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकरी अनुभव त्रिवेदी ने बताया है कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 से आच्छादित प्रदेश के समस्त राशनकार्ड लाभार्थियो की ई-केवाईसी शत-प्रतिशत पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही यह भी अवगत कराया गया है कि भविष्य में ई-के0वाई0सी0 पूर्ण न करने वाले लाभर्थियों का खाद्यान्न बाधित हो सकता है। उन्होने बताया है कि वर्तमान में जनपद-प्रतापगढ में प्रचलित यूनिटो के सापेक्ष मात्र 87.41 प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण की जा सकी है। उन्होने जनपद में प्रचलित सभी कार्डधारको से अपील करते हुये कहा है कि समस्त राशन कार्डधारक मुखिया सहित समस्त यूनिटों पर ई0के0वाई0सी0 अपने नजदीकी उचित दर विक्रेता के उचित दर दुकान से कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि उन्हें उनके निर्धारित यूनिट के सापेक्ष खाद्यान्न भविष्य में निर्वाध रूप से प्राप्त होता रहें। समस्त यूनिटों के शत प्रतिशत ई0के0वाई0सी0 किये जाने के दृष्टिगत जनपद के सभी उचित दर विक्रेताओ को निर्देशित किया गया है कि वे अपने उचित दर दुकान से सम्बन्धित समस्त राशन कार्डधारकों में प्रचार-प्रसार करते हुए समस्त अवशेष यूनिटों की ई0के0वाई0सी0 पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।

## पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र परसा बढ़नी में सोमवार को बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान ( एफएलएन ) तथा एनसीईआरटी पाठ पुस्तकों पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण में विभिन्न विद्यालयों से प्रतिभाग कर रहे शिक्षकों को प्रशिक्षकों द्वारा पहले दिन गणित मेला आधारित जानकारी साझा की गई।

प्रशिक्षक विनीत कुमार भास्कर, रामराज चौधरी, विष्णु त्रिपाठी, कुमार कमलेश्वर, अरविंद कुमार आर्य ने बुनियादी शिक्षा के अंतर्गत भाषा एवं संख्या ज्ञान के बारे में जानकारी को शिक्षकों के बीच साझा किया। प्रशिक्षकों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। प्रार्थना व प्रेरणा गीत से प्रशिक्षण सत्र कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी बढ़नी अरुण कुमार की देखरेख में आयोजित प्रशिक्षण में पचास-पचास की संख्या में शिक्षकों का दो कमरों में प्रशिक्षण शुरू किया गया है। प्रशिक्षण में प्रतिभागी शिक्षक श्रवण कुमार त्रिपाठी, सुनीत कुमार दूबे, श्याम सुन्दर यादव, सुभाष चौधरी, शिव नाथ, सुनील कुमार यादव, श्याम प्रकाश, प्रेम कांत पांडेय, शिव कुमार, सीमा श्रीवास्तव, शालिनी श्रीवास्तव, सीमा सिंह, श्वेता पांडेय, प्रतिभा पाठक, शैलेश पाठक,सीता राम, शैलेश कुमार श्रीवास्तव,शाहबुद्दीन, जबीउल्लाह, विजय प्रकाश यादव, विकास कसौधन, ज़काउललाह, विजय प्रताप, सुनीता त्रिपाठी, सुशीला, शत्रुघ्न प्रसाद, श्याम लाल गुप्ता, सुरेश कुमार यादव, सर्व जीत चौहान, सुशील कुमार, सर्वेश कुमार, शीला देवी, शीला चतुर्वेदी, सीमा रावत, सुरेन्द्र नाथ शर्मा आदि मौजूद रहे।

### बाइक की ठोकर से वृद्ध की मौत, दो घायल

**सिद्धार्थनगर।** जिले के गोल्हौरा थाना क्षेत्र के तिवारीपुर में बांसी-इटवा मार्ग पर बाइक की टक्कर से एक की दर्दनाक मौत की मौत दो घायल। गोल्हौरा थानक्षेत्र के ग्राम गोल्हौरा निवासी शिवनरायन गुप्ता (56) पुत्र स्वर्गीय रामअधारे तिवारीपुर चौराहे पर चाय व मिष्ठान की दुकान चलाते थे। रविवार की देर रात्रि वे चौराहे पर एक किराने की दुकान से सामान लेकर बांसी-इटवा मार्ग पर पैदल अपनी दुकान पर आ रहे थे किइसी बीच इटवा से बांसी की ओर आ रही बाइक सवार ने शिवनरायन को टक्कर मार दिया। जिससे वे गम्भीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । घटना में बाइक चालक अमरजीत व बाइक पर सवार उसका एक अन्य साथी भी घायल हो गया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता का कहना है कि मृतक के पुत्र रोहित कुमार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## 15 लाख कीमत के गांजा समेत पांच को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** अपराध शाखा कमिश्नरेट कानपुर नगर की स्वाट टीम चकेरी पुलिस व सर्विलांस की टीम ने आज गांजे की एक बड़ी खेप के साथ पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के पास से 74 किलो 200 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया है। कमिश्नरेट पुलिस ने बताया कि अपराध शाखा की स्वाट टीम, सर्विलांस टीम तथा थाना चकेरी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक 31.08.25 को गांजा बेचने वाले 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर थाना चकेरी पर अभियोग पंजीकृत कराया गया। अभियुक्तों के विरूद्ध थाना चकेरी से विधिक कार्यवाही करायी गयी।

घटना के अनुसार दिनांक 31.08.25 को थाना चकेरी में मुखबिर की सूचना के आधार पर 5 अभियुक्तों सोहेल उर्फ सुहान पुत्र जमीरूद्दीन निवासी बगिया फजल इमाम थाना कन्नौज जिला कन्नौज, मल्लिका सुल्ताना अहमद पत्नी सोहेल उर्फ सुहान निवासी -बगिया फजल इमाम थाना कन्नौज जिला कन्नौज, श्याम सिंह पुत्र स्वर्गीय जयमंगल सिंह निवासी कस्बा बाजार शिव मन्दिर के पास थाना सचेण्डी, गुड्डी पत्नी दिलीप गिहार निवासी कंजडपुरवा बस्ती कस्बा सचेण्डी थाना सचेण्डी, देवीप्रसाद पुत्र घसीटे लाल निवासी थाना सचेण्डी को किलो 74 किलो 200ग्राम नाजायज गांजे के साथ फतेहपुर से इटावा जाने वाले हाइवे पर रामादेवी चौराहे के ऊपर गिरफ्तार किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रूपये है।

## सिद्धार्थनगर में दो दिनों से लापता व्यक्त का तीसरे दिन शव मिला, मचा हड़कंप



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के भवानीगंज थाना क्षेत्र के पंडित सेखुईया गांव के समीप नहर के पानी में सोमवार की सुबह एक व्यक्त का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।घटना देख स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई,और लोगों द्वारा घटना की जानकारी भवानीगंज पुलिस को दी गई,सूचना पाकर थानाध्यक्ष भवानीगंज हरिओम कुशवाह मय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और शव को बाहर निकलवाया।सूचना पाकर उक्त लापता व्यक्त के परिजन व मृतक की पत्नी मौके पर पहुंच गए।शव की शिनाख्त नरेन्द्र मिश्रा पुत्र सावल प्रसाद मिश्रा उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी अमहवा थाना रेहरा जनपद बलरामपुर के रूप में हुई।जानकरी देते हुये मृतक के बड़े भाई अनुप मिश्रा ने बताया कि मेरे भाई बीते 30 अगस्त से ही लापता थे,30 अगस्त की शाम को मेरे भाई की मोटरसाईकिल लावारिश हालत में थाना गैंडास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर की पुलिस को गैंडास बुजुर्ग नहर पुल के पास मिली जिसकी सूचना पुलिस द्वारा मुझे दी गई तबसे हमने अपने लापता भाई को ढूढ़ना शुरू किया जिनका शव नहर में मिला है।पुलिस ने शव का पंचायत नामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### विभिन्न कार्यक्रमों में आज शामिल होंगी विधायक मोना



**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज मंगलवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगी। वे दिन में एक बजे लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर पार्टी के संगठन सृजन अभियान की समीक्षा करेंगी। विधायक मोना सायं चार बजे खानापटटी स्थित मदरसे में उर्स के कार्यक्रम में शामिल होंगी। साढ़े चार बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में विधायक आराधना मिश्रा दर्शन पूजन करेंगी। इसके बाद वह सांगीपुर तथा कुम्भीडीहा व देवरी में भी लोगों से मुलाकात करेंगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## अगस्त माह में प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा अगस्त माह में 37 गैंगस्टर के विरूद्ध विभिन्न थानों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कुल 11 अभियोग पंजीकृत किया गया। इसी माह में 07 पुलिस मुठभेड़ में 15 शातिर अभियुक्त घायल व गिरफ्तार किए गए।50 हजार रूपये के 04 इनामिया, 25 हजार रूपये के 09 इनामिया पुरस्कार घोषित 13 अपराधी गिरफ्तार किये गये।19 अभियुक्तों के विरुद्ध की गई गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गई। अगस्त माह में ही कुल 10 एचएस (हिस्ट्रीशीट) खोली गई।

जनपद प्रतापगढ़ साइबर क्राइम थाना द्वारा ऑनलाइन ठगी के शिकार 16 पीड़ितों के 2,94,684 रूपये वापस कराये गए।थाना मानिकपुर के अन्तर्राज्यीय गैंगलीडर द्वारा आपराधिक कृत्य कारित करके अवैध स्त्रोतों से अर्जित चल-अचल सम्पत्ति/ मकान, दुकान, मोटर साइकिल तथा बैंक खाता का मूल्य 1,49,56,939 (एक करोड़ उनचास लाख छप्पन हजार नौ सौ उनतालीस रुपये) को कुर्क किया गया। जनपद में शस्त्र दुरुपयोग के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कर 03 अभियुक्तों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित किया गया।प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत 87 प्रकरणों में अब तक कार्यवाही की जा चुकी है जो कि प्रदेश में सर्वाधिक प्रथम स्थान है।यातायात पुलिस प्रतापगढ़ द्वारा चेकिंग के दौरान 4906 वाहनों का चालान, 83 वाहनों को सीज किया गया तथा नो पार्किंग में खड़े 13 वाहनों को टोचन तथा 760 वाहनों का किया गया नो- पार्किंग चालान किया गया।यातायात पुलिस द्वारा जागरुकता अभियान चलाकर 1293 वाहनों में रेट्रो- रिप्लेक्टिव टेप लगाया गया।

## रबी फसल में निःशुल्क दलहनी बीज मिनीकिट वितरण हेतु बुकिंग प्रारम्भ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित निःशुल्क दलहन बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत रबी 2025-26 में दलहनी फसलें-चना (16 किग्रा.), मटर (20 किग्रा.) एवं मसूर (8 किग्रा.) के बीज मिनीकिट कृषकों को निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। इन मिनीकिटों के लाभार्थियों का चयन लॉटरी पद्धति द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के माध्यम से पारदर्शी ढंग से किया जाएगा।

इच्छुक कृषक जो इस योजना का लाभ प्राप्त करना चाहते हैं उन्हें कृषि दर्शन-2 पोर्टल agridarshan.up.gov.in पर अनिवार्य रूप से बुकिंग/आवेदन कराना होगा। बुकिंग प्रारंभ होने की तिथि 01 सितम्बर है व समाप्ति की तिथि 25 सितम्बर है। कृषि विभाग के पोर्टल पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग/आवेदन कर सकते है।

उन्होने यह भी बताया है कि एक कृषक केवल एक ही दलहनी फसल का मिनीकिट प्राप्त कर सकेगा। कृषि विभाग में पंजीकृत कृषक ही मिनीकिट हेतु बुकिंग, आवेदन कर सकेगा। जनपद के लक्ष्य से अधिक आवेदन होने की दशा में लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाएगा। उन्होने सभी कृषकों से अपील करते हुये कहा है कि वे समय से अपना आवेदन बुकिंग अवश्य करे एवं इस योजना का लाभ उठायें।

## जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान का बच्चों ने लिया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आवाहन पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (प्राथमिक संवर्ग), प्रतापगढ़ के जिलाध्यक्ष अशोक राय और जिला महामंत्री जय प्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व में सोमवार को जनपद में स्थित कुल 2372 विद्यालयों में से 1260 विद्यालयों में "हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान "कार्यक्रम" हर्ष और उल्लास के साथ आयोजित किया गया ।अभी तक प्राप्त सूचनाओं के अनुसार आसपुर देवसरा से लेकर कालाकांकर तक और मंगरौरा से लेकर मान्धाता तक जनपद -प्रतापगढ़ के परिषदीय विद्यालयों में आज का दिन शिक्षण के साथ साथ इस अभियान हेतु समर्पित रहा।विद्यालयों मे शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक "पांच सूत्रीय" संकल्प लिया और "हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान"कार्यक्रम को आत्मसात किया।

अनेक विद्यालयों में बैनर, गुब्बारे,झालर इत्यादि लगाकर विद्यालय प्रांगण को आकर्षक ढंग से सजाया भी गया था। इसमें शिवगढ़ का राजापुर खरहर, रानीगंज द्वितीय,भागीपुर सदर का कम्पोजिट विद्यालय सिपाह महेरी, पूरे केशव राय, मान्धाता का रामनगर, कम्पोजिट विद्यालय पुरेली, बाबागंज का बहोरिकपुर,अगोरी का बाजार, कुण्डा का हथिगवां, फेरई का पुरवा, पट्टी का पिरथीगंज, आसपुर देवसरा का हैदरपुर रसूलपुर, गौरा का रहेटुआ परसरामपुर, कैलीडीह, हरपुर सौंध रामपुर संग्रामगढ़ का यू.पी.एस.अर्रो और बिहार का बाघराय, सांगीपुर का कम्पोजिट किशुन गढ़, मंगरौरा का रामचन्द्र पुर आदि विद्यालय शामिल रहे। इस अभियान की मानीटरिंग जिलाध्यक्ष अशोक राय, जिला महामंत्री जय प्रकाश पाण्डेय, संयोजकगण डा.राजश्री पाण्डेय, कौशलेंद्र सिंह, सन्तोष पाण्डेय, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक वैश्य, जिला संगठन मंत्री राजीव सिंह और ब्लाकों के अध्यक्ष और महामंत्री कर रहे थे ।कुल मिलाकर यह अभियान ऐतिहासिक रूप से सफल रहा। जिलाध्यक्ष अशोक राय और महामंत्री जय प्रकाश पाण्डेय ने इस अभियान में लगे हुए सभी साथियों को अपनी ओर से उनके अथक परिश्रम की प्रशंसा की है।

### कुएं में कूदकर युवक ने की आत्महत्या, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पारिवारिक कलह के चलते युवक ने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। युवक की मौत से परिजनो में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के सराय जगत सिंह निवासी जीतलाल प्रजापति के पुत्र देवप्रकाश उर्फ पप्पू 39 ने सोमवार को दोपहर घर से कुछ दूर स्थित कुएं में छलांग लगा दी। गहरे पानी में समा जाने से पप्पू की मौत हो गयी। कुएं में उसके छलांग लगाते ही बदहवाश परिजन दौड़े किन्तु उसे बचा न सके। ग्रामीणों तथा फायर बिग्रेड की मशक्कत के बाद पप्पू का शव कुएं से बाहर निकलवाया जा सका। मृतक अपने पीछे एक बेटी तथा एक बेटे व पत्नी को निराश्रित छोड़ गया है। सूचना मिलने पर लालगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेजवाया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने पर मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। घटना के बाबत अभी पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है।

### यूरिया खाद निर्धारित मूल्य से अधिक दाम लेना का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिले में खाद की किल्लत बरकरार है। खाद न मिलने से किसानों का गुस्सा फूट रहा है। ग्राम पंचायत शिवपतिनगर के सुकरौली में स्थित विकास खण्ड नौगढ़ अंतर्गत तैनात सचिव द्वारा जो किसान सुबह 5:00 से लाइन लगाए हुए थे उन किसानों को लगभग 12:00 के बाद यह कह कर वापस लौटा दिया जा रहा था कि खाद खत्म हो गया है। कुछ समय के बाद अधिक दाम अधिक लेकर उर्वरक दिया जा रहा था। सचिव का यह कार्य प्रणाली देखकर जनता उग्र होकर उर्वरक की दुकान का घेराव कर लिया। पुलिस प्रशासन के पहुंचने के बाद स्थिति सामान हुई। किसानों का आरोप है कि सचिव द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक रुपया लिया जा रहा है।

किसानों का यह भी आरोप है कि स्थानीय किसानों को खाद न देकर सेटिंग के तहत दूर के लोगों को खाद दिया जा रहा है। किसानों ने बताया कि नौगढ़ ब्लॉक क्षेत्र के किसानों को खाद न देकर बर्डपुर ब्लाक के किसानों को दिया गया है। ग्राम प्रधान अमजद अली ने जिलाधिकारी से शिकायत करके कहा है कि सचिव द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक रुपए लेकर उर्वरक दिया गया है इसकी जांच कराकर कार्रवाई कि मांग की हैं।

## खाद की किल्लत को लेकर गरजे किसान, विभिन्न समस्याओं का सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** यूरिया खाद की किल्लत तथा नहरों में टेल तक पानी नहीं होने समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को किसान यूनियन ने तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया। यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव भानु प्रताप सिंह तथा जिला महासचिव राजू गौतम की अगुवाई में किसानों ने सभागार के सामने सभा कर किसानों के उत्पीड़न पर संघर्ष का ऐलान किया। डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए यूनियन ने यूरिया खाद के अभाव में फसल नुकसान तथा खाद की कालाबाजारी के समाधान पर कार्रवाई की मांग उठाई। वहीं छुट्टा मवेशियों से फसल नुकसान व फसलों की सिंचाई के समय नहरों में पानी न आने का भी मुद्दा किसान नेताओं ने जोरशोर से उठाया। किसान नेताओं ने किसानों के बढ़े हुए बिजली बिल के जरिए भी जुर्माने के नाम पर उत्पीड़न पर भी रोक लगाने की मांग उठाई है।

महासचिव भानु प्रताप सिंह ने प्रशासन को आगाह किया कि समाधान न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। संचालन जिला महासचिव राजू गौतम ने किया। इस मौके पर अरविंद कुमार सिंह, हरिश्चंद्र पाण्डेय, शिवाकांत पाण्डेय, माले खां, शंकरलाल वर्मा, रामसजीवन विश्वकर्मा, नीतू गौतम आदि रहे।

## सोमवार को क्षेत्र पंचायत प्रमुख प्रतिनिधि महेश सिंह ने सुनीं जन समस्याएँ, विकास कार्यों से बदल रही गाँव की तस्वीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा।** विकासखंड रूपईडीह में सोमवार का दिन संवाद और समाधान का साक्षी बना। क्षेत्र पंचायत प्रमुख प्रतिनिधि महेश सिंह ने ग्राम प्रधानों और ग्रामीणों से सीधी बातचीत कर उनकी समस्याएँ सुनीं और तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक में लोगों ने जलभराव, जर्जर मार्ग, प्रकाश व्यवस्था, नालियों की सफाई और पेयजल संकट जैसी समस्याओं को सामने रखा। ग्रामीणों की आवाज़ में वर्षों की पीड़ा झलक रही थी, लेकिन उसी के साथ यह भी स्पष्ट था कि हाल के दिनों में क्षेत्र पंचायत द्वारा कराए गए कार्यों ने गाँव की तस्वीर बदलनी शुरू कर दी है।

बरसात से पहले कराए गए इंटरलॉकिंग मार्ग, चौराहों पर सोलर लाइट, और सामुदायिक भवनों के नवीनीकरण जैसे कार्य अब चर्चा का विषय बने हुए हैं। गाँव के लोग मानते हैं कि हालाँकि कुछ समस्याएँ अभी भी बनी हुई हैं, लेकिन हाल के विकास कार्यों ने विश्वास जगाया है कि रूपईडीह की दिशा अब बदल रही है।

महेश सिंह ने बैठक में कहा– "हमारा प्रयास यही है कि हर काम पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ हो। अधूरे कार्यों को जल्द पूरा कराया जाएगा और जिन योजनाओं की आवश्यकता है, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। विकास अब किसी एक गाँव तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि हर गली, हर मोहल्ले तक पहुँचेगा।" ग्रामीणों ने भी सकारात्मक सोच के साथ कहा कि अगर यही रफ्तार जारी रही तो आने वाले समय में रूपईडीह विकास के मामले में मिसाल बनेगा। बैठक का माहौल शिकायत से ज़्यादा उम्मीद और भरोसे का रहा।सोमवार की यह बैठक केवल समस्याओं का मंच नहीं, बल्कि विकास कार्यों की उपलब्धियों का भी आईना बनी। गाँव की गलियों में अब चर्चा केवल कठिनाइयों की नहीं, बल्कि बदलती तस्वीर की भी है–जहाँ अधूरी ज़रूरतों के बीच भी उम्मीद की एक नई किरण दिखाई देने लगी है।

## बच्चों में अनुशासन समर्पण उत्थान सेवा भाव को जागृत करने के लिए अभियान शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



प्रतापगढ़।अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वावधान में आयोजित "हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान÷ कार्यक्रम पट्टी विकास क्षेत्र के प्राथमिक और उच्च विद्यालयो में धूमधाम और पूरे उल्लास के साथ मनाया गया।

"हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान" कार्यक्रम के पांच प्राण/संकल्प की शपथ सभी विद्यालय में शिक्षकों और छात्रों को साझा रूप में दिलाई गई।कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्रतापगढ के जनपदीय कोषाध्यक्ष और "हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान" कार्यक्रम के उपसंयोजक कौशलेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लाक अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व मे मंत्री प्रताप चन्द्र विकल,कोषाध्यक्ष बालचंद के प्रयास से आयोजित हुआ।ब्लॉक के सभी विद्यालय मे आयोजित इस कार्यक्रम मे सहयोग के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला कोषाध्यक्ष अध्यक्ष कौशलेन्द्र प्रताप सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक और छात्रों की उपस्थिति और इस कार्यक्रम के सफल आयोजन मे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम मे जयप्रकाश सिंह, पप्पू गुप्ता, ओमप्रकाश, अहमद हसन, मो रफी, लाल जी वर्मा, आद्या प्रसाद, सतीश आदि का सहयोग महत्वपूर्ण रहा।

## लालगंज पुलिस ने चार शातिर पर कसा गैंगेस्टर का शिकंजा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसपी के अपराध नियंत्रण अभियान के निर्देश में लालगंज कोतवाली पुलिस चार शातिर अर्न्तजनपदीय बदमाशों पर गैंगेस्टर का शिकंजा कसा। चारों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी, लूट तथा आर्म्स एक्ट व विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के गंभीर आपराधिक केस दर्ज है।लालगंज कोतवाल प्रदीप कुमार ने कोतवाली लालगंज के चोरी की कई घटनाओं में आरोपी शातिर बदमाश गैंग सरगना मेढ़ावां निवासी पंचलाल वर्मा पुत्र देवतादीन तथा सराय जगत सिंह निवासी अमृतलाल पुत्र जियालाल व कटरा दुग्धा निवासी अनिकेत पटेल पुत्र संतोष एवं सलेम भदारी निवासी रंजीत सरोज पुत्र राजाराम के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। गैंग सरगना पंचलाल के खिलाफ लालगंज, कोतवाली नगर, उदयपुर, महेशगंज, कन्धई, नबाबगंज, सांगीपुर, में विभिन्न वारदातों को लेकर उन्तालिस मुकदमें दर्ज हैं। वहीं आरोपी अनिकेत पटेल के खिलाफ आर्म्स एक्ट व विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तीन व आरोपी अमृतलाल के खिलाफ चार एवं आरोपी रंजीत सरोज के खिलाफ पांच आपराधिक केस दर्ज हैं। एएसपी पश्चिमी संजय राय तथा लालगंज सीओ आशुतोष मिश्र के सख्त पर्यवेक्षण में इन सभी शातिर बदमाशों के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की गयी है।

## संक्षिप्त खबरें

### मंडी के पास छत काटकर की दुकान में चोरी

**-दुकान स्वामी बोला पांच से छह लाख का सामान ले गये चोर**

**मथुरा।** थाना हाइवे क्षेत्र की मंडी चौकी क्षेत्र में रात के समय बदमाशों ने एक दुकान की छत काट कर चोरी की घटना कारित की। दुकान स्वामी का कहना है कि चोर पांच से छह लाख रूपये का सामान ले गये हैं। चोरी की घटना का खुलासा सुबह हुआ जब दुकानदार अपनी दुकान खोलने के लिए पहुंचा। दुकान खोने के बाद उसके होश उड गये। दुकान की छत कटी हुई थी दुकान से सामान गायब था। दुकान में चोरी की सूचना पर आसपास के दुकानदार भी जुट गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही की है। दुकान स्वामी कृष्ण कुमार अग्रवाल ने बताया कि रोज की तरह जब उन्होंने सुबह दुकान खोली तो अंदर का नजारा देखकर सन्न रह गए। चोरों ने दुकान के भीतर घुसकर महंगे ब्रांडेड सामान पर हाथ साफ किया। बड़ी मात्रा में गुटखा, बीड़ी, सिगरेट सहित गल्ले में रखी नकदी चोरी कर ली गई। पीड़ित दुकानदार के अनुसार करीब पांच से छह लाख रुपए का नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह का कहना है कि मामले का जल्द ही खुलासा किया जाएगा। हालांकि अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका है। स्थानीय व्यापारी वर्ग में घटना को लेकर भारी रोष है और सभी ने पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

### बाल शिक्षा प्रबंधक समिति के चुनाव संपन्न



**मथुरा।** बाल शिक्षा प्रबंधक समिति का द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव होना था। चुनाव प्रक्रिया होली एंजिल पब्लिक स्कूल बाई पास पर सम्पन्न हुई। इसमें चुनाव प्रक्रिया के अंत में चुनाव अधिकारियों ने चुने गये पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। अधिकारियों ने घोषणा की किं अध्यक्ष पद पर विकास पाराशर, सचिव रिंकू शर्मा और कोषाध्यक्ष पद पर चेतेंद्र सिसोदिया निर्वाचित हुए हैं। इस चुनावी आयोजन में करीब 70 विद्यालय शामिल हुए। चुनाव समिति के सदस्यों में भूदेव प्रसाद गर्ग, गंगा प्रसाद प्रजापति, विनीता निगम की अहम भूमिका निभाई।

### एक किलो गांजे के साथ पकडा

**मथुरा।** वृंदावन पुलिस ने लाला बाबू मंदिर के पास से एक किलो 100 ग्राम गांजे के साथ एक अभियुक्त को पकड़ा है। सोमवार को वृंदावन पुलिस ने अभियुक्त कन्हैया ऊफ कन्नू पुत्र गोपाल निवासी आदर्श कॉलोनी कोसीकला को गिरफ्तार किया जिसके पास एक किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया गया। अभियुक्त लाल बाबू मंदिर के पास गंजे को किसी को देने की फ़िराक में था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है।

### विद्युत विभाग की क्रॉस चेकिंग में स्मार्ट मीटर पास

**-उपभोक्ताओं की अधिक बिल आने की शिकायत को किया खारिज**

**मथुरा।** विद्युत विभाग की क्रॉस चेकिंग में स्मार्ट मीटर पास आए हैं। विभाग की ओर से उपभोक्ताओं की ओर से मासिक बिल अधिक आने की शिकायत को खारिज कर दिया गया है। शहर में उपभोक्ताओं के परिसर में स्मार्ट मीटर स्थापना के बाद लगातार शिकायत आ रही थी कि स्मार्ट मीटर में रीडिंग अपेक्षाकृत अधिक है जिस कारण बिजली का मासिक बिल काफी बढ़कर आ रहा है। उपभोक्ताओं की इस तरह की शिकायतों के समाधान हेतु विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर के साथ-साथ 5 प्रतिशत उपभोक्ता के चेक मीटर भी लगाए गए हैं इसके परीक्षण में पता चला है कि स्मार्ट मीटर एवं उसके साथ लगाए गए चेक मीटर की रीडिंग में कोई अंतर नहीं आया। महानगर में अब तक 51 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर लगाये जा चुके हैं। इस संबंध में अधीक्षण अभियन्ता विधुत नगरीय वितरण मंडल मथुरा ई. आर.पी. सिंह के अनुसार उपमोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगने से बिजली बिल संटीक एवं समय से प्रात होगा, बिजली बिल के लिये उपकेंद्र के चक्कर नही लगाने पड़ेंगे। बिजली बिल खपत आदि की जानकारी मोबाइल एप पर मिल जायेगी एवं स्मार्ट मीटर से किसी प्रकार की कोई छेडछाड नही की जा सकेगी। मीटर स्थापित करने वाली कार्यदायी संस्था को असंतुष्ट उपभोक्ताओं के घरों मे स्मार्ट मीटर के साथ चौक मीटर लगाने हेतु भी निर्देशित किया गया है ताकि उपभोक्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट किया जा सकें।

## प्रदर्शनी में कागज की कतरनों ने उकरे चित्रों को देखने पहुंच रहे लोग

**●-मथुरा की प्रसिद्ध चित्रकार उमा शर्मा की बनाई चित्रों की प्रदर्शनी बनी आकर्षण**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**मथुरा।** ब्रज कला एवं शिल्प संग्रहालय के हाल में उमा शर्मा की चित्रकला प्रदर्शनी को देखने के लिऐ देश विदेश से लोग पहुंच रहे हैं। मथुरा की प्रसिद्ध चित्रकार उमा शर्मा कागज की कतरनों को चिपकाकर आकर्षक पेंटिंग बनाती हैं। प्रदर्शनी का शुभारंभ वृन्दावन के साहित्यकार व व्यवसाई कपिल उपाध्याय तथा वृन्दावन के तीर्थ पुरोहित अजय शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर ब्रज लोक कला एवं षिल्प संग्रहालय के हॉल में प्रदर्षनी लगाई गई प्रदर्षनी तीन दिनों तक चली जिसमें जर्मनी से पधारे विदेशी पर्यटकों के अलावा स्थानीय कला प्रेमियों ने भी रूचि दिखाई। उमा शर्मा किसी परिचय मोहताज नहीं हैं। वह मथुरा की एक प्रसिद्ध चित्रकार हैं, उन्होंने कागजों की कतरनों को चिपकाकर कोलाज तैयार करने में महारत हांसिल की है। उन्होंने इस प्रकार की पेंटिंग बना कर प्रसिद्धी पाई है, जो कम ही देखने को मिलती है, मथुरा की चित्रकार उमा शर्मा शांत स्वभाव और निर्मल हृदय की चित्रकार हैं उनके मन के भाव उनकी बनाई चित्रकला में भी दिखाई देती है। बिना कूची और रंग के, कागज की कतरनों से ही तस्वीरों को आकार देने वाली मथुरा की उमा शर्मा की कलाकृति मात्र पेंटिंग ही नहीं हैं, उनमें ब्रज का पूरा चित्रण देखने को मिलता है। उनके द्वारा बनाये गये तैल चित्रों में ब्रज की सभ्यता, संस्कृति और जनसामान्य के जीवन की एक झलक देखने को मिलती है। सन् 1950 में जन्मी चित्रकार उमा शर्मा की प्रदर्शनी देखने आये युवा कलाकारों को वह अपने बनाये चित्रों के सामने खड़े होकर समझा रहीं थीं कि इन चित्रों को रद्दी कागज के टुकड़ों को जोड़ जोड़ कर फेबिकोल की मदद से चिपका कर कैसे बनाया गया है। अनेक नवोदित कलाकारों ने भी इस स्थान पर अपनी अपनी चित्रकला को प्रदर्शित किया, जिसमें एमिटी यूनीवर्सिटी नोयडा से बेचलर ऑफ फाइन ऑर्ट में बेचलर डिग्री प्राप्त अनुकृति षर्मा द्वारा बनाई नौ देवियों व श्रीकृष्ण की पेंटिंग भी लगाई गई जिनकों भी देख दर्षकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर सपत्नी पूना से पधारे इस्कॉन मंदिर संस्था के उपाध्यक्ष संजय भौंसले सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्र सिंह, महेष शर्मा, प्रांषु शर्मा, तनू शर्मा, कमलेश्वर, प्रीति, मनीषा, अनिकेत, अनुभूति, शशि चौधरी, हरीश, सविता, पत्रकार सुनील शर्मा, गीता शोध संस्थान के कोडिनेटर चन्द्र प्रताप सिंह सिकरवार, वृन्दावन गाइड़ के आषु शर्मा आदि उपस्थित थे, तीन दिन तक चलने वाली इस प्रदर्शनी को देखने के लिए पांच सदस्यीय जर्मनी के विदेषी मेहमानों के अलावा सैकड़ों स्कूली छात्र? छात्राओं व स्थानीय कला प्रेमियों ने भाग लिया।

## राधा का प्राकट्य प्रेम, करुणा और भक्ति का संदेशः मोहिनी दासी

**●-श्री हरि व्यास निकुंज मंदिर परिक्रमा मार्ग में आयोजन शुरु**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**मथुरा।** श्री हरि व्यास निकुंज मंदिर परिक्रमा मार्ग वृंदावन में दो दिवसीय राधाष्टमी महोत्सव शुरू हो गया। प्रथम दिन परम संत रामकृपाल दास जी महाराज चित्रकूट वालों ने भक्तों से कहा कि श्री राधा जी केवल श्रीकृष्ण की प्रिया ही नहीं, बल्कि भक्ति की स्वरूपिणी, प्रेम की पराकाष्ठा और करुणा की मूर्ति हैं। राधारानी का जन्माभिषेक व अन्य अनुष्ठान रविवार को होने हैं। महाराज जी की शिष्या कथा वाचक सुश्री मोहिनी कृष्णदासी ने अपने संदेश में कहा कि बरसाना में प्रकट होने वाली राधा रानी की खुशी में समूचा ब्रज अपार उल्लास और भक्ति में डूबा हुआ है। राधाष्टमी को हर कोई श्रद्धा और आस्था के साथ मना रहा है। श्री राधा जी केवल श्रीकृष्ण की प्रिया ही नहीं, बल्कि भक्ति की स्वरूपिणी, प्रेम की पराकाष्ठा और करुणा की मूर्ति हैं। जिस प्रकार जल बिना कमल नहीं खिल सकता, उसी प्रकार राधा बिना कृष्ण की लीला पूर्ण नहीं होती। राधा और कृष्ण दो नहीं, एक ही दिव्य सत्ता के दो रूप हैं प्रेम और प्रियतम। राधा जी का जीवन हमें यह सिखाता है कि भक्ति केवल पूजा पाठ नहीं, बल्कि मन, वचन और कर्म से पूर्ण समर्पण है। उनका संदेश है। प्रेम ही ईश्वर तक पहुँचने का सबसे सरल मार्ग है। भक्ति में न कोई भेद है, न कोई शर्त दृ केवल हृदय की निर्मलता चाहिए। भगवान कृष्ण तक पहुँचने का मार्ग राधा जी के नाम से होकर ही जाता है। राधा नाम जपने से मन शुद्ध होता है और जीवन में दिव्य आनंद की अनुभूति होती है। आज जब संपूर्ण ब्रजभूमि राधे-राधे के गगनभेदी उद्घोष से गूँज रही है, तो आइए हम भी अपने जीवन में प्रेम, करुणा और भक्ति को स्थान दें। यही राधा अष्टमी का सच्चा संदेश है।

## जिप्स की बिक्री पर नियमों की अस्पष्टता से दुखदा व्यापारी परेशान

**●-फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल ने कहा जिप्सम की बिक्री के लिए लाइसेंस की आवश्यक्ताा नहीं**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मथुरा।** कृषि विभाग द्वारा प्रत्येक जनपद एवं अन्य प्रदेशों में ब्लॉक द्वारा किसानों को जिप्सम सब्सिडी के माध्यम से दिया जाता है। वहीं जिप्सम का उत्पादन करने वाले सूक्ष्म उद्यमियों को कृषि विभाग द्वारा जिप्सम की खुली बिक्री करने से रोका जाता है जबकि फर्टिलाइजर एक्ट 1985 के अनुसार जिप्सम बिक्री के लिए किसी प्रकार की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। इसके बावजूद विभाग द्वारा जिप्सम के विक्रय करने वाले खुदरा व्यापारियों को अवैध रूप से परेशान किया जाता है। इस समस्या को लेकर व्यापारियों के हित में फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश मुख्यालय एवं केंद्र सरकार (कृषि विभाग) तक जानकारी की गई तो वहां पर भी उनको बताया गया कि जिप्सम उत्पादन अथवा बिक्री के लिए किसी प्रकार की कोई लाइसेंस की जरूरत नहीं है एवं जिप्सम एफसीओ 1985 में एक उर्वरक की तरह भी नहीं नियमित है। एक तरफ किसानों को जिप्सम का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जाता है एवं सब्सिडी के माध्यम से सरकार द्वारा विक्रय किया जा रहा है वहीं खुदरा व्यापारियों को कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा बिना किसी कारण जिप्सम बेचने से रोका जाता है। इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार सिंह से जब बात की गई तो उन्होंने भी जिप्सम को लेकर कोई संतुष्टि भरा जवाब नहीं दिया और कहा कि प्रदेश मुख्यालय द्वारा जिप्सम के संबंध में हमें किसी प्रकार का कोई निर्देश नहीं है। मगर इसके बावजूद भी कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा खुदरा व्यापारियों को जिप्सम बेचने से रोका जाता है ऐसा कब तक चलेगा।

## श्रद्धालुओं की पिकअप में ट्रक ने मारी टक्कर

**●- एक दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल, एक की मौत**

**- रिश्तेदारों के साथ मां की अस्थियां गंगा में विसर्जित करने जा रही**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मथुरा।** रिश्तेदारों के साथ मां की अस्थियां गंगा में विसर्जित करने जा रही महिला की में एक्सीडेंट में मौत हो गई और करीब डेढ़ दर्जन रिश्तेदार घायल हो गए। राया क्षेत्र में बरेली हाईवे पर भरतपुर से सोरों गंगा स्नान जा रहे श्रद्धालुओं की पिकअप और ट्रक की जबरदस्त भिड़ंत में 15 श्रद्धालुओं बुरी तरह घायल हो गये। सूचना पर पहुची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिये अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार रविवार की रात्रि करीब दो बजे भरतपुर के थाना रुदावल के गांव महमदपुरा से 15 श्रद्धालु मैक्स पिकअप में सवार होकर गंगा स्नान के लिए सोरों जा रहे थे। इस दौरान बरेली हाईवे राजमार्ग पर गांव हुलु के समीप ट्रक और पिकअप की भिड़ंत हो गयी घटना के बाद लोगों मे चीख पुकार मच गयी। इस दौरान पिकअप में सवार श्रद्धालु भोला, रामसिंह, खेमचंद, ओमवती, विमलेश, प्रेमवती, दिलकश, राजकुमारी, सुनीता, करीना, ब्रह्मा, मुकेश बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल मय पुलिसबल के घटनास्थल पर पहुच गए और घायलों को उपचार के लिये अस्पताल भिजवाया। उपचार के दौरान एक महिला श्रद्धालु विरमा देवी (62) पत्नी किशनलाल निवासी भरतपुर की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। वही हादसे के बाद हाइवे पर जाम लगने के दौरान क्रेन द्वारा क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर राजमार्ग सुचारू करवाया।

## पूर्ववाद एवं न्यायालय में लंबित राजीनामा युक्त प्रकरणों के निराकरण हेतु बैठक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**शहडोल** – मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के मार्गदर्शन तथा श्री काशीनाथ सिंह, माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार एवं श्री सुशील कुमार अग्रवाल जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, बुढ़ार की अध्यक्षता में दिनाक 13.09.2025 को तहसील न्यायालय, बुढ़ार में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उक्त नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निपटारे हेतु दिनांक 01.09.2025 को प्रिसिटिंग बैठक आयोजित की गई। जिसमें न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री विजेन्द्र सिंह रावत, श्रीमती आकांक्षा तेकाम, श्री ऋषव दीक्षित, श्री लक्ष्मण रोहित न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बुढ़ार बुढ़ार द्वारा कार्यवाही की गयी। साथ ही श्री जयकांत मिश्रा, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ बुढ़ार, सचिव श्री शैलेंद्र प्रताप सिंह, एवं अधिवक्ता सत्येंद्र शुक्ला, शैलेंद्र सिंह की उपस्थिति एवं नगरपालिका बुढ़ार एवं धनपुरी एवं विद्युत विभाग के अधिकारी की उपस्थित रहे।

## रांची के रातू रोड देवी मंडप सरोवर नगर शिव मंदिर में गणपति पूजा एवं राधाष्टमी पर डांस प्रतियोगिता आयोजित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



रांची के रातू रोड स्थित देवी मंडप सरोवर नगर शिव मंदिर में गणपति पूजा के उपलक्ष्य में एवं राधा अष्टमी के दिन पूजा पंडाल में भव्य डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली बच्चियों ने राधा रानी एवं भगवान श्रीकृष्ण का रूप धारण कर नृत्य प्रस्तुत किया और पूरे माहौल को भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में भाजपा रांची महानगर के नेता अभिषेक सिंह राठौड़ एवं युवा नेत्री रौशनी सिंह राठौड़ ने प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया। अभिषेक सिंह राठौड़ ने इस अवसर पर कहा कि वे पूर्व में भी गणपति पूजा पंडालों में नन्हे-मुन्ने बच्चों को नृत्य कार्यक्रम में सम्मानित एवं पुरस्कृत कर प्रोत्साहित करने का कार्य करते आए हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से राजेश पाठक, रविंद्र शर्मा, उर्मिला शर्मा, ममता तिवारी, सुदामा देवी, पुष्पा देवी, सरिता पाठक, सोनी देवी, सुरेश सिंह, संजीत चौबे, शेखर चौबे, बबीता शर्मा, गगन कुमार, अनामिका कुमारी, श्री राधे कुमारी, सारांश पाठक, सौर पाठक एवं जयेश कुमार उपस्थित रहे।

## जन्माष्टमी के दोनों पर्व बिना व्यवधान के सकुशल संपन्न

**●-जिलाधिकारी, एसएसपी ने जताया सभी का आभार**

**-राधाष्टमी पर बरसात के बीच उमडी भारी भीड**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और राधाष्टमी के पर्व बिना किसी व्यवधान के सकुशल संपन्न हो गये। इस दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। राधा अष्टमी मेला 2025 के शानदार सफलतापूर्वक संपन्न होने पर जिला अधिकारी एसपी सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार ने सभी का आभार जताया है। राधाष्टमी पर बरसात के बीच भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। बरसाने में श्री राधाष्टमी पर्व 2025 बरसाने की विश्व प्रसिद्ध लाडली जी मंदिर बरसाना में धूमधाम से मनाया गया श्री राधाष्टमी पर्व पर पवित्र दर्शन करने हेतु श्रद्धालुओं का भारी सैलाब उमड़ा था सभी श्रद्धालुओं दर्शनार्थियों एवं पर्यटकों को सरल तरीके से दर्शन हुए श्री राधाष्टमी पर्व 2025 के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने बरसाना पहुंचकर बहुत ही सुकून महसूस किया प्रशासनिक व्यवस्थाओं को देखकर हर कोई उसकी तारीफ कर रहा था।

वही जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा निरंतर पूरे बरसाना में घूम घूम कर मेले की व्यवस्थाओं को देखा गया जिसके चलते संपूर्ण मेला क्षेत्र में लगे अधिकारियों कर्मचारियों में सक्रियता बनी रही सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने पूरी जिम्मेदारी से ड्यूटी का निर्वाह किया स्वास्थ्य सुरक्षा यातायात पार्किंग भीड़ प्रबंधन साफ सफाई आदि सभी व्यवस्थाएं शानदार तरीके से जारी रही जिससे श्रद्धालु इस बार बहुत ही अच्छे तरीके से बरसाने से खुश होकर लौटे हैं बरसाना के प्रमुख समाजसेवी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पदम सिंह व प्रमुख समाजसेवी महेश शर्मा ने जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार की सराहना करने के साथ साथ मंडल आयुक्त शैलेंद्र सिंह व डीआईजी शैलेश कुमार पांडे की विशेष रूप से सराहना की उपरोक्त दोनों अधिकारी मेला के कंट्रोल रूम में बैठकर पूरी रात जाग कर स्वयं मेले की मॉनिटरिंग कर रहे थे जो की सराहनीय है मेले की सफलता पर मंडल आयुक्त शैलेंद्र सिंह डीआईजी शैलेश कुमार पांडे जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों कर्मचारियों का व बरसाना के सभी नागरिकों को मेले की सफलता के लिए हार्दिक धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

## यात्रा को लेकर धीरेन्द्र शास्त्री ने वृंदावन में साधु संतों के साथ किया मंथन

**●-धीरेन्द्र शास्त्री पदयात्रा के मुख्य बिंदुओं के संत समाज के सम्मुख रखा**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मथुरा।** दिल्ली से चलकर वृंदावन तक आने वाली धीरेंद्र शास्त्री की पदयात्रा को लेकर वृंदावन में हुई बैठक में साधु संतों के बीच मंथन हुआ। बैठक में हिंदुओं की एकजुट, ब्रज में मांस मदिरा की दुकानों को बंद किये जाने, यमुना शुद्धिकरण जैसे मुद्दों पर साधु संतों ने प्रमुखता से अपनी बात रखी। बैठक वृंदावन के कृष्ण कृपा धाम में आयोजित हुई। इस पदयात्रा को बागेश्वर बांके बिहारी मिलन 'सनातन हिंदू एकता' नाम दिया है। बैठक में संत गोस्वामी सेवायत आदि पहुंचे। पदयात्रा 7 नवंबर से दिल्ली से प्रारम्भ होगी और 16 नवंबर को वृंदावन पहुंचेगी। यहां पदयात्रा का समापन होगा। दिल्ली से वृंदावन तक होने वाली पदयात्रा को लेकर बैठक में मौजूद रहे साधु संतों ने अपने विचार व्यक्त किये। भेद भाव और जात पात को हमें जड़ से मिटाना है, हमें भारत हिंदू राष्ट्र बनाना है। छुआछूत की करो विदाई हम सब हिंदू भाई भाई जैसी बातें हुई और इन मुद्दों पर जोर दिया गया। जिसको बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा है कि इस पदयात्रा का एक ही उद्देश्य है सभी हिंदुओं को हम घर घर जाकर गले लगाएंगे। छुआछूत एवं भेदभाव को जड़ से मिटाएंगे और हिंदू राष्ट्र बनाएंगे। बृजवासियों ने धीरेन्द्र शास्त्री का जोरदार स्वागत किया। बैठक में मौजूद साधु संतों ने कहा कि वह धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे और हिंदू राष्ट्र बनाने में पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया है। इस 9 दिन की पदयात्रा में बैठक में अनिरुद्धाचार्य ने आठ दिन की सेवा में अपनी अन्नपूर्णा रसोई से संतों श्रद्धालुओं के लिए भोजन उपलब्ध कराने की घोषणा की। कृष्ण कृपा धाम के महाराज, मोर कुटी आश्रम के संत, हनुमान दल के अध्यक्ष लाला पहलवान, मान मंदिर बरसाना के संत, भाजपा सांसद मनोज तिवारी एवं वृंदावन के अनेक साधु संत मौजूद रहे।

## पीएम की मां पर टिप्पणी का मथुरा में जोरदार विरोध

**●-भाजपा महिला मोर्चा ने प्रदर्शन के बाद दिया धरना**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी महानगर में भाजपा महिला मोर्चा ने प्रधानमंत्री की दिवंगत माता के खिलाफ की गई टिप्पणी का रविवार को होली गेट पर धरना देकर विरोध किया। वहीं भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मुदिता शर्मा ने कहा कि बिहार में प्रचार के दौरान कांग्रेस नेता प्रधानमंत्री की स्वर्गीय माता के बारे में अपशब्द बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वोट और सत्ता के लिए कांग्रेस नेताओं का स्तर लगातार गिर रहा है। वही भाजपा महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष पूजा चौधरी ने कहा कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 140 करोड़ देशवासियों की सेवा में दिन-रात समर्पित हैं।उन पर अमर्यादित और घृणित टिप्पणी राजद-कांग्रेस की नीचता की पराकाष्ठा है। महागठबंधन की सोच इतनी नीचे गिर चुकी है कि वे प्रधानमंत्री की स्वर्गवासी माताजी के लिए भी अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर रहे।वही मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया। यह केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही नहीं बल्कि हर भारतीय मां और महिला के सम्मान पर हमला है। बिहार की मर्यादा और संस्कृति को बदनाम करने का प्रयास करने वाली राजद कांग्रेस को बिहारवासी कभी माफ नहीं करेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि बिहार का एक एक बेटा, हर बिहारी मां के सम्मान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगा और ऐसे अपमान को किसी भी कीमत पर सहन नहीं करेगा.कार्यक्रम में पूर्व पार्षद सोनू गौड़, पूनम, पूजा, कृष्णा, रामदुलारी, अजना, सोनू, वंदना, छाया, अनीता, साधना, ममता, सुनीत समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बेशर्म खनिज विभाग की लचर व्यवस्थाओं ने फिर लील लीं दो जिंदगियां

**● पसवारा में संचालित पत्थर खदान दरकी दो मजदूर घायल दो की मौत मचा कोहराम**

**बुंदेलखंड में फैला यह कारोबार अब तक ले चुका है लाखों जाने हजारों हुये विकलांग**

**घटना को लेकर उठे शोर का चंद सिक्कों के बल पर घोंट दिया जाता है यहां गला**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**







**इसरार पठान**

**बुंदेलखंड ।** खनिज विभाग की लचर कार्यप्रणाली ने फिर दो खनन मजदूरों की जान ले ली। रविवार को ग्राम पसवारा स्थित एक खदान का बड़ा हिस्सा दरक गया जिसकी चपेट में आकर दो मजदूरों की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य घायल हैं। बुंदेलखंड में खनन मजदूरों की मौत का सिलसिला थामे नहीं थम रहा है। यहां हर दिन कोई न कोई गरीब बेशर्म हो चुकीं व्यवस्थाओं भेंट चढ़ जाता है। यहां घटना के बाद उठने वाले नियमों के शोर और मौतों के बाद कथित कार्यवाही के ढोंग से कमोवेश हर कोई परिचित है, चंद घंटों की हलचल के बाद सब समान्य हो जाना यहां रोज की कहानी है। उक्त कारोबार से रसूखदार पूंजीपतियों का जुड़ाव और उनके प्रभाव व पैसे की धुन पर नाचती कथित नियमों की लाश न चाहते हुये भी मृतक मजदूरों के परिवारीजनों को सब्र अथवा समझौते के पायदान पर पहुंचा देती है। नतीजतन पहले से नियमविरूद्ध चल रही अवैध खनन की गाड़ी मजदूरों की कथित कब्रगाह पर दुगनी रफ्तार से दौड़ पड़ती है। समूचे बुंदेलखंड में धड़ल्ले से चल रहे इस कथित मौत के कारोबार में अब तक लाखों जिंदगियां डूब चुकीं हैं। अकेले पत्थर मंडी कबरई की बात करें तो यहां इस कारोबार की चपेट में आकर मरने व अपाहिज होने वालों की एक बड़ी संख्या कागजों में कैद है। कभी कबरई तक सीमित रहा यह कारोबार अब कुकुरमुत्ते की तरह समूचे बुंदेलखंड में फैल चुका है। अकेले महोबा जनपद के दर्जन भर से अधिक गांव इस करोबार की ज़द में हैं कबरई, डहर्रा, पसवारा, मामना और कुम्हरोड़ा तो क्रेशर उद्योग के बड़े हब बन चुके हैं।

महोबा के आलावा बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, झांसी और ललितपुर में भी इस उद्योग की जड़ें बेहद गहरा चुकी हैं। भारी मुनाफे की लालसा ने पत्थर कारोबार को उद्योग की शक्ल दे दी है। इस कारोबार से उत्पन्न राजस्व के सहारे सूबे का सरकारी खजाना लबालब हो रहा है तो इसी के बलबूते आने वाली अतिरिक्त आमदनी से वह तमाम अधिकारी कर्मचारी इतरा रहे हैं जिनका परोक्ष अथवा अपरोक्ष रूप से इस कारोबार में दखल व जुड़ाव है। सरकार एवं प्रशासनिक तंत्र के अलावा खनन कारोबारी भी खनन आमदनी के बलबूते खूब चिकने हो रहे हैं। सरकार, नौकरशाही व पूंजीपतियों के लिये वरदान पत्थर उद्योग मेहनतकश मजदूरों के लिये कल भी अभिषाप था आज भी है। रविवार को ग्राम पसवारा स्थित पहाड़ पर घटी घटना ने पुनः जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े दिये। मजदूरों की मौत अथवा घायल हो जाने पर कथित बिचौलियों की भूमिका निभाने वाला सरकारी तंत्र जिम्मेवारियों के मामले में अंधा सा हो जाता है। जानकार बताते हैं कि अकेले महोबा जनपद में दर्जनों ऐसे पहाड़ हैं जो खुलेआम नियमों को ठेंगा दिखा रहे हैं। उक्त पहाड़ों पर तय लिमिट से अधिक विस्फोटक का इस्तेमाल, बिना सुरक्षा इंतजाम मजदूरों से काम लिया जाना और सरकारी नियमावली की अनदेखी कोई नई बात नहीं। इन पहाड़ो के आस-पास बसे गांवों के लोग यहां होने वाली ब्लास्टिंग से खासे दहशतज़दा रहते हैं। जानकारों की माने तो नियमों का पालन कराने वाला खनिज विभाग मोटी मलाई और रसूखदार कारोबारियों से करीबी बनाये रखने के लालच में सूरदास बन चुका है।

**घटना की होगी जांच पीड़ितों के परिवार को मिलेगा मुआवजाः एसडीएम**

रविवार को ग्राम पसवारा स्थित पहाड़ पर हुये हादसे को लेकर प्रशासन हरकत में है। सूचना पाकर मौके में पहुंचे उपजिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर तथा कोतवाली प्रभारी मनीष पाण्डेय ने घटना स्थल का मुआयना किया और मुतकों के परिवारीजनों से मुलाकात भी की। एसडीएम सदर शिवध्यान पाण्डेय तथा सीओ दीपक दुबे ने घायल तथा मरने वालों को मुआवजा दिलाये जाने जैसे वादे के साथ घटना की उच्चस्तरीय जांच कराये जाने का आश्वासन भी दिया। मरने वालों की पहचान मकरबई ग्राम निवासी सलीम पुत्र छुन्ना 38 व नारायण सिंह पुत्र बाबू सिंह 35 के रूप में की गयी, जबकि मकरबई निवासी हसन पुत्र जुम्मन 35 को गंभीर घायलावस्था में हायर सेंटर रिफर कर दिया गया। बतौर मशीन आपरेटर काम करने वाले ग्राम बमराra निवासी शिवम को मामूली चोट बताई जा रही है। सीओ दीपक दुबे।